रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 15 जून 2024, वर्ष-25, अंक-133, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संसेक्स 76,992.77 ↑ +181.88

डॉलर 83.551 ↓ -0.002

रांची सर्राफा

10 ग्राम 71,240

01 किलो 95,000

पेज 12



शिक्षा मंत्री से मिले नीट अभ्यर्थी, कहा न्याय का मिला...

## एक नजर

### आधुनिक हथियार के साथ तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा पुलिस टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आधुनिक हथियारों से लैस तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उग्रवादियों के पास से दो हथियार और 355 कारतूस बरामद किए गए हैं। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की टीएसपीसी कमांडर महेंद्र गंझू उर्फ पाल्टा, छोटू भुईयां, इरफान गंझू उर्फ मनोज उर्फ सुरेंद्र गंझू अपने दस्ता शेष पेज 11 पर

### सीएम जमशेदपुर में कल फ्लाईओवर का करेंगे शिलान्यास

**रांची ।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन 16 जून को पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर मानगो स्थित गांधी मैदान में शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर जमशेदपुर के डीसी ए. मित्तल सहित अन्य अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन ने इसका शिलान्यास किया था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। अब सीएम चम्पाई सोरेन के शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य आरम्भ हो जायेगा।

## आज कल




व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# गढ़वा में ट्रक-ऑटो की टक्कर, पांच की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा मुड़ीसेमर मार्ग पर श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। घटना गुरुवार देर रात की है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के पुत्र बिमलेश कुमार कनोजिया 42 वर्ष, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के सुरेश भुइयां के पुत्र अरुण भुइयां 30 वर्ष, इसी गांव के रमाशंकर भुईयां के पुत्र बिकेश भुईयां 20 वर्ष, विनोद भुईयां के पुत्र राजा कुमार 21 वर्ष एवं रामवृक्ष भुईयां के पुत्र राजकुमार भुईयां 53 वर्ष शामिल हैं। जबकि घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश भुईयां, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली गांव के रामचंद्र भुईयां के पुत्र छोटूलाल भुईयां, रमना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर गांव के महावीर भुईयां के पुत्र उमेश भुईयां, रामप्रसाद भुईयां के पुत्र राकेश भुईयां, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी एवं रामचंद्र भुईयां के पुत्र संजय भुईयां शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार उप सभी लोग एक ही आटो में सवार होकर सिलियाटोंगर गांव से गुजरात के जामनगर जाने के लिए आटो में सवार होकर निकले थे। उन सभी को नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस पकड़ना था। इस दौरान जतपुरा गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने आटो में टक्कर मार दिया।



### मृतकों में शामिल

- रमना थाना क्षेत्र के अरुण भुइयां, बिकेश भुईयां, राजा कुमार व राजकुमार भुईयां
- यूपी के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के बिमलेश कुमार कनोजिया भी

### मुख्यमंत्री योगी ने मौत पर जताया दुख



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सोनभद्र के विंढमगंज थाना क्षेत्र से सटे झारखंड बॉर्डर पर गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से 3 यात्रियों की मौत, कई घायल

### इंजन में आग लगने की सूचना के बाद भाग रहे थे यात्री

**लातेहार।** लातेहार जिले के कुमंडीह स्टेशन के पास शुक्रवार की रात मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने की है। जानकारी के अनुसार रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची से चलकर सासाराम जा रही थी। इसी दौरान लातेहार जिले के कुमंडीह




स्टेशन के पास अचानक यह अफवाह फैली की रेल के इंजन में आग लग गई है। इस अफवाह के बाद अचानक रेल यात्रियों में भगदड़ मच गई और सभी लोग रेल के डब्बे से उतरने लगे। कुछ लोग प्लेटफार्म के विपरीत दिशा में रेलवे लाइन पर उतर गए। इसी दौरान सामने से एक मालगाड़ी आ गई। जिसकी चपेट में कई यात्री आ गए। इनमें तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की पुष्टि लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने भी की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और बचाव कार्य जारी है।

## जमशेदपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 3 की मौत

**पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)।** जिले के गोविंदपुर हॉल्ट पर ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक पुरुष और दो बच्चे हैं। मृतकों की अबतक पहचान नहीं हो पाई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि गोविंदपुर रेलवे हॉल्ट के पास से सुबह एक ट्रेन गुजर रही थी। इस दौरान पोल संख्या 242/सी के पास ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। शवों को एमजीएम मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। गोविंदपुर थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर ने सुबह फोन पर घटना की सूचना दी। घटना गोविंदपुर हाल्ट से थोड़ी दूरी पर हुई है। पुलिस आत्महत्या के बिंदु पर भी जांच कर रही है। शव को देखकर लगता है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हादसा हुआ है। शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों की मदद ली जा रही है। पहचान होने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

## किसानों के 2 लाख तक के ऋण होंगे माफ

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने कहा है कि किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा है। 31 मार्च 2020 तक किसानों द्वारा लिया गया 50 हजार से लेकर दो लाख तक के ऋण को वन टाईम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किये जायेंगे। इसके लिये सभी बैंकों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। वह आज नेपाल हाउस स्थित सभागार में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारियों के साथ केसीसी लोन सहित कृषि कार्य के लिए किसानों द्वारा लिए गये ऋण



*वन टाइम सेंटलमेंट के माध्यम से माफ किए जाएंगे कृषि ऋण*

की माफी योजना को लेकर बैठक कर रहे थे। मंत्री ने बैठक में बताया कि राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक ऐसे किसानों को राहत दी है, जो बैंक ऋण की वजह से चिंताग्रस्त रहते थे। राज्य के करीब 4 लाख 73 हजार से ज्यादा किसानों के 50 हजार रुपये तक के ऋण माफ किये जा चुके हैं। इस मद में सरकार द्वारा 1900 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों को दी गयी है। विदित हो कि 2021-22 में सरकार ने किसानों को राहत देने के मकसद से 50 हजार रुपये तक की राशि के ऋण को माफ करने की घोषणा की थी। अपने वादे के मुताबिक सरकार ने वैसे सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया है, जिनकी केवाईसी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बहुराज्यीय भूमि सहकारी विकास बैंक समिति, पटना के 10 हजार ऋणी किसानों के कर्ज माफ करने पर विचार किया गया। लोन लेने वाले शेष पेज 11 पर

## बेटियों का पलायन व कुपोषण चुनौती : अन्नपूर्णा

- *आज देश में मोदी की गारंटी मतलब विकास की गारंटी है, भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन युक्त सरकार*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मोदी सरकार 3.0 में महिला-बाल विकास मंत्रालय की कैबिनेट मंत्री अन्नापूर्णा देवी व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में अन्नापूर्णा देवी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी महिला और बच्चों ही है, जिनके विकास के लिए उन्हें काम करना है। लेकिन



सबसे ज्यादा चुनौती अपने राज्य की बेटियों का पलायन रोकना और बच्चों का कुपोषण से बचाव करने की है। इस कार्य में उन्हें आप सभी का सहयोग की जरूरत है। तभी हम झारखंड में पलायन और कुपोषण से निपट सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अन्नापूर्णा देवी ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष है और लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने हम पर पूरा भरोसा किया है। अब राज्य में डबल इंजन की सरकार बनानी है। राज्य की जनता और युवाओं-महिलाओं के साथ गठबंधन की सरकार ने छल किया गया है, उन्हें घोखा दिया गया है। झारखंड को पूरे देश में बदनाम किया है। जिसकी पीड़ा लोगों में काफी है और वह लोकसभा चुनाव में लोगों का दर्द भी छलका। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है। 140 करोड़ देश वासी हमारा परिवार है। आज देश में मोदी की गारंटी मतलब विकास की गारंटी है, भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन युक्त सरकार है।

राज्य सरकार पर निशाना साधते कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव के दौरान जनता को झूठे के वादों में फंसाया। जनता को भ्रमित किया, वोट के लिए जनता के समक्ष दुष्प्रचार और अफवाहें फैलायी, लोगों के बीच गारंटी कार्ड बांटा।

## कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गए 45 भारतीयों के शव भारत लाए गए

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों के शव शुक्रवार को वायुसेना के एक विशेष विमान भारत लाए गए। विमान दोपहर कोच्चि पहुंचा, जहां केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मृतकों में केरल से 23, तमिलनाडु से 7, आंध्र प्रदेश से 3, उत्तर प्रदेश से 3, ओडिशा से 2 और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से एक-एक हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार कुवैत



के मंगफ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जहां भारतीय कामगारों शेष पेज 11 पर

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में पेपर लीक और कदाचार के अन्य मामलों में सिर्फ एक पक्ष के कहने पर सीबीआई जांच का आदेश नहीं दे सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने एक वकील के आवेदन पर सुनवाई के दौरान कहा, हमने याचिका पर विचार किया। हम एक पक्ष के कहने पर आदेश नहीं सुनाते हैं। कैसी सीबीआई जांच? क्या सिर्फ एक पक्ष को सुनकर आज के आज सीबीआई जांच का आदेश दिया जा सकता है? क्या आपकी यह मांग है? वकील ने मामले में तत्काल सीबीआई जांच की मांग की थी। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे, शेष पेज 11 पर

## राष्ट्र निर्माण में सेना का योगदान अहम : मंत्री

- *रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची मिलिट्री स्टेशन का दौरा किया। 11 जून 2024 को रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला दौरा था, जिसमें उन्होंने सशस्त्र बलों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या। रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि



अर्पित कर भारतीय सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर सैन्य अधिकारियों ने उन्हें रांची छावनी का दौरा कराया, जिसमें परिचालन तैयारियों के साथ-साथ कर्मियों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए की गई पहलों और उपायों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने सैनिकों से बातचीत की और भारतीय सेना के समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान की सराहना की।

## इंडिया



सुनील बादल

**अर्थव्यवस्था की नजर से दुनिया के 9 सबसे बड़े देशों में से सात जी 7 में हैं। जी 7 के सातों देशों की अर्थव्यवस्था 45 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया की जीडीपी में इन सात देशों की हिस्सेदारी 43 फीसदी है।**

## सबसे शक्तिशाली देशों के संगठन जी 7 का मुख्य अतिथि भारत

जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलिया में आयोजित हो रहा है। बतौर मुख्य अतिथि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमें शामिल होने के लिए पहुंच चुके हैं । विश्व के सबसे धनाढ्य 7 देशों के समूह के समिट में यूक्रेन-रूस जंग और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाए रहने की संभावना है। जी7 दुनिया के सात सबसे ताकतवर और औद्योगिक लिहाज से सबसे समृद्ध देशों का संगठन है। यह संगठन कई तरह से दुनिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जी7 नेटो, एव या वठ की तरह कोई आधिकारिक संगठन नहीं है लेकिन इसने कई वैश्विक समस्याओं को हल करने में बड़ी भूमिका निभाई है।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 50वीं जी 7 बैठक में हिस्सा ले रहे हैं।

भारत जी 7 का सदस्य नहीं है लेकिन एक विशेष महत्वपूर्ण देश के रूप में इस बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला है।अर्थव्यवस्था की नजर से दुनिया के 9 सबसे बड़े देशों में से सात जी 7 में हैं। जी 7 के सातों देशों की अर्थव्यवस्था 45 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया की जीडीपी में इन सात देशों की हिस्सेदारी 43 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में दुनिया के 15 टॉप के देशों में से सात जी 7 के सदस्य हैं। जी 7 देश दुनिया के 10 सबसे बड़े निर्यातकों में शामिल हैं। इसके अलावा, जी 7 के सदस्य देश यूनाइटेड नेशंस को डोनेशन देने वाले टॉप 10 देशों की लिस्ट में भी हैं। अब जो देश पूरे विश्व में इस तरह की भूमिका निभा रहे हों तो यह समझना



कठिन नहीं है कि दुनिया की राजनीति में जी 7 की क्या भूमका है। वैसे जी 7 देशों ने अतीत में चेर्नोबिल न्यूक्लियर डिजास्टर, एचआईवी एड्स और मलेरिया के लिए फंड जुटाने, क्लाइमेट चेंज से निपटने और लैंगिक समानता जैसे मामलों पर बड़ी भूमिका निभाई है। 1975 में जब जी7 बना तो शीत युद्ध का दौर था। एक तरफ सोवियत संघ और उसके समर्थन वाले देश थे। जिन्होंने मिलकर वॉरसा के नाम से एक ग्रुप बनाया था। इसे काउंटर करने के लिए वामपंथ विरोधी पश्चिमी देश जैसे फ्रांस, इटली, वेस्ट जर्मनी (उस समय जर्मनी दो टुकड़ों में बंटा था) अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और कनाडा एक मंच पर आए। 1998 में जी 7 संगठन के दूसरे फेज की शुरूआत होती है। सोवियत रूस कई टुकड़ों में बंट चुका था। शीत युद्ध खत्म हो गया था। तभी रूस को इसमें शामिल किया गया। इस समय रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन थे। तब रूस की पॉलिसी भी अमेरिका और पश्चिमी देशों के समर्थन वाली थी। जी 7 में रूस के शामिल होने के बाद इसका नाम जी8 हो गया। 2014 में क्रिमिया में रूस की घुसपैठ के बाद उसे संगठन से बाहर कर दिया गया था।भारत 11 बार इस समिट में शामिल हो चुका है। पिछले 5 साल से लगातार इसे गेस्ट के तौर पर बुलाया जा रहा है।

1980 के दशक में जी 7 देशों की जीडीपी दुनिया की कुल जीडीपी की करीब 60 फीसदी थी। अब यह घटकर करीब 40 फीसदी रह गई है। जी 7 के प्रभावशाली देशों के अलावा भविष्य में इसका प्रभाव और कम होने की संभावना है। भारत जी7 का नया सदस्य बन सकता है। इसकी कई वजह हैं। रक्षा खर्च के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद ब्रिटेन के बराबर है और फ्रांस, इटली और कनाडा से ज्यादा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, इसलिए जी 7 हर साल भारत को आमंत्रित करता है और दुनिया के हर बड़े मुद्दे पर उसके साथ चर्चा करना चाहता है। हालांकि भारत कई मुद्दों को लेकर जी 7 देशों से सहमत नहीं है।

जैसे क्लाइमेट चेंज और बिजनेस-ट्रेड। ऐसे में जी 7 की बैठक में शामिल होकर हम विकासशील देशों का नजरिया जी 7 के अमीर देशों के सामने रख सकते हैं। हालांकि, भारत का रोल डिसीजन मेकिंग में काफी लिमिटेड है। ये देश अलग-अलग तरीकों से अपने किसानों को सब्सिडी देते हैं, लेकिन भारत, चीन और दूसरों को ऐसा करने से रोकते हैं। जब भारत सरकार अपने किसानों को सब्सिडी देती है तो दुनिया में भारत का अनाज अमेरिका जैसे देशों के अनाज से ज्यादा सस्ता हो जाता है। इससे पश्चिमी देशों को नुकसान होता है।ये देश जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए दूसरे देशों को कोयले के इस्तेमाल से रोकते हैं। जबकि खुद कोयला इस्तेमाल करके ही ये देश विकसित हुए हैं। ऐसे में भारत की स्थिति मजबूत लेकिन तलवार की धार पर चलने जैसी है । इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने चुनाव से पहले ही उन्हें इस समिट का न्योता भिजवा दिया था। हालांकि, ये पहली बार नहीं जब भारत को इस संगठन ने गेस्ट के तौर पर बुलाया हो। अब देखना है भारत मोदी के व्यक्तित्व की सराहना के अलावा क्या लेकर आता है और वैश्विक स्तर पर क्या प्रभाव छोड़ पाता है?

## चारों धामों में दर्शन के लिए निर्धारित सीमा समाप्त

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सामान्य रूप से संचालित हो रही है। रोजाना देश-दुनिया से श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। इस बीच चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रोजाना निर्धारित संख्या को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गढ़वाल आयुक्त एवं चारधाम यात्रा प्रशासन के अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय की ओर से यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर ऋषिकेश व हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त करने का निर्णय लिया है। विनय शंकर पांडेय ने बताया है कि वर्तमान में चारों धामों में भीड़ सामान्य होने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जनहित में यह निर्णय लिया गया है कि यात्रियों की सुविधा के लिए ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए जो कोटा निर्धारित किया गया था।

## एक नजर

### थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**मांडर / चान्हो।** थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। मांडर थाना में बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार आपसी भाईचारगी और अमन का पैगाम देती है। हमें मिलजुलकर एक दूसरे के खुशियों में शामिल रहना चाहिए। थाना प्रभारी राहूल ने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहने एवं ऐसा कोई भी कार्य नहीं करने जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सोशल मीडिया से दूर रहने एवं अपने विवेक से कार्य करते हुए परस्पर भाईचारा बनाए रखने की बात कही। मौके पर मांडर मांडर थाना प्रभारी राहुल, तबारक खान, रामबालक ठाकुर, बिरसा पाहन, मुदीन अंसारी,भरत मांझी, ब्रह्मानंद सेन गुप्ता, मुखिया अनिता उराव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कार की चपेट में आई स्कूटी, पुरुष का पैर कटा, महिला भी घायल

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के सेक्टर 3 में शुक्रवार की दोपहर गोलचक्कर के पास कार और स्कूटी के बीच भीषण टक्कर हो गई। स्कूटी पर एक पुरुष और एक महिला सवार थी। वे अपनी गाड़ी को मोड़ रहे थे कि पीछे से आ रही एक कार ने धक्का मार दिया। इस दुर्घटना के बाद स्कूटी पर सवार पुरुष और महिला सड़क पर आगे फेका गए। घायल पुरुष का पैर पूरी तरह से अलग हो गया है। वहीं, महिला के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। दोनो को धुर्वा स्थित पारस अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद धुर्वा थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। एफआइआर के लिए परिवार वालों को सूचना भेजी गई थी।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर का वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 21 जून से

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 21 जून से प्रारंभ होगा। यह आयोजन 23 जून तक चलेगा । इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। श्रीश्रीनिवास- पद्मावती के मंगलमय विवाहोत्सव को लेकर साज सज्जा एवं विविध कार्यों का शुरुआत हो चुकी है। यह जानकारी मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया ने दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष के महोत्सव को भी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह के सारे आयोजित कार्यक्रम जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा।

### बाल विवाह और महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने की रणनीति बनाने पर जोर

**रांची।** बाल विवाह का समापन परिवार, समाज और देश के विकास के लिए जरूरी है। यह घर से प्रारंभ होकर पूरे समाज को प्रभावित करता है। सरकार बाल विवाह के समापन के लिए प्रयासरत है लेकिन इसके लिए सरकार के विभिन्न विभागों और सामाजिक संथाओं का सम्मिलित निरंतर प्रयास जरूरी है।

# न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई लूट से सहमा है व्यवसायी वर्ग

**अमित कुमार**

रांची। न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में जिस तरह से दिनदहाड़े लूट हुई, उसके बाद स्थानीय आभूषण विक्रेता डरे हुए है। उन लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि सोना के आभूषण को रोज लाना और ले जाना काफी काफी जोखिम भरा काम है। दुकान में रखते हैं, तो चोरी का डर बना रहता है। और, अब तो हद है कि लुटेरे ग्राहक बन कर आएंगे और फिर बंदूक अड़ा कर सारा सामान ले जाएंगे। यह भी चर्चा हो रही है कि व्यवसायी को पूंजी बनाने में सालों लग जाता है और एक ऐसी घटना से वह दशकों पीछे चला जाता है। ऐसे में आगे बढ़ने की कल्पना कैसे की जा सकती है।




> देश का आधार उद्योग-व्यवसाय से जुड़ा है और व्यापारी वर्ग असुरक्षित होंगे, तो व्यवसाय पर इसका खराब प्रभाव पड़ेगा। सरकार को सबसे अधिक टैक्स व्यवसायी वर्ग देते हैं, जिसका सदुपयोग सरकार जनकल्याण कार्यों में करती है। व्यवसायियों की सुरक्षा पर चैंबर सरकार से जल्द बात करेगी।
>
> आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष, एफजेसीसीआई।

**आभूषण दुकानदार से आंखों देखी बात**

**पहली बार आई थी संचालक की दादी, बंदूक अड़ा कर लूटा सारा जेवर :** अशोक किराना स्टोर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि संयोग से उस दिन न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के संचालक की दादी अपने नौकर के साथ दुकान खोलने आई थी। तभी ग्राहक बनकर दो लोग अंदर घुसे और आभूषण दिखाने को बोला। इसके लिए दादी और उनके स्टाफ ने तिजोरी खोली, तिजोरी के खुलते ही दोनों लुटेरे ने बंदूक निकाल कर दादी के कनपट्टी में अड़ा दिया। वहीं, स्टाफ के गले पर चाकू रखे हुए था। इसी बीच सारे सामान को एक झोले में डाल कर अपने बंदूक को हाथ में लहराते हुए बाहर निकल गए। बाहर में एक गाड़ी में बैठ कर इंतजार कर रहा तीसरे साथी के साथ वे बैठ कर फरार हो गया। स्थानीय लोग समझ नहीं पाए। जबकि, दादी चिल्ला रही थीं, सब ले गया, सब ले गया। जबतक लोग समझते, तब तक तीनों लुटेरे फरार हो चुके थे।

**इस घटना से कमर टूट गई है : संचालक की पत्नी :** घटना के बाद न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के संचालक दीपक साहू की पत्नी ने कहा कि इस घटना ने हमारी कमर तोड़ कर रख दी है। परिवार में सभी कोई भूखे प्यासे चिंता में पड़े हुए हैं। हम सभी काफी थक चुके हैं। ऐसे में अब तक सैकड़ों लोग जानकारी लेने आ चुके हैं। अब किसी को कुछ बताने की स्थिति में हम सभी नहीं हैं।

**आभूषण विक्रताओं ने क्या कहा :** शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक सोना-चांदी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता में होगी। इसके बाद संघ अपना निर्णय लेगा। संभवतः अपनी सुरक्षा को लेकर फैसला लिया जाएगा। इसके बाद चैंबर के सहयोग से सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास होगा। **अनिल अलंकार ज्वेलर्स।**

पहली बार ऐसी घटना बजरा क्षेत्र में हुई है। इस घटना से हम लोग काफी आहत हैं। ऐसी घटना किसी के साथ भी हो सकती है। ऐसे में सुरक्षा सर्वोपरी होनी चाहिए।
**बालाजी ज्वैलर्स**

देश विकास की ओर अग्रसर है और यहां व्यवसायी डरे-सहमे व्यवसाय करने को मजबूर हैं। ऐसे में वे लोग अपने विकास के बारे में कैसे सोचे। सरकार द्वारा अच्छा माहौल देने की जरूरत है।
**अंशु ज्वेलर्स**

## भयमुक्त होकर करें व्यवसाय सरकार देगी पूरी सुरक्षा : बन्ना गुप्ता



रांची। रांची के पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने पीड़ित दुकानदार और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। साथ ही, मौके पर उपस्थित सिटी एसपी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजें।मंत्री ने पुलिस गश्ती बढ़ाने, अपराधियों पर नकेल लगाने, नशाखोरी रोकने, रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधमुक्त रांची बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यवसायी भयमुक्त होकर व्यवसाय करें। सरकार पूरी सुरक्षा देगी।दूसरी ओर, मंत्री बना गुप्ता ने धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय अग्रवाल के घर चोरी की घटना का भी संज्ञान लेते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारियों से फोन पर बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पंडरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े लगभग 45 लाख रुपये के आभूषण लूट लिए थे। मामले को लेकर दुकान के संचालक दीपक साहू ने पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# हिंडाल्को के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

हिंडालको लिमिटेड के सौजन्य से बिसरिया गांव में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाने और ग्रामीण समुदाय की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से हिंडालको ने एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्षक एवं हिंडालको के चिकित्षक के टीम के द्वारा जांच किया गया` यह शिविर गांव के सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया था और इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन हिंडालको के एच आर हेड अरुण कुमार राय एवं सिल्ली समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. प्रियंका सिन्हा,बिसरिया पंच्रयत के मुखिया जितनी देवी, सिल्ली प्रखंड के उपप्रमुख आरती देवी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया क शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण,महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं, निशुल्क दवाइयों का वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और परामर्श टीबी रोक थाम के लिए जागरूकता शिविर, फाइलेरिया रोक थाम के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के एच आर हेड अरुण राय ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक करना है। इस शिविर के माध्यम से हम बिसरिया गांव के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सफल हुए हैं।



# लापुंग के खटंगा सरना टोली का मजदूर पांडिचेरी से लापता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के ककरिया पंचायत के सरना टोली निवासी 43 वर्षीय मजदूर तेंबा उरांव केंद्र शासित प्रदेश पांडिचेरी से लापता हो गया है। वह अपने साथियों पोकटा निवासी जेवियर उरांव उर्फ भोकरे और कार्तिक कोंदा के साथ मिलकर 30 मई को गांव से निकला और एक जून को पांडिचेरी जिले का थवाला कूपन पहुंचा था। वहां जी सेवला राज एनपीओ कंपनी में काम करने वाला था। उसे मजदूरों का खाना बनाने के लिए ले जाया गया था लेकिन उसकी पत्नी मीना उराईन ने बताया कि उसके पति को जेवियर उरांव और कार्तिक कोंदा पाइप लाइन में काम करना है बोलकर ले गया था। एक जून को वहां पहुंचा और मालिक के घर में रुका था दो जून को दिन भर सही सलामत था और तीन जून के भोर में बाहर निकाला और फिर वापस नहीं लौटा। जेवियर उरांव ने बताया कि उसने काला रंग का शर्ट पहन रखा था। लेकिन निकला और फिर वापस नहीं लौटा। अनजान सी जगह में उसके लापता हो जाने से उसके सभी साथी और उसका पूरा परिवार परेशान हो गया है। जेवियर उरांव ने बताया कि उसके वापस नहीं लौटने पर कंपनी के मालिक ने पांडिचेरी में ही गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई है। लगातार 12 दिनों तक पति के गायब रहने से पत्नी मीना उराईन के साथ साथ पूरा परिवार भारी परेशान है। मीना उराईन ने लोगों से अपील किया है कि उसके पति को खोज निकालने में उसकी मदद करें।

# तनाव प्रबंधन वर्तमान समय की मांग : दीपाली पराशर




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

प्रखण्ड के कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान के डॉक्टर अमन सबा ने कहा कि महाविद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। जिससे विद्यार्थी बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो। विशेषज्ञ कल्पना टोप्पो ने कहा कि तनाव साकारात्मक व नाकारात्मक दोनो होता है। बस आवश्यकता इस बात की है कि हमे यह कौशल विकसित करना है कि इस तनाव से बाहर कैसे निकला जाय। विशेषज्ञ द्रौपदी कुमारी ने कहा कि टेलीमानस मानसिक समस्याओ के निदान मे पुरे भारत मे झारखण्ड दूसरे स्थान पर है। यदि युवा जागरूक हो तो यह प्रथम स्थान पर आ सकता है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थी। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि कोरोना काल के बाद युवाओं में तनाव की समस्या काफी देखने को मिल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय ने केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थाम से संपर्क कर युवाओं को लाभान्वित करने का प्रयास किया। कार्यशाला मे आये अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से पौधा, बैग और शॉल देकर सम्मानित किया गया।

## बकरीद को लेकर सिल्ली थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

# त्योहार के दिन को बलिदान का प्रतीक माना जाता है : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली थाना परिसर में शुक्रवार के दिन संध्या 5 बजे सिल्ली थाना और मुरी ओपी के द्वारा संयुक्त रूप से बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अवर निरीक्षक रामदेव कुमार यादव ने किया। सिल्ली अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का ने कहा कि बकरीद मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार में से एक है। इस दिन बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इस्लाम धर्म में बकरीद के दिन को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। बकरीद को ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है। प्रांगण में उपस्थित लोगों से अपील किया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाएं। सिल्ली पुलिस निरीक्षक हंसे उरांव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में अफवाह या गलत सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी को मिलकर त्योहार के माहौल को स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी प्रयास करना चाहिए। किसी प्रकार का भ्रमित खबर मिलने पर तुरंत थाना को सूचित करें ताकि त्योहार में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो।शराब पीकर उद्दंडता करने वाले और असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। मौके पर अवर निरीक्षक पंकज कुमार यादव, विनोद कुमार चौधरी, शर्मिला कुमारी, मोहम्मद फारूक, गोपाल केडिया, भागवत सोनार, मोहम्मद यासीन, शफीउद्दीन अंसारी, बदरुद्दीन मोमिन, कुतुबुद्दीन मोमिन, नागेंद्र नाथ गोस्वामी समेत आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



> क्षेत्र में अफवाह या गलत सूचना फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी को मिलकर त्योहार के माहौल को स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी प्रयास करना चाहिए

## कामयाबी

## अपने पूरे करियर में शानदार सफलताएं हासिल की

# प्रशासनिक क्षमताओं के धनी हैं पीएम मोदी के सलाकार अमित खरे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किसी मुद्दे पर बहुत विश्लेषण करोगे तो निर्णय लेने की क्षमता को लकवा मार देगा। यह बात आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर कुच्छल ने एमबीए की किसी क्लास में कही तो एक छात्र ने इसे अचूक मंत्र की तरह गांठ में बांध लिया। फिर क्या था, उस छात्र ने विषम परिस्थितियों में भी त्वरित निर्णय लेने की क्षमता अपने अंदर इस तरह विकसित कर ली कि उसने अपने पूरे करियर में शानदार सफलताएं हासिल की। यह कहानी है अमित खरे की, जिन्हें लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एडवाइजर नियुक्त किया गया है। अमित खरे बिहार-झारखंड कैडर के 1985 बैच के रिटायर्ड आईएएस हैं। उन्हें पहली बार अक्टूबर 2021 में दो साल के लिए पीएम मोदी का एडवाइजर नियुक्त किया गया था। इसके बाद 2023 में फिर से उनके कार्यकाल का विस्तार किया गया था। केंद्र में शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में 'नई शिक्षा नीति' बनाने में अमित खरे की अहम भूमिका रही है। उन्हें बिहार-झारखंड में बहुचर्चित 940 करोड़ के चारा घोटाले को उजागर करने वाले अफसर के रूप में सबसे ज्यादा याद किया जाता है।



### चाईबासा में पशुपालन विभाग में गड़बड़ियों को उजागर किया था

वर्ष 1996 में झारखंड के चाईबासा जिले के उपायुक्त के तौर पर जब पशुपालन विभाग में सरकारी राशि की गलत तरीके से निकासी की एक शिकायत मामूली तौर पर मिली थी, तो उन्होंने खुद इसकी तत्काल जांच की। इसके पहले के उपायुक्तों को भी ऐसी शिकायतें मिली थीं, लेकिन किसी ने गौर नहीं किया। खरे ने पहली नजर में ही भांप लिया कि यह बड़ी गड़बड़ी है और इसमें बड़े लोगों की संलिप्तता है। उन्होंने पशुपालन विभाग की ओर से ट्रेजरी में भेजे गए तमाम बिल रुकवा दिए। ब्लॉक के अफसरों को भी अलर्ट किया। गड़बड़ियों को अंजाम देने वाले अफसरों, सप्लायरों को भनक मिली तो उन्होंने फाइलें नष्ट करने की कोशिश की पर अमित खरे चौकस थे। उन्होंने विभाग के अफसरों को तलब किया तो वो कार्यालय छोड़कर भाग खड़े हुए।

# नरकोपी थाने में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**बेड़ो।** नरकोपी थाना में शुक्रवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर मुख्य रुप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि नरकोपी थाना क्षेत्र में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बकरीद के दौरान अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा अफवाहों से बचने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने कहा कि बकरीद जैसे पर्व को मिलजुल कर शांति पूर्ण तरीके से मनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंदरो में नरकोपी पुलिस नजर बनाए रखेगी। इस मौके पर समाजसेवी डुमरी निवासी तबारक अंसारी ने कहा कि नरकोपी थाना क्षेत्र में बकरीद का पर्व हमेशा से शांतिपूर्ण तरीके से मनाते आए हैं। हम अपनी भाईचारा, सौहार्दपूर्ण माहौल तथा मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाए जाने तथा क्षेत्र में अमन चैन और शांति के लिए पुलिस प्रशासन की मदद के लिए हम सभी सदैव तैयार हैं। वहीं समाजसेवी समसुद्दीन अंसारी और मुखिया विरेंद्र उरांव सहित राजकुमार ओझा ने कहा कि बकरीद पर कुबार्नी हमेशा की तरह पर्दे में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन और शांति हम सभी की प्राथमिकता है।

## न्यूज बॉक्स

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुरी शाखा में सेमिनार का हुआ आयोजन



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुरी शाखा में विभिन्न गांवों से आई महिलाओं के बीच सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय से आए मुख्य प्रबंधक विपिन बिहारी एवं सूर्य प्रकाश ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा लागू की गई योजना लखपति दीदी बनाने हेतु यूनियन बैंक हमेशा आप लोगों को मदद करने के लिए तत्पर है। आप लोग इसका अवश्य लाभ उठाएं। बैंक द्वारा अन्य क्रियान्वित योजनाएं जैसे स्वयं मदद ग्रुप योजना, यूनियन ग्रीन कार्ड के तहत बकरी पालन, कुक्कुट पालन, सूअर पालन एवं डेयरी तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना स्कीम के बारे में बताया। साथ ही साथ अन्य कृषि योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से महिलाओं को जानकारी दिया। सेमिनार में 60 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया।अंत में महिलाओं से अपील किया गया की बताए गए सारी योजनाओं का स्वयं लाभ ले और दूसरों को भी लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करें। सेमिनार का समापन रवि राजधन ने किया। इस मौके पर जेएसएलपीएस के अधिकारी गण, संतोष महतो, बीपी यादव समेत अन्य बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### रोबोटिक तकनीक घुटनों की सर्जरी के लिए वरदान है : डॉ एसएन यादव

**रांची।** राजधानी रांची में राम प्यारी अस्पताल के संचालक डॉ एसएन यादव की हड्डी रोग के विशेषज्ञ और बड़े सर्जन के रूप में एक अलग पहचान है। इन्हें लीडिंग ऑर्थोपेडिक सर्जन झारखंड के लिए सम्मानित किया गया है। उनकी कामयाबी के किस्से काफी लंबे हैं, लेकिन फिलहाल इन्होंने झारखंड में रोबोटिक सर्जरी लाकर एक क्रांतिकारी काम किया है। इसके माध्यम से वे घुटनों का सर्जरी कर रहे हैं। डॉ एसएन यादव बताते हैं कि विगत 25 सालों से वे कन्वेंशनल सर्जरी करते रहे हैं। इस दौरान इस सर्जरी में सही मेजरमेंट नहीं होने से मरीज को अधिक फायदा नहीं हो पा रहा था। ऐसे में रोबोटिक तकनीक एक वरदान साबित हुआ है। इसमें रोबोट के माध्यम से सही मेजरमेंट होता है। इसमें रोबोट को कमांड दिया जाता है और रोबोट सारा मेजरमेंट कर देता है। इसके बाद सर्जरी के तहत उसे सेट करने का काम सिर्फ हम लोगों का रह जाता है। अब तक हाथ से होने वाली सर्जरी में देखा गया है कि अगर सही कट न लगाया जाए, तो हड्डियों को नुकसान पहुंचता है। लेकिन, रोबोट द्वारा जब सर्जरी के लिए कट लगाया जाता है, तो इसका पैमाना सटीक होता है। इससे गलती की संभावना जीरो हो जाती है। इस तरह भगवान की बनाई संरचना में ना के बराबर नुकसान होता है और मरीज स्वस्थ होकर बेहतर जीवन जीने लगता है। उन्होंने कहा, यह तकनीक अभी महंगी जरूर है, लेकिन अन्य राज्यों से हमारे यहां बिल्कुल आधी कीमत पर होती है। जहां अन्य राज्यों में 5 लाख रुपये खर्च होते हैं, वहीं झारखंड में ढाई लाख रुपये लगते हैं। हमारा प्रयास है कि जल्द ही इसे डेढ़ लाख रुपये तक लाया जाए।

### बुढ़िया करम के दौरान गांव की आदिवासी महिलाओं ने भगवान इंद्रदेव से अच्छी बारिश की कामना की

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली में महतो, पाहन, पुजार के नेतृत्व में पौराणिक परंपरा के अनुसार बुढ़िया करम का आयोजन किया गया । बुढ़िया करम के दौरान गांव के सभी बुजुर्ग महिलाएं स्नान करके सुबह से ही गांव के देवी मंडप में पानी डालते हुए करम का डाली लाकर पाहन के आंगन में गाड़कर पूजा अर्चना किया । इस मौके पर गांव के महतो ,पाहन, पुजार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया और अच्छी बारिश की कामना की गई। इसी बुढ़िया करम के बाद ही गांव के सभी लोग खेतों की जुताई कुड़ाई में लग जाते हैं और धान का बिचड़ा वगैरह करने का कार्य करते हैं। इस बुढ़िया करम को मनाने का पौराणिक मान्यता है कि इंद्र भगवान को अच्छी बारिश हेतु खुश करने के लिए जेठ के महीने में मनाया जाता है। इस बुढ़िया करम को सफलतापूर्वक मनाने हेतु गांव के सभी बुद्धिजीवी बूढ़े बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से गांव के महतो लखो उरांव,पुजार मंगू उरांव ,पाहन सोमरा उरांव पाड़हा राजा विशाल उरांव गांव के समाजसेवी 12 व21 पाड़हा के सचिव चरवा उरांव ,दिलीप उरांव गोयंदी उराइन प्रमिला उराइन मंजू उरांव प्रीति तिर्की बुदू उरांव गोयंदा उरांव तेंबा उरांव जसमनी उराइन सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जिला समाज कल्याण कार्यालय के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

### जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का सरकारी भवनों में होगा संचालन, तैयारी शुरू



**रामगढ़।** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2023- 24 में किए गए कार्यों व 2024- 25 में किए जाने वाले कार्य योजना के संबंध में उपायुक्त को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की लंबित रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति हेतु आयोजित किए जा रहे आमसभा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र संचालन कर रहे आंगनबाड़ी सहिया सेविकाओं को बच्चों का उपस्थित डाटा गलत भरने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को जिले के सभी वैसे आंगनबाड़ी केंद्रों जो कि वर्तमान में सेविका या सहायिका के निजी भवनों में या अन्य भवनों में संचालित हो रहें है उन सभी भवनों का चिन्हित कर नए भवन निर्माण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया । साथ ही उपायुक्त ने वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमे बिजली, चापानल एवं शौचालय नही है में जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए नई ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों के क्रय हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

## रांची की ज्यादातर सड़कों पर ट्रैफिक जाम, स्कूली बच्चों से लेकर मरीज तक रहते हैं फंसे

# जनता है हैरान-परेशान, शासन-प्रशासन का यह कैसा अवसान

*ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को नहीं उठाया जा रहा कोई ठोस कदम*

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** 24 साल के युवा झारखंड की राजधानी रांची को देखने से लगता है कि अब तक अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई है। जिन मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इस राज्य का निर्माण हुआ था, वही जनता से कोसों दूर है। राज्य की राजधानी होने के नाते सभी बड़े कार्यालय, हॉस्पिटल आदि रांची में स्थित हैं। परिणामस्वरूप पूरे झारखंड के लोगों का रांची में आना लाजमी है। लेकिन, क्या सड़कों की हालत, भीड़ की उपस्थिति देखकर हम कह सकते हैं कि यह राजधानी की सड़कें हैं?

रांची में आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। बाहर निकलने वाले हर व्यक्ति को 24 घंटे में कम से कम एक घंटा सड़क जाम में बिताना पड़ता है। जहां के नागरिक दो घंटे सड़क जाम में समय बिताते हैं, कैसे उस राज्य का भला हो सकता है। दूर जिले से आए हुए लोगों का रांची में काम निपटाकर घर लौटने के समय जाम के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। न जाने सरकार को इस बारे में चिंता क्यों नहीं होती है? इस सड़क जाम के कारण विद्यार्थी, मरीज, कामकाजी महिलाएं, मजदूर, व्यापारी सभी लोग बहुत परेशानी झेलते हैं। वहीं, प्रशासन मौन है। आंखें मूंदे है। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। वर्तमान में एक फ्लाईओवर निर्माण किया जा रहा है, जो न जाने कब पूरा होगा। वर्तमान स्थिति को सुधारने का कोई विजन प्रशासन या सरकार के पास नहीं दिखाई दे रहा है। आखिर राजधानी रांची की जनता कब तक इस स्थिति को झेलेगी? यह यक्ष प्रश्न प्रतिदिन उन लोगों द्वारा पूछे जाते हैं, जो अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए झारखंड की राजधानी रांची की सड़कों पर निकलते हैं।

इधर, नाम और फोटो नहीं छापने की शर्त पर आम नागरिकों ने कहा कि ऑटो रिक्शा चालक बीच सड़क पर गाड़ी रोक कर सवारी को बैठाते-उतारते हैं। फुटपाथ पर दुकाने लगी रहती हैं, इस कारण पैदल यात्री वाले सड़क किनारे चलने पर विवश होते हैं। बस का स्टॉपेज नहीं है। टेंपो को परमिट नहीं मिली है, उनके लिए स्टैंड नहीं बना है। परमिट चेक करने के नाम पर पुलिस वाले पैसे वसूलते हैं। अब ऐसी स्थिति में जाम की समस्या से कौन निजात दिलाएगा।



**ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। वर्तमान में एक फ्लाईओवर निर्माण किया जा रहा है, जो न जाने कब पूरा होगा।**

### रांची में कम से कम 18 फ्लाईओवर चाहिए : सीपी

रांची के विधायक सीपी सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि कम से कम 18 फ्लाईओवर रांची में होने चाहिए। इसमें 8 की तो अभी नितांत आवश्यकता है। सीपी सिंह ने यह भी कहा कि जब भी नए फ्लाईओवर के निर्माण की बात की जाती है, ग्रेटर रांची बनाने की बात चलती है, तो आम जनता को कौन ऐसी पट्टी पढ़ा देता है कि लोग इस पॉलिसी का विरोध करने को आतुर हो जाते हैं। यह जनता की भलाई के लिए है और अगर जनता ही साथ नहीं देगी, तो काम कैसे आगे बढ़ेगा।



### वाहनों की बढ़ती संख्या भी है जाम का कारण : सरिता

सरिता पांडे, जो भीमबीरसा इंमेंस फाउंडेशन कंपनी की सचिव एवं संस्थापक निदेशक हैं, ने कहा कि राजधानी रांची में सड़क जाम का मुख्य कारण आम तौर पर वाहनों की बढ़ती संख्या, अपर्याप्त सड़क सुविधाएं और ट्रैफिक नियमों की अनुपालन की कमी है। इसके अलावा, अधिक वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों की काफी कमी, निर्माण कार्य या अन्य अवरोध जैसे कारण भी ट्रैफिक जाम को बढ़ाते हैं। इससे महिलाओं समेत सभी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### जाम के कारण दो की जगह एक फेरा ही लगा पाते हैं : पंकज



ई-रिक्शा चालक पंकज कुमार ने कहा कि जाम की वजह से दो फेरे की जगह एक फेरा ही लगा पाते हैं। इस कारण काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कभी-कभी समय पर नहीं पहुंचने पर यात्री अपशब्द भी बोल देते हैं।

### वर्किंग वूमन के लिए सड़क जाम बड़ी समस्या : ज्योति

वर्किंग महिला ज्योति सिन्हा कहती हैं कि महिलाओं के लिए चुनौती तब बढ़ जाती है, जब वे घरेलू होने के साथ कामकाजी भी होती हैं। उन्हें घर से लेकर बाहर तक का काम देखना पड़ता है। उस समय उनके सामने जो सबसे बड़ी समस्या होती है, वह है सड़क जाम की। वे कहती हैं- मुझे दिन में 10:00 बजे निकलना होता है, तो हम 9:30 में ही निकलते हैं। 10:00 बजे तक तो हम पहुंच जाएंगे समय पर, लेकिन जब ट्रैफिक जाम की समस्या आती है, तो यह सारा धरा का धरा रह जाता है। इससे क्या होता है कि हमारे घर का भी संतुलन बिगड़ता है और बाहर जहां हमें काम पर पहुंचना होता है, वहां का संतुलन भी बिगड़ जाता है।



### बिना परमिट के वाहनों को महानगर से बाहर किया

रांची जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) अखिलेश कुमार ने कहा कि कुछ ऑटो चालक सड़क के बीच में यात्री को चढ़ाते-उतारते हैं और परिवहन के नियमों को ताक पर रख देते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कुछ अंजाने में भूल करते हैं। नियम कानून उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान है। लोग जानकारी होने पर नियम कानून का पालन करना शुरू कर देंगे। इसके लिए जिला परिवहन कार्यालय की तरफ से ऑटो चालकों से एक दिन संवाद कार्यक्रम रखा जाएगा। बिना परमिट के वाहनों को महानगर से बाहर किया जाएगा।



### यात्रियों को ई-टिकट उपलब्ध कराया जाएगा : उपनगर आयुक्त

रांची उप नगर आयुक्त ने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए रांची महानगर को चार जोन में बांटा जा रहा है। किस जोन में कितनी बसें, ऑटो चलेंगी, इसके लिए एक सर्वे किया जा रहा है। ऑटो चालकों के परमिट बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही, नगर के बसों के यात्रियों को ई-टिकट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। दरसल, शिकायतें आ रही थी कि नगर बस सेवा की बसों में यात्रियों से मनमाना भाड़ा वसूला जा रहा है, इसके बाद हमलोगों ने ई-टिकट लाने का विचार किया है।



### नो एंट्री के समय किसी को छूट नहीं : ट्रैफिक एसपी

रांची। यातायात पुलिस अधीक्षक कैलाश करमाली से राजधानी रांची के ट्रैफिक जाम के विषय में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि सड़क जाम से निजात पाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए मैन पॉवर बढ़ाया जा रहा है। नगर निगम के सहयोग से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सुबह 8:00 बजे से रात 9:00 बजे तक नो इंट्री लगाई जाती है। यह पूछने पर कि नो एंट्री के समय वातानुकूलित लिखी इंटरसिटी बसें, नगर बस सेवा लिखी सिटी बसों के साथ ही शहर में प्रवेश करती है, तो क्या यह सही है?



## एक नजर

### रांची में रेलवे टिकट की कालाबाजारी का आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** आरपीएफ की अपराध शाखा ने रेलवे टिकट की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करके हुए सुखदेव नगर पुलिस की सहायता से रांची के रातू रोड स्थित सिद्धांत इंटरप्राइजेज में छापेमारी कर शशिकुमार यादव को गिरफ्तार किया। इसके पास से 14 रेलवे का ई-टिकट बरामद किया गया है। बरामद टिकट का मूल्य 19 हजार 600 रुपये है। इस संबंध में आरपीएफ रांची के निरीक्षक प्रभारी दिगंजय शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, टिकट भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उसके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सीसीएल गांधी नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** 'विश्व रक्तदाता दिवस' के अवसर पर सीसीएल के गांधी नगर स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन गांधीनगर सीएमएस प्रभारी डॉ सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ आरके सिंह, सीएमओ एडमिन, जीएनएच, डॉ अनिता कुमारी, डॉ खुशबू सरन, डॉ श्रीमयी मुखर्जी, डॉ मोहना मंडल आदि उपस्थित थे। इस शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में पुरुष-महिलाएं सहित कुल 37 लोगों ने अपना रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना एवं जन-जन में रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ाना था।

## समुदाय की सहभागिता से ही परिवार नियोजन कार्यक्रम सफल : जेएफ बर्नस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** परिवार नियोजन के क्षेत्र में काम करने वाले रांची और हजारीबाग के फैमिली प्लानिंग चैंपियंस का एक्सपीरियंस शेयरिंग कम कंसल्टेशन मीट का आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और ममता एचएमआईसी के संयुक्त प्रयास से होटल बीएनआर चाणक्या में शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में यह बात उभर कर आई कि बिना समुदाय की सहभागिता से समाज में बदलाव संभव नहीं है। कार्यक्रम में धर्म गुरु, पंचायती राज के प्रतिनिधि, सहिया और अन्य हितधारकों ने बातें रखीं।

पैलेडियम इंटरनेशनल के चीफ ऑफ पार्टी जेएफ बर्नस ने कहा कि बिना समुदाय की सहभागिता के बदलाव मुश्किल है। परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समुदाय का योगदान सबसे आगे है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोषांग प्रभारी डॉ आरएन शर्मा ने कहा कि देश की कुल आबादी का 22 प्रतिशत जनसंख्या 10 से 19 आयु वर्ग की है। ऐसे में किशोर स्वास्थ्य के सभी पहलुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

परिवार नियोजन कोषांग प्रभारी डॉ पुष्पा ने कहा कि परिवार नियोजन को लेकर समुदाय में जो भ्रांतियां और मिथ्या है, उसे दूर करने की जरूरत है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा गर्भनिरोध की अस्थायी प्रक्रिया अंतरा और छाया के बारे में समुदाय को और विस्तार से बताने की जरूरत पर बल दिया। राज्य आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल मांझी ने कहा कि छोटा परिवार सुख का आधार है। बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए परिवार नियोजन के साधन एवं संसाधन को आम जन-मानस तक पहुंचाने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग बखूबी निभा रहा है।



ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के डिप्टी सीईओ संजीव धाम और डिप्टी डायरेक्टर प्रियंका श्रीनाथ ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम में समुदाय के सभी घटकों की भागीदारी जरूरी है। इसमें धर्म गुरुओं, पंचायती राज प्रतिनिधियों, सहिया, ग्रामीण चिकित्सक, दिव्यांगजनों, सखी मंडल सहित सभी हितधारकों के सहयोग से कार्य हो रहा है। यही कारण है कि दृष्टिबाधित दिव्यांग जनों के लिए ब्रेल लिपि में परिवार नियोजन के इंफॉरमेशन बुकलेट और सहिया के कार्यों पर प्रकाश डालने वाले पोस्टर जारी किया गया है।

यूसेड फैमिली हेल्थ की डिवीजन चीफ मोनी सागर ने किशोरी और महिलाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के विषय पर व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कु ने फैमिली प्लानिंग में सेक्टोरल कनवर्जेंस पर बल दिया और थर्ड जेंडर के बीच यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाने की जरूरत की वकालत की।

कार्यक्रम में पैलेडियम इंडिया के सीईओ अमित पतजोशी, यूनिसेफ से डॉ वनेश माथुर, रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, परिवार नियोजन कोषांग की राज्य समन्वयक गुंजन खलखो, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की राज्य समन्वयक रफत फरजाना सहित कई लोगों ने भी विचार व्यक्त किए।

## स्वर्णरेखा नदी में गंगा दशहरा पर गंगा आरती का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गंगा दशहरा पर स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'जोहार स्वर्ण रेखा, नमामि स्वर्णरेखा' के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गंगायात्री पीयूष पाठक सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों के साथ स्वर्णरेखा नदी के लिए दौड़ लगाएंगे और बड़ा तालाब के छठ घाट पर बनारस के सात आचार्यों के साथ गंगा आरती करेंगे। इस अवसर पर 'नमामि स्वर्णरेखा' पहल के तहत आयोजित दौड़ का उद्देश्य नदियों और तालाबों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प लेना है। बताया गया कि 16 जून को सुबह 8:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक जयपाल सिंह स्टेडियम से स्वर्णरेखा एवं हरमू नदी के संगम, चुटिया तक दौड़ का आयोजन होगा। वहीं, संध्या 6:30 बजे से 8:30 बजे तक, बड़ा तालाब के छठ घाट पर बनारस के सहयोगी सात आचार्यों के साथ गंगा आरती की जाएगी। इस पहल का नेतृत्व कर रहे पीयूष पाठक एक जाने-माने गंगायात्री हैं। उनके पिता 'रोटी बैंक, रांची' के तहत झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स परिसर में विगत साढ़े चार बर्षों से प्रत्येक दिन जरूरतमंदों को भोजन कराते है। पीयूष पाठक ने कहा, नदियों और तालाबों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना हमारा नैतिक दायित्व है। इस पहल के माध्यम से हम नदियों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कई प्रशासनिक और राजनीतिक व्यक्तित्वों के उपस्थित होने की संभावना है। सभी पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों और नागरिकों से अपील है कि वे इस दौड़ और गंगा आरती में शामिल होकर नदियों और जलाशयों की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करें।



*जोहार स्वर्ण रेखा, नमामि स्वर्णरेखा' के तहत स्वर्णरेखा नदी के लिए दौड़ भी*

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का आयोजन पिस्कामोड़ स्थित यूनिवर्सल होंडा एवं चुट्टू रिंग रोड स्थित गणेशा सिरेमिक्स में किया गया। यह कार्यक्रम सेवा सदन ब्लड बैंक एवं रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में यूनिवर्सल होंडा में 36 यूनिट एवं गणेशा सिरेमिक्स में 22 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल के सफल प्रयास से यह कार्यक्रम संभव हुआ। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी, राष्ट्रीय रक्तदान संयोजिका नेहा पटवारी, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष विशाल पाड़िया, प्रांतीय रक्तदान संयोजक पिंकेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पटवारी, दुमका शाखा अध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रिम्स में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** रिम्स में शक्रवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही, स्टेट टीबी टास्क फोर्स के गठन को लेकर डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता मेंचर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार ने कहा कि, टीबी सबसे संक्रामक रोगों में से एक है। एक व्यक्ति 5-10 लोगों को संक्रमित कर सकता है। टीबी शेष दुनिया के लिए उतनी चुनौती नहीं है, पर यह बीमारी भारत में आम है। इसका एक-चौथाई बोझ भारत वहन करता है। इसलिए हमें इस बीमारी के इलाज के तौर-तरीके और उचित जांच का पता लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध युवा पीढ़ी के लिए इस बीमारी के तौर-तरीकों और जांच का सही से पता लगाना एक चुनौती है। एक समय था जब टीबी का कोई इलाज नहीं था न ही कोई निश्चित निदान उपकरण थे। आज हमारे पास दोनों हैं, लेकिन कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध चुनौती बन चुके हैं।

### आरपीएफ ने एक नाबालिग लड़की को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया



**रांची।** आरपीएफ ने एक नाबालिग लड़की को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। साथ ही, दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बरामद नाबालिग लड़की को सीडब्ल्यूसी रांची के आदेश से उसकी सुरक्षा के मद्देनजर 'प्रेमाश्रय' को सौंप दिया गया है। रांची मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ रांची के निरीक्षक प्रभारी दिगंजय शर्मा ने आरपीएफ की सहेली टीम और बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार मिश्र के साथ मानव तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस दौरान एक नाबालिग लड़की को काम दिलाने के लिए चेन्नई ले जा रहे लातेहार जिले के रहने वाले दो मानव तस्करों छोटू उरांव और रबलु उरांव को रांची स्टेशन से पकड़कर कोतवाली थाने को सौंप दिया।

## कार्यक्रम / बाल विवाह व महिलाओं-बच्चों के खिलाफ हिंसा के खिलाफ राज्यस्तरीय परामर्श

# बाल विवाह पूरे समाज को प्रभावित करता है : विकास कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बाल विवाह का समापन परिवार, समाज और देश के विकास के लिए जरूरी है। यह घर से प्रारंभ होकर पूरे समाज को प्रभावित करता है। सरकार बाल विवाह के समापन के लिए प्रयासरत है, लेकिन इसके लिए सरकार के विभिन्न विभागों और सामाजिक संथाओं का निरंतर सम्मिलित प्रयास जरूरी है। शिक्षा, जागरूकता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से चिह्नित परिवारों को जोड़कर बाल विवाह का निवारण संभव है। यह उद्गार झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के उप सचिव विकास कुमार ने यूनिसेफ, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था और जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विसेज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम के समापन सत्र में व्यक्त किया।




यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रीति श्रीवास्तव ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि बाल विवाह और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा के लिए अंतर्विभागीय समन्वय एवं सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं। झारखंड बाल विवाह के मामले में देश में चौथे स्थान पर है। बाल विवाह राज्य के 12 जिलों जामताड़ा, देवघर, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, हजारीबाग, कोडरमा, पाकुड, पलामू, साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभूम में ज्यादा होता है। अतः इन जिलों में जिला प्रशासन झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के सहयोग से बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त करने के लिए, बाल विवाह, बच्चों और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की दर में कमी में तेजी लाने और किशोर सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए संपर्क कार्यक्रम का क्रियान्वयन करे।

कार्यक्रम में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की स्टेट प्रोग्राम मैनेजर पूर्णिमा मुखर्जी ने कहा कि यूनिसेफ के साथ साझा प्रयास से विगत तीन वर्षों में आठ जिलों में बाल सुरक्षा तथा महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने का जो प्रयास किया गया, उसके सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। इसलिए इस कार्यक्रम को अब प्रदेश के अन्य जिलों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक कार्यक्रम पदाधिकारी, स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के जिला परियोजना समन्वयक, जिला प्रबंधक, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, वाल संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विसिस के राज्य परियोजना प्रबंधक, जिला परियोजना पदाधिकारी, यूनिसेफ के पदाधिकारियों आदि ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में 18 मामलों की हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में कुल 18 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान 06 मामले निष्पादित भी किए गए। इनमें से कुछ मामले सीसीएल, ईसीएल में आश्रितों की नौकरी, एमएसीपी लाभ आदि से संबंधित थे, जबकि शेष मामले जिला वन प्रमंडल में कार्यरत कर्मियों के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार व प्रताड़ना से संबंधित मामले थे। दो मामले झारखंड पुलिस विभाग में एसटी वर्ग के कर्मचारियों को प्रोन्नति नहीं दिए जाने से संबंधित थे। एक मामला झारखंड लोक सेवा आयोग से संबंधित था, जिसमें एसटी वर्ग




के अभ्यर्थी को लिखित व इंटरव्यू क्वालीफाई करने के बावजूद नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ितों ने खुलकर आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा व अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त की। बचाव में संबंधित विभागों से आए अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी दलील दी। संबंधित विभागीय अधिकारियों की दलील से संतुष्ट नहीं होने पर आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने उन्हें न सिर्फ फटकार लगाई, बल्कि जल्द से जल्द संबंधित मामलों पर उचित निर्णय लेकर आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी नोटिस दिए जाने के बाद भी आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए, उन्हें समन जारी कर नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में हाजिर होने का आदेश दें। अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के साथ अन्याय व दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ितों को हर हाल में न्याय व उनका अधिकार दिलाने का काम किया जाएगा।

# रोजगार सृजन महत्वाकांक्षी योजना लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मंत्री दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा कल्याण वर्ग के मंत्री दीपक विरूआ ने अपने आवासीय कार्यालय में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक जिसमें मंत्री दीपक विरूआ ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। निगम स्तर लंबित आवेदनों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर करें। साथ ही, जिला स्तर पर आवेदनों की अनुशंसा की गति को तेज करें। इसमें आ रही सभी बाधाओं को दूर कर युवाओं के स्वरोजगार के मार्ग को प्रशस्त करें। बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा भी मौजूद थे। मंत्री ने कहा इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए, ताकि स्वरोजगार की बढ़ रहे युवाओं को लाभ दिया जा सके।



## वाद्य यंत्रों की क्रय प्रक्रिया जल्द शुरू करें

मंत्री ने कहा धुमकुड़िया केंद्रों में जिला स्तर पर जिन वाद्य यंत्रों का वितरण किया जाना है, उसकी स्थिति क्या है। इसपर आदिवासी कल्याण आयुक्त ने बताया कि वितरण जिला स्तर पर होगा। वाद्य यंत्रों को क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मंत्री ने उन्हें जल्द से जल्द से प्रक्रियाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

## तय समय पर मिले छात्रों को साइकिल

मंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण योजना से आच्छादित करें। तय समय पर बच्चों को साइकिल मिलना चाहिए। वर्ष 2023-24 में जो साइकिल वितरण किया जाना है वह तय समय के अन्दर होना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा बच्चों को छात्रवृत्ति ससमय उपलब्ध कराने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, अड़चनों को दूर कर छात्र हित में कार्य करना है।

# नीट प्रकरण की सीबीआई और ईडी से कराई जाए जांच : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने नीट प्रकरण का मामला उठाया है। उन्होंने सीबीआई के साथ ही ईडी जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि देश में लोकसभा का परिणाम निकला और नीट का रिजल्ट भी निकला। फिर अचानक मालूम चला कि रांची के एक परीक्षार्थी को 720 में 720 नंबर मिला। हमारे लिए यह गर्व का विषय था लेकिन कुछ ही देर बाद 720 और 719 का जो फिगर सामने आया तो पूरा देश दंग रह गया। भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव के आपा धापी में भूल गये थे कि उस वक्त बिहार में, गुजरात, राजस्थान में तीन भाजपा शासित राज्य में इन तीनों जगह पर पुलिस ने नीट के पेपर लीक प्रकरण में कई लोगों को गिरफ्तार किया। ये बातें उस समय चुनावी शोर में दब गई थी लेकिन पूरा एक कुचक्र जो मेधावी छात्रों का भविष्य का बेड़ा पार कर रहा था उस पर किसी का ध्यान नहीं था।



भट्टाचार्य ने कहा कि जब आपके पास इंफ्रास्टक्टर नहीं है तो आप क्यों लेते हैं इतने बच्चों का इग्जाम। केंद्र के शासन में 41 बार पेपरलीक हुआ। इसमें 17 बार यूपी में हुआ। एमपी में हुआ। गुजरात में हुआ। उत्तराखंड में हुआ। 41 बार पेपर लीक। ये साधारण बात नहीं है। लाखों बच्चों के साथ ये भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि मैं अविलंब अपनी पार्टी की ओर से इस संपूर्ण घटनाक्रम को प्रभावमुक्त सीबीआई जांच की मांग करता हूं।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ का प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत

# केंद्रीय योजनाओं के पैसे से अपना तिजोरी भर रहे राज्य सरकार के नेता-मंत्री : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में महिला,बाल विकास मंत्री अन्नापूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शपथ ग्रहण और कार्यभार संभालने के बाद पहली बार सेवा विमान से राजधानी रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू और ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। दोनों मंत्रियों ने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यालय के मुख्यद्वार पर महिला मोर्चा की बहनों ने आरती सिंह के



नेतृत्व में पारंपरिक स्वागत और अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के प्रारंभ में प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री ने पुष्प गुच्छ एवम अंगवस्त्र से मंत्रियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने सभी नेताओं और कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि बगैर कोई विलंब किए सभी अगले मिशन में लग जाएं। इस बार ना तो कोई मौका छोड़ना है और ना ही कोई कसर। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हम सभी को कड़ी मेहनत करनी है और एकजूट होकर कार्य करनी है, ताकि राज्य में फिर से एनडीए की सरकार बन सकें।

बाबूलाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के तमाम अफवाहों और दुष्प्रचार के बावजदू जनता ने हम पर भरोसा जताया और 9 सीटें दी। जिसके कारण हमें मोदी मंत्रिमंडल एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री का पद मिला है। मोदी सरकार के इस फैसले से राज्य के नेताओं, कार्यकताओं और जनता में काफी उत्साह और जोश है। पीएम मोदी ने सिर्फ दो सांसद का सम्मान नहीं किया है, बल्कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान किया है। इसके लिए पीएम मोदी बधाई के पात्र हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन के दौरान राज्य में झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को निशाने पर लिया।

# बिजली संकट को ले भाजयुमो ने सीएम का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिजली और पानी के सप्लाई के लचर व्यवस्था के विरोध में आज भारतीय जानता युवा मोर्चा, राँची महानगर ने हरमू चौक पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला फूंक कर अपना रोष प्रकट किया। युवा मोर्चा कार्यकताओं का कहना था कि बिजली की आपूर्ति में लापरवाही की वजह से आम जन जीवन अस्त व्यस्त है। यदि राज्य सरकार मूलभूत सुविधाएँ भी नागरिकों को प्रदान नहीं कर सकती तो उन्हें सरकार में बने रहने का कोई हक नहीं है । मौके पर उपस्थित कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भारतीय जानता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं बहाल होती है तो सात दिन के बाद भारतीय जानता युवा मोर्चा को मजबूरन बिजली विभाग के दफ़्तरों की तालाबंदी करनी होगी। इस मौके पर भारतीय जानता पार्टी के पूर्व ज़िलाध्यक्ष केके गुप्ता, युवा मोर्चा रांची महानगर के महामंत्री सचिन पीयूष , मीडिया प्रभारी अक्षय पल्लव और इनके साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे, इनमें राहुल सिन्हा चंकी, साहित्य पवन शुभम् जयसवाल आशीष अग्रवाल उज्जवल मिश्रा सचिन साहू मनोज तिर्की सुमित साहू धर्मेन्द्र शुक्ला वरुण कुमार रूपक मिश्रा अमन जयसवाल भूपेन्द्र जी प्रमुख रूप से दिखे।

## एक्सआईपीटी में छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्नक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), बरगावां, नामकुम, रांची में अन्य वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ है। शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में संस्थान में आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 17 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। इसमें टाटा पावर, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, सुब्रोस, अपोलो टायर, बालमर लॉरी आदि शामिल हैं। प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 104 छात्रों ने भाग लिया और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी प्राप्त की। छात्रों को इस वर्ष की प्लेसमेंट प्रक्रिया में अधिकतम पैकेज 12.17 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। औसत पैकेज 2.48 लाख रुपये था। संस्थान के इस उत्कृष्ट सफलता से नए सत्र में नामांकन के लिए भी काफी उत्सुकता है और नामांकन प्रक्रिया काफी जोर शोर से चल रही है।

# सीआरपीएफ जवान का 17 महीने से पता नहीं, राजभवन के समक्ष धरने पर बैठी पत्नी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीआरपीएफ 197 बटालियन का जवान बादल मुर्मू (35) पिछले 17 महीने से लापता है। इसकी शिकायत विभाग से भी की गई है। इसके बाद भी उसके बारे में कोई सूचना नहीं मिलने से नाराज पत्नी झानो मुर्मू राजभवन के समक्ष शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई। उसने कहा कि जबतक पति सकुशल नहीं मिल जाते, तब तक धरना पर बैठी रहेंगी।

झानो मुर्मू ने कहा कि उसके पति बादल मुर्मु झारखंड के मूल निवासी हैं। उन्हें जनजातीय हो भाषा की जानकारी थी। वे पश्चिमी




सिंहभूम (चाईबासा) मुख्यालय में नौकरी करते थे। उन्हें नक्सली गतिविधियों की सूचना संकलित करने का काम दिया जाता था। पांच जनवरी, 2023 की सुबह सात बजे ड्यूटी के लिए निकले थे। इसके बाद से घर वापस नहीं आए। पति की तलाश में 17 महीने बीत गए, लेकिन पुलिस उन्हें खोजने में विफल रही है।

झानो ने कहा कि पति की सकुशल बरामदगी के लिए वह सांसद-विधायक से भी मिल चुकी है, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। पति के लापता होने से पूरा परिवार सदमे में है। सदमे में उनके पिता का निधन हो गया। अब परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा है। उसने कहा कि बादल मुर्मू को वीरता के लिए पुलिस पदक से 19 फरवरी, 2022 को सम्मानित भी किया गया था।

# रथयात्रा महोत्सव में सीएम को मिला आमंत्रण



**रांची ।** रांची के धुर्वा जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति ने 7 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। जगन्नाथपुर मंदिर धुर्वा रांची के प्रथम सेवक-सह-मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव एवं सेवक अमरदीप कौशल ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में मुलाकात की और आमंत्रण कार्ड सौंपा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक

# सुपरवाईजर घर-घर जा बीएलओ के कार्यों का सत्यापन करें : सीईओ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर किये जा रहे कार्रवाई हेतु सभी जिलों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के दौरान मतदाता सूची से गलत विलोपन की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका नियमानुसार सत्यापन करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के आवंटन के क्रम में बनाये गए एएसडी सूची से



### भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव सन्निकट है इस हेतु पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए स्वछ मतदाता सूची के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को गति दें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी बीएलओ सुपरवाईजर घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा किये गए कार्यों का सत्यापन करें। बीएलओ द्वारा सत्यापित घरों में से 10% घरों का बीएलओ सुपरवाइसजर भौतिक सत्यापन करें एवं मुख्यालय द्वारा दिये गए स्टिकर चिपकाएं।

मिलान करते हुए मतदाता सूची से शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृत मतदाताओं का नियमानुसार विलोपन करें। अभी भी जिन मतदाताओं के पास पुराना लेमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र है, उसे बदलते हुए नए रंगीन मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही किसी भी कारण अब तक छूटे मतदाताओं को भी मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य किया जाए। सीईओ ने कहा कि 1 जुलाई से मुख्यालय के पदाधिकारी जिलों का भ्रमण करेंगे इस दौरान जिला कार्यालय द्वारा मतदाता सूची को स्वच्छ बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मापदंडों के अनुरूप किये गए कार्यों की समीक्षा करेंगें। इस अवसर पर ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी मौजूद थे।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश पर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को रैली निकाली गई। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है, जिसका खामियाजा इसके सेवन करने वाले उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के जरिए मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हमें इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देकर युवाओं को नशा करने से बचाना है। उन्होंने कहा कि नशा करने के कारण कम उम्र में युवाओं की मृत्यु हो रही है, जो किसी भी देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

## न्यूज | बॉक्स



झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विधायक स्टीफन मरांडी ने कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की ।





कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की
झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक मंगल कालिंदी ने कल्पना सोरेन से मुलाकात कर जीत की बधाई दी।

### आजसू के कई महिला नेत्री झामुमो में शामिल




**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय के समक्ष पूर्वी सिंहभूम के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के आजसू प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो, बोड़ाम जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी की महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव गीतांजलि महतो, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के प्रभारी संजय कु भगत, कर्मा महतो एवं राम दास सोरेन के साथ अन्य महिला नेत्री और युवाओं ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन तथा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया एवं संगठन को मजबूत करने हेतु पार्टी के नीति सिद्धांतो से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन किया।

### 16 जून को आजसू केंद्रीय समिति की बैठक

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के अध्यक्षता में 16 जून को रांची में केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।



### पूरी मजबूती के साथ अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगा राजद : संजय

**रांची ।** प्रदेश राजद कार्यालय में राजद के वरिष्ठ नेताओं का एक महत्वपूर्ण बैठक गोड्डा के पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई ।बैठक के दौरान पार्टी संगठन के कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्यक्रम व रणनीति पर विशेष रूप से चर्चा हुई। बैठक के दौरान संजय प्र यादव ने राजद नेताओं से कहा कि राज्य में राजद का कद पूर्व की भांति वर्तमान समय में काफी मजबूत हुआ है। आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के 24 जिलों के सभी विधानसभा में कार्यक्रम करने एवं चुनावी माहौल में जाने की जरूरत है। सभी लोग सामान्य सीट के अलावा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वाले आरक्षित सीटों पर अपनी नजर बनाकर बूथ स्तरीय कार्यक्रम जरूर करें। संजय प्र यादव ने कहा कि इस बार आगामी विधानसभा चुनाव में राजद की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। राजद नेताओं और कार्यकताओं को अधिक से अधिक सीटें जितना एकमात्र लक्ष्य है ।क्योंकि अनेकों विधानसभा में राजद का न्यूनतम 40 हजार से अधिक एवं तकरीबन 3 दर्जन से अधिक सीटों पर एक लाख से अधिक वोट बैंक हमारा है ।इसलिए पिछली बार के अपेक्षा हम काफी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे ।इस दौरान बैठक में प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि राजद हमेशा दलित पिछड़ा आदिवासी अल्पसंख्यक एवं वंचित समाज के हक अधिकारों का आवाज रहा है, हमारे नेता राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव ने गरीबों,मजलूम दबे कुचले के लिए सरकार एवं सत्ता में काफी सम्मान और स्थान दिया है,वे मुखिया,सरपंच,जिला परिषद से लेकर विधान परिषद,विधायक सांसद के लिए सभी वर्गो का ख्याल कर टिकट देकर सदन में भेजने का काम किया है।

### ईडी ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को तीन दिनों की रिमांड पर लिया

**रांची ।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने ईडी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। ईडी की ओर से उससे पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए सात दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया गया था। इससे पूर्व गत गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया था। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी थी। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया। कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जेल भेज दिया था। अदालत में रिमांड पर शुक्रवार को सुनवाई की और तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की।उल्लेखनीय है कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को बुधवार को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी थी कि शेखर कुशवाहा ने प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर 1971 का फर्जी डीड बनाया था। बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के साथ मिलकर उसने बरियातू की 4.83 एकड़ की जमीन के रैयत जितुआ भोक्ता का नाम बदल कर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम की इंट्री कर गैरमजरूआ जमीन को सामान्य खाते की जमीन में बदल दिया था।

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में केस दर्ज

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बेडोकला के ग्राम चांदगढ़ में एक नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर नाबालिक युवती की मां मुंद्रिका देवी पति बासुदेव यादव ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया हैं। जिसमें उन्होंने कहा है की 12तारीख की सुबह 7 बजे मेरी पुत्री शौच के लिए निकली थी। काफी देर बाद वापस नहीं आई तो हमलोगों ने खोजबीन किया। जिसके बाद 13 तारीख को अहले सुबह 3बजे दरवाजा के बाहर मेरी पुत्री दरवाजा खटखटाई। जिसके बाद मां को देख पुत्री बिलख बिलख कर रोने लगी । रोते रोते घटना की जानकारी मां दी। जिसमें पुत्री ने पड़ोस के सुनील यादव पिता शिवकुमार यादव पर यौन शौषण करने का आरोप लगाया। वहीं थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर नाबालिक युवती को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 105/24 है।

### रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय में हुई पीसीसी कमेटी की बैठक


**गिद्दी।** रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को पीसीसी कमेटी की बैठक हुई। बैठक में रेलीगढ़ा कोलियरी परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर वार्ता हुई। साथ ही रेलीगढ़ा दोतल्ला कॉलोनी के जर्जर क्वार्टर में रह रहे लोगों से क्वार्टर खाली कराने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में रेलीगढ़ा कोलियरी के विस्तार करने के लिए मुंडा धौड़ा को खाली कराने के लिए मुंडा धौड़ा निवासियों से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक को उपस्थित पीसीसी कमेटी में शामिल यूनियन नेताओं ने कहा रेलीगढ़ा कोलियरी का विस्तारीकरण नहीं हुआ तो परियोजना बंद हो जाएगा और स्थानीय लेगों के रोजगार खत्म हो जाएगा। इसलिए वे सभी लोग कोलियरी के विस्तारीकरण में प्रबंधन के साथ हैं।

### बरलंगा में लावारिस हालत में मिला युवक का शव, लू लगने से मौत की आशंका

**गोला।** बरलंगा थाना क्षेत्र के हारुबेड़ा रेलवे स्टेशन के पास लगने वाले साप्ताहित बाजार टांड़ में गुरुवार को लावारिस हालत में एक युवक का शव मिला है। आस-पास के लोग लू लगने से उसकी मौत होने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान उसके पॉकेट से मिले आधार कार्ड के आधार पर गोला थाने के कोराम्बे पंचायत के कोनारडीह निवासी करमु मुंडा पिता पुसवा मुंडा 30 वर्ष के रूप में की गई है। थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या लू की चपेट में आने से युवक की मौत होने की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक दो दिन पूर्व 11 जून को ससुराल जाने की बात बोलकर घर से निकला था।

विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में लगाया गया रक्तदान शिविर

# रक्तदान से शरीर स्वस्थ होता है स्ट्रोक का खतरा भी कम : डॉ प्रवीण




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर श्रीनिवास ब्लड बैंक में दिन शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के कई छात्रों ने बढ-़चढ़कर अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर में कुल 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर विशेष रूप से सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, डॉ अली एवं डॉ राम लखन सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास एवं अन्य गणमान्य लोगों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि कई बार ऐसा देखा जाता है कि रक्त के अभाव के कारण कई पीड़ितों का अपना जान गवानी पडती है। विश्व रक्तदाता दिवस पर थैलेसीमिया पीड़ित एवं जरूरतमंदों के सहयोगार्थ में रक्तदान शिविर लगाया गया है। ताकि ससमय उन्हें रक्त उपलब्ध हो सके व उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान पर फैली दुष्प्रभाव अब धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहा है। यह एक ऐसा प्रकरण है, जो हमारे शरीर एवं जरूरतमंदों के लिए काफी लाभकारी होता है। रक्तदान के बाद शरीर में तेजी रक्त से बनना प्रारंभ होता एवं स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। मौके पर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने कहा कि अगर हम किसी को आर्थिक सहयोग नहीं कर सकते हैं। लेकिन रक्तदान से हम किसी को जान बचा सकते हैं। रक्तदान हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी है। इसके करने से शरीर में कुछ हानि नहीं पहुंचता है। बल्कि उत्तम स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति होती है। मौके पर डेंटल कॉलेज उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव ने कहा कि रक्तदान महादान है।

> रक्तदान हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी है, इसके करने से शरीर में कुछ हानि नहीं पहुंचता है, बल्कि उत्तम स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति होती है

लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें

## किसी भी जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचा सकते हैं : राहुल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रत्येक वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य होता है कि लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सके। यह बात शुक्रवार को रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ के कोषाध्यक्ष राहुल जैन ने कही। उन्होंने का कि हर रोज लाखों लोगों को रक्त की जरूरत पड़ती है। कई लोग को समय पर रक्त नहीं मिलने के कारण अपनी जान गवां देते हैं। इसलिए हम सबों को लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की जरूरत है ताकि लोग रक्तदान के लिए आगे आएं और जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सके। रक्त दान के लाभ : राहुल जैन ने कहा कि अक्सर लोग रक्त दान करने से डरते हैं। लेकिन यदि लोग इससे होने वाले लाभ के बारे में जान लेंगे तो वे रक्तदान से भयभीत बिलकुल भी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि नियमित रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। साथ ही इससे कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। रक्तदान से नई ब्लड सेल्स को बनाने मदद मिलती है। इसके अलावे रक्तदान के और भी कई लाभ हैं।

## न्यूज बॉक्स

### एनटीपीसी कार्यालय के चक्कर काटकर थक गए ग्रामीण, नहीं मिला रोजगार



**हजारीबाग** जिला के बड़कागांव में एनटीपीसी कोल खनन परियोजना जहां कोयला निकालने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर यहां के ग्रामीण हर सुविधा से महरूम हैं। ऐसा ही मामला केरेडारी कोयला खनन कार्यालय सीकरी का आया है। जहां कंपनी द्वारा लालच देकर रैयतों से जमीन लेती है। और जमीन लेने के समय कंपनी रैयतों से कहती है कि पैसा, रोजगार सब मिलेगा पर जमीन ले लेने के बाद ग्रामीण कंगाल हो जा रहे हैं। कारण की कंपनी द्वारा अब तक 20 प्रतिशत लोगों को ही रोजगार दी गई है। वह भी ठेकेदार के अंदर। ग्रामीणों ने बताया की जमीन देने के बाद जब भी रोजगार या अन्य सुविधा के लिए सीकरी ऑफिस जाते हैं तो वहां के साहब मिलने से बाज आ जाते हैं। कई ग्रामीणों के चप्पल भी घिस गए पर साहब मिलते ही नहीं। उन्हें गेट के अंदर जाने तक नही दिया जाता। और कभी जाने दिया जाता तो वहां के एचआर, एजीएम जीएम मिलते तक नहीं। ऐसे में ग्रामीण अब अपने आप को ठगा महसूस करने लगे हैं। मामला इतना ही नही है। ग्रामीण के जमीन के बदले जब किसी को रोजगार दिया जाता है तो उसे बेवजह परेशान कर रोजगार से हटा दिया जाता है। कई बार ग्रामीण इसकी शिकायत प्रशासन से करते हैं फिर भी कोई पहल नही हुआ। अब ग्रामीणों ने बताया कि अब कंपनी के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन करंगे। और सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। इस बाबत एनटीपीसी के अधिकारी से पूछे जाने पर कुछ भी बताने से परहेज किया।

### घर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर खाक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर अंतर्गत टोला पारटांड़ में शॉट सर्किट के कारण आग लगने से एक घर जलकर खाक हो गया। वहीं पीड़िता कौशल्या देवी, पति बालेश्वर रविदास के घर में आग लगने से फ्रीज, कूलर, पंखा, मिक्सर, टेबल कुर्सी, टीवी, सोलर प्लेट समेत 15 हजार की नगद राशि जलकर राख हो गई। घटना के बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि छोटन कुमार कोल, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतों समेत अन्य लोगो ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस निमित पीड़ित ने प्रशासन से अतिशीघ्र मुआवजा की मांग की है।

### प्रखंड के सभी पंचायत भवन में संचालित होंगे ज्ञान केंद्र, आठ पंचायत में प्रारंभ : बीडीओ




**बरही ।** पंचायती राज योजना के माध्यम से प्रखंड के सभी पंचायत में ज्ञान केंद्र स्थापित किया जाना है. बीडीओ सी आर इंदीवार ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र पंचायत सचिवालय के कमरे में ही संचालित किया जाएगा. जिसमें दो कंप्यूटर, किताबें, बेंच, डेस्क आदि सहित सभी सुविधाओ से लैश पढ़ने के सभी साधन मौजूद रहेंगे. जो सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक संचालित होगा, जहां पंचायत के विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे. ज्ञान केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गांव में ही पढ़ाई के संसाधन उपलब्ध करवाना है. जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार लाया जा सके. उन्होंने बताया कि वर्तमान में धनवार, करियातपुर, रणीचुआ, बरही पूर्वी, कोल्हूआ कला, खोड़ाहर, केदारुत सहित कुल आठ पंचायतों में ज्ञान केंद्र खोले जा रहे है. इसके लिए पंचायत प्रधान को सभी समान उपलब्ध करवाया जा चुका है. पंचायत के विद्यार्थी इस केंद्र का अधिकाधिक लाभ लें. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य सरकार ने राज्य में ज्ञान केंद्र के लिए 2,015, 47 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था. जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायत भवन में ग्रामीणों को पढ़ने का स्थान उपलब्ध कराना है.




### रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

**हजारीबाग ।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पूरे भारतवर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कार्यक्रमों के बीच हजारीबाग के दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के सभागार में आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बड़ा-बढ़ कर हिस्सा लिया, रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. दामोदर घाटी निगम कोनार डैम के उच्च अधिकारियों ने कहा की रक्तदान शिविर मानवता का सबसे बड़ा परिचय देता है हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए इसी के दृष्टिकोण से सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 लोगो ने रक्तदान किया।अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान माना जाता है, हर कोई को रक्तदान अवश्य करना चाहिए मानवता के प्रति हर कोई को साक्षी बनना चाहिए। हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करने के लिए सक्षम रहते हैं उनकी उम्र 18 वर्ष आयु से अधिक एवं 60 वर्ष आयु से कम होनी चाहिए। ब्लड बैंक टीम में डॉ.एस.के.सिंह,मोहम्मद नदीम (ब्लड बैंक प्रभारी),ओम प्रकाश सिंह तकनीशियन,मुन्ना वर्मा तकनीशियन, पंकज कुमार तकनीशियन,किरण कुमारी काउंसलर, राजकुमार ऑफिस बॉय सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात बोलेरो ने मारी टक्कर

**झुमरी तिलैया।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के बिशुनपुर रोड में गुरुवार की सुबह अज्ञात बोलेरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान चित्रगुप्त नगर निवासी 17 वर्षीय इशांक केशव, पिता अजय कुमार राणा और आर्यन राज, पिता प्रहलाद कुमार सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से दो युवक सवार होकर सुबह घूमने जा रहे थे।

सांसद मनीष जायसवाल का धन्यवाद यात्रा पंहुचा विष्णुगढ़, मतदाताओं का जताया अभार

# आपने सेवा का मौका दिया है तो धोखा कभी नहीं देंगे : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल का धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र स्थित विष्णुगढ़ प्रखंड पंहुचा । क्षेत्र के लोगों ने गर्मजोशी से गाजे-बाजे के साथ विष्णुगढ आठ माइल पर स्वागत किया। बनासो स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक मां बागेश्वरी धाम तक पंहुचाया। यहां मां बागेश्वरी के दरबार में माथा टेका और पूजा-अर्चना कर संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसी क्रम में शुक्रवार हजारीबाग सदर विधानसभा और मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ और टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के धन्यवाद यात्रा के क्रम में मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सेवा का मौका दिया है तो धोखा कभी नहीं देंगे। हमेशा आपके सुख-दुःख में सहभागी बनेंगे, आपके क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और आपकी समस्याओं को उचित फोरम पर पुरजोर तरीके से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आपका नेता नहीं बेटा/ भाई बनकर कार्य करेंगे। आपकी सेवा के लिए हजारीबाग में मेरा सांसद सेवा कार्यालय संचालित है और मेरा मोबाइल नंबर 9431140323 सार्वजनिक है। हर जायज समस्या और काम के अप्रोच के लिए मुझसे आप सीधे संपर्क साध सकते हैं।

### फुटपाथ दुकानदार संघ ने सांसद का किया स्वागत



**हजारीबाग।** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ ने नवनिवाचित सांसद मनीष जायसवाल को सांसद बनने पर बुके देकर बधाई दी।संघ ने इस दौरान नगर निगम द्वारा पार्किंग जोन बनाए जाने के बाबत अपनी दुविधाओं को भी उनके समक्ष रखा। दुकानदारों ने मांग की कि वेंडर मार्केट का काम जल्द से जल्द शुरू की जाए। सांसद ने संघ के सदस्यों को उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम आप सभी भाइयों की समस्याओं का जल्द हल ढूंढने का प्रयास करेंगे।इस दौरान गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो,संतोष गुप्ता, मो सलीम एवं महिला अध्यक्ष कुंती देवी उपस्थित थी।

### जेबीकेएसएस के प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा



**रामगढ़।** झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने 14 जून को केंद्रीय उपाध्यक्ष पनेश्वर कुमार के नेतृत्व में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि होल्डिंग टैक्स में संशोधन कर इसे 50 प्रतिशत किया जाए। मांग पत्र में कहा गया है कि नगर परिषद अंतर्गत आनेवाले सभी राजस्व ग्राम में जो पूर्व से ही अंचल कार्यालय को राजस्व देते आ रहे हैं उसपर विचार करते हुए प्रति भूमि को राजस्व से छूट दिया जाए। झारखंड सरकार द्वारा कृषि संबंधित योजनाओं को स्वीकृत प्रदान किया जाए । कूप निर्माण, सिंचाई की सुविधा, खाद, बीज, फसल बीमा आदि की सुविधा दिया जाए । नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था किया जाए। नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी चपानल की मरम्मति अभिलंब किया जाए। नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी चौक चौराहे पर स्ट्रीट लाइट लगाया जाए। सभी सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ेदान डस्टबिन की व्यवस्था किया जाए। नगर परिषद की समस्या को लेकर मांग पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ को भी जेबीकेएसएस द्वारा दी गई है। मौके पर पनेश्वर कुमार ने कहा कि यदि मांग पत्र पर 10 दिनों के अंदर समुचित कार्रवाई नहीं की गई तो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से पनेश्वर कुमार, देवेंद्र महतो आदि शामिल थे । यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी।

### उप मुखिया संघ ने सांसद का किया स्वागत

रामगढ़। शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल को मांडू प्रखंड उप मुखिया संघ ने उनके आवासीय कार्यालय में अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सांसद बनने पर बधाई देते हुए स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मुख्य रुप से शामिल उप मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद, उप मुखिया संघ के सचिव पंकज कुमार गुप्ता, उप मुखिया कुमारी नीलम, रीता देवी, अंजनी देवी, मनोज कुमार, मोहित महतो, भीम प्रजापति, श्रवण कुमार, तेजू रविदास आदि लोगों ने सांसद महोदय से अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर सांसद ने उप मुखिया संघ के लोगों को एनडीए की जीत में सहयोग करने के लिए धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि आपके क्षेत्र की समस्या का समाधान बहुत जल्द किया जाएगा।

ई ग्राम स्वराज परियोजना को सक्रिय करने के लिए बीडीओ ने की बैठक

# ई- ग्राम स्वराज परियोजना में पंचायत स्तरीय भुगतान पंचायत सचिवालय से ही करने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
ई- ग्राम स्वराज परियोजना को पंचायत सचिवालय से पूर्णतया सक्रिय करने के उद्देश्य से बीडीओ सी आर इंदीवार ने प्रखंड सभागार में एक महत्पूर्ण बैठक किया. जिसमें विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत शिफ्टेड वीएलई शामिल हुए. जिसका संचालन पंचायती राज समन्वयक विजय कुमार ने किया. बीडीओ ने सभी लोगो को आपसी समन्वय स्थापित कर पंचायत सचिवालय को पूर्णतः सक्रिय करने का निर्देश दिया. उन्होंने पंचायत मुख्यालय को कार्यालय अवधि के दौरान खोलने के साथ पंचायत के सभी कार्य पंचायत सचिवालय से ही करने का निर्देश दिया. साथ ही पंचायत स्तरीय सभी भुगतान पंचायत सचिवालय से ही करने की बात कही. बीडीओ ने यह भी बताया कि शीघ्र ही सभी पंचायत सचिवों का रोस्टर जारी कर पंचायत मुख्यालय में बैठने के दिन निर्धारित कर दिया जायेगा. समन्वयक श्री कुमार ने बताया कि सभी पंचायत को जेम पोर्टल का प्राइमरी और सेकंडरी यूजर आईडी और पासवर्ड होना अनिवार्य है. कोनरा, बरही पश्चिमी, पूर्वी, भंडारों, धनवार आदि दस पंचायत का प्राइमरी आई डी बनाए जा चुके है. वीएलई को दो दिनों के अंदर पंचायत सचिव संग समन्वय बनाकर सेकेंडरी आईडी बनाने का निर्देश दिया गया. मुखिया और सचिव को पंचायत में होनेवाले सभी प्रकार की खरीदारी को जेम पोर्टल से ही करने की बात कही गई. बैठक के अंत में आवास समन्वयक के के भारती ने सभी मुखिया व पंचायत सचिव को अबुआ आवास को निर्धारित माप दंड के आधार पर ही करने के लिए लाभुकों को गाइड करने की बात कही.

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

जयनगर। प्रखंड के चंद्रपुर में 14 जून से 18 जून तक चलने वाले श्री श्री 108 श्री एकादशी व्रतोद्यापन सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर गाजे बाजे और जयकारे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसका उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने झंडा दिखाकर रवाना किया। मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान होने से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और आस पास क्षेत्रों में धार्मिक वातावरण स्वच्छ रहता है।
वहीं यज्ञ मंडप से मुख्य पुजारी लक्ष्मण पंडित व उनकी पत्नी शांति देवी समेत 251 कन्याओं और महिलाओं ने माथे पर कलश उठाकर गांव भ्रमण करते हुए उदालो उत्तरवाहिनी बराकर नदी घाट पहुंची, जहां आचार्य दिगंबर शास्त्री के द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्री महिलाओं ने पुनः भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किया। 14 जून को जल यात्रा, पंचांग पूजन मंडप प्रवेश 15 को वेदी पूजन भागवत परायण, आंवला पूजा 16 को आवाहित देवी व एकादशी महात्म्य पारायण, 17 को दैनिक पाठ मंडप पूजन घृतढारी, तुलसी विवाह व नगर भ्रमण, 18 को वेदी पूजन, हवन कन्या भोजन व भंडारे के साथ पूणार्हुति के साथ संपन्न होगी। मौके पर मुखिया शंकुति देवी, पूर्व मुखिया अंजू देवी, गणेश राणा, प्रदीप पासवान, किशोर यादव, अशोक रजक समेत दर्जनों श्रद्धालु शामिल थे।

स्वास्थ्य सेवा

सेवा सहयोग समिति ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में हर वर्ग के लोगों का रखा जा रहा ध्यान : हर्ष अजमेरा




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के अद्रा पंचायत भवन में सेवा सहयोग समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया पहले चरण में कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है,आयोजन बीते 12 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक निरंतर कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण तृतीय चरण एवं चतुर्थ चरण में सदर विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि संपूर्ण सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन स्वस्थ और निरोग रह सके। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में अडरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, वार्ड सदस्य अनिता देवी, सोहन गंडर, सरस्वती देवी, करीना देवी, अनिल कुमार शामिल थे।

### 300 से भी अधिक ग्रामीणों ने इसका लाभ लिया

शिविर के माध्यम से पंचायत की 300 से भी अधिक ग्रामीणों ने इसका लाभ लिया शिविर में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। शिविर के दौरान जांच करने वाली मरीज को निशुल्क दवाई वितरण किया गया वहीं साथ में ब्लड बीपी शुगर, पल्स एवं वजन निशुल्क जांच किया गया शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर करीब 3:00 बजे तक निरंतर रूप से चला रहा। स्वास्थ्य शिविर हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से लगाया गया था। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई दान नहीं होता इसी दृष्टिकोण से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## राम प्रसाद चंद्रभान को थल सेना प्रमुख नियुक्त होने पर सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत सरकार द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अगला सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जो हम सभी सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्रों सहित संपूर्ण देश के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि जनरल द्विवेदी 1972 में सरस्वती शिशु मंदिर अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ के पूर्व छात्र रह चुके हैं। जनरल उपेंद्र द्विवेदी गत चार दशक के करियर में अनेक अहम दायित्व संभाल चुके हैं। उन्होंने देश के दुश्मनों के खिलाफ कई ऑपरेशन में भाग लिया। आतंकवाद विरोधी अभियान में भी उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पूर्व छात्र परिषद संयोजक श्री सोनू ने कहा कि निश्चित ही लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय थल सेना और अधिक सशक्त होगी। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अगला सेनाध्यक्ष बनने पर पूर्व छात्र परिषद के सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल, सक्रिय सदस्य विशाल जायसवाल, श्रीधर सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## एक नजर

### रितेश माधव ने सर्वाधिक 78 बार किया है रक्तदान

**कोडरमा।** रक्तदान महादान है। रक्तदान से जरूतमंदों की जीवन बचाया जा जा सकता है। कुढ ऐसा कर दिखाया है रितेश माधव ने। जिले में सर्वाधिक ब्लड डोनेट करने का रिकॉर्ड रितेश माधव के पास है। उन्होंने अब तक 78 दफा ब्लड डोनेट की है। वे जिले के जिले के एक मात्र अंगीभूत जेजे कॉलेज में प्रशाखा पदाधिकारी हैं। पूछे जाने पर रितेश बताते हैं कि साल 2000 में पहली बार जरूरत पडने पर मित्र के परिवार को ब्लड डोने किया था,तब से हरेक साल ब्लड डोनेट तीन महीने पर करता रहता हूं। उन्होंने बताया कि मेरी उर्म्र 44 साल है और आगे भी ब्लड डोनेट करेंगे। ब्लड डोनेट का जुनून संगठन से जुड़ने के बाद और भी बढ गया। तीन माह होते ही ब्लड बैंक सदर हॉस्पिटल जाता हूं और ब्लड डोनेट करता हूं।

### विशाल अंतर की जीत में विधायक की मेहनतों को लोगों ने सराहा

**कोडरमा।** लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी को केंद्र सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का महत्वपूर्ण विभाग मिलने पर शिव वाटिका झुमरी तिलैया में भाजपा झुमरी तिलैया मंडल ने आभार कार्यक्रम का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने कहा कि आप सभी जनता जनार्दन पार्टी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को पूरे झारखंड में रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाए हैं। इसके लिए सबों की मेहनत को भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री मंत्री बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति कोटि-कोटि आभार जताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान की भ्रष्ट झारखंड सरकार के रवैए से व्यवसाई त्रस्त हैं। मेरे द्वारा कई कराए गए कई योजनाओं और शिक्षण कार्य को ठप्प कर दिया है।

### पूर्व जिप अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस

**सतगावां।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने दौरा कर हाल ही में हुए डॉक्टर की लापरवाही के कारण सर्पदंश से घायल बच्चे की मौत को लेकर मृतक के परिजनों से मिली और ढांढस बंधाया। जबकि बासोडीह स्थित मस्जिद के समीप पंकज गुप्ता के नए अमन मेडिको का उद्घाटन किया। उन्होंने सबसे पहले मरचोई जाकर सर्पदंश से हुए बच्चे की मौत को लेकर मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इसके बाद मरचोई मुखिया उत्तम सिंह के घर पहुंचकर उनके परिवार से मिले। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि राम अवतार चौधरी ,पूर्व प्रमुख रामस्वरूप भगत,मुखिया उत्तम सिंह,सदानंद यादव, पुरुषोत्तम सिंह,तारिणी सिंह, सुरेंद्र कुमार, मनोज भगत, श्यामसुंदर गुप्ता, मंटू गुप्ता,नितेश कुमार, कृष्ण देव,धीरज सिंह,मनोज सिंह, मंटू प्रमोद सिंह,पंकज सिंह, अजित भगत,संतोष वर्मा,भोला वर्मा,अनुज सिंह, अरुण यादव,सुबोध सिंह, सौरभ सिंह, मुरारी कुमार, सुधीर सिंह, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद थे

# विक्षिप्त भाई ने बहन की टांगी से काटकर की हत्या



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना क्षेत्र के लमडेगा पंचायत अंतर्गत हुटूटुवा गंझु टोली में दिनदहाड़े हत्या की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हुटूटुवा गंझु टोली निवासी बांसदेव मांझी ने अपनी बड़ी बहन 62 वर्षीय जानकी कुमारी की टांगी से काटकर निर्ममता से हत्या कर दी। मृतक जानकी कुमारी के पति डहरू कारजी ने बताया की दोपहर एक बजे के आसपास तीनों खाना खाकर अपना काम कर रहे थे हत्यारा आंगन में बैठकर डोरी का बीज निकाल रहा था वहीं जानकी कुमारी चावल चुन रही थी तभी डहरू शौच के लिए घर के बगल में गया था इसी क्रम में उसे पत्नी जानकी कुमारी की जोर से चीखने की आवाज सुनाई दी। जिससे सुनकर डहरू घर की ओर भागकर आया तो देखा बांसदेव ने जानकी को टांगी से काट दिया है डहरू को देखते ही बांसदेव वहां से भाग गया, वहीं जानकी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हत्यारा बांसदेव पास के ही टोली में जाकर चबूतरा में चुपचाप बैठ गया। ग्रामीणों को सुचना मिलते ही पुलिस को सूचित किया गया वहीं ग्रामीणों ने हत्यारा भाग ना जाये इसके लिए चबूतरा के पास ही जमे रहे। सुचना के पश्चात जलडेगा पुलिस निरीक्षक भिखारी राम, थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार एवं एसआई सोनू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा भेजने की तैयारी की जबकि हत्यारा विक्षिप्त बांसदेव मांझी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया की हत्यारा 15 वर्ष की आयु में घर से भाग गया था एवं 22 साल बाद किसी तरह रामगढ़ जिले के पतरातू में मिला था तब से उसकी हालत को देखकर मृतका जानकी देवी अपने पति के साथ बांसदेव के घर रहकर उसकी देखभाल करती थी। घटना के बाद से आसपास शोक की लहर है।

बकरीद को लेकर केरसई में शांति समिति की बैठक

# शांतिपूर्ण तरीके से मनायें बकरीद त्योहार : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** केरसई थाना मे बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन कुमार ने की तथा मुख्य रूप से अंचलाधिकारी किरण डांग, एसआई टिंकु वर्मा व जितेंद्र टुडू उपस्थित रहे। बैठक में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी नवीन कुमार ने क्षेत्र अंतर्गत बकरीद त्यौहार के संबंध में मुस्लिम धर्मावलंबियों से जानकारी ली। साथ कहा कि केरसई का इतिहास सदैव ही शांतिपूर्ण व गौरवपूर्ण रहा है इस कड़ी को हमे मिलजुल कर आगे बढ़ाना है। आगे उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का अनावश्यक पोस्ट सोशल मीडिया में ना करें। किसी प्रकार की परेशानी हो तो तत्काल थाना को सूचित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी माहौल बिगाड़ने का प्रयास नहीं करें, ऐसा करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष जेफ्रेंन केरकेट्टा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष बसारत अंसारी, प्रखंड पीएलबी उपेंद्र कुमार एवं विष्णु प्रसाद, दिवाकर प्रसाद,संदीप कुमार, मोइन अंसारी, उत्तम कुमार आदि सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात की चपेट में आकर महिला झुलसी इलाज के लिए लाया गया अस्पताल



ठेठईटांगर। थाना क्षेत्र के केरया में शुक्रवार को हुए तेज आंधी तूफान और बारिश के बीच वज्रपात की चपेट में आने से 35 वर्षीय ब्रजमनी लुगुन नामक महिला झुलस गई। परिवार वालों ने उसे तुरंत गोबर कर लेप लगाकर उसे सुला दिया जिसके बाद वाहन की व्यवस्था करते हुए इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर महिला की इलाज चल रही है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि अचानक तेज आंधी तूफान के बीच हुए बज्रपात में महिला अपने घर में थी ,इसी दौरान अचानक घर के बाहर आकाशीय बिजली गिरी और उसी के चपेट में आने से महिला का हाथ सहित कई हिस्से झुलस गई। इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में महिला की उपचार चल रही है।

### अवैध खनन मामले में दो लोगों के ऊपर बोलबा थाना में मामला दर्ज

**बोलबा।** बोलबा थाना में खनन विभाग ने अवैध बालू धुलाई मामले में दो लोगों पर कराया प्राथमिकी दर्ज। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह खनन विभाग सिमडेगा ने बोलबा पहुंचकर बोलबा शंख नदी से अवैध रूप से बालू उठाव करने एवं भंडारण करने के मामले में घटना घटना स्थल से अवैध बालू स्टॉक, बेलचा आदि बरामद करते हुए दो लोगो पर बोलबा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। बताया गया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है। गौरतलब हो जिले में एनजीटी के निर्देश पर 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक नदियों में बालू का उठाव पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है, इसके बावजूद धड़ल्ले से लोगों के द्वारा बालू का उठाव कार्य किया जा रहा है जिसके आलोक में कार्य किया गया।

### जहरीले सांप के काटने से 40 वर्षीय महिला की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर के राजाबासा पंचायत अंतर्गत कुरकुरा गांव की 40 वर्षीय धुनि प्रधान नामक महिला को बीती रात जहरीले सांप ने काटा, इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार वालों ने तुरंत उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी इलाज चल रही है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने घर में जमीन में सोई हुई थी, इसी दौरान देर रात उसे जहरीले कैरत सांप ने हाथ में काटा और बाद में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब जाकर उसे परिवार वालों ने इलाज के लिए समय पर अस्पताल लाया और जागरूकता की वजह से अस्पताल में महिला अभी खतरे से बाहर है और उसकी इलाज चल रही है।

### जिला नियोजन कार्यालय में रोजगार मेला का हुआ आयोजन, 69 लोगों को मिली नियुक्ति



**सिमडेगा।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, सिमडेगा द्वारा शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों को उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही कंपनी द्वारा किस-किस क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है जिसकी जानकारी उपस्थित युवाओं को दी। उन्होंने कंपनी द्वारा चयन किये गये युवक-युवतियों को ससमय ज्वाइनिंग लेटर देने की बात कहीं। इस रोजगार मेला में जिले, राज्य एवं राज्य से बाहर के कुल 07 कंपनियां सम्मिलित हुई। मेला में अच्छी संख्या में युवक-युवतिया पहुंचे थे, जिसमें 69 युवाओं का चयन हुआ। तथा 114 आवेदकों को शॉर्टलिस्टेड किया गया।

### हीरोडीह स्वास्थ्य उप केंद्र में पानी न रहने पर मरीजों ने व्यक्त किया अपना दर्द

**जयनगर।** हीरोडीह स्थित स्वास्थ्य उप केंद्र का मोटर पंप खराब होने से मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को पानी नहीं मिलने से काफी परेशानी बढ़ गई है। मरीजों को हो रहे पानी की समस्या को लेकर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। मैं अपने बहू को चेकअप कराने स्वास्थ्य उप केंद्र गयी, जहां पानी नहीं रहने के कारण प्यास रही। इस भीषण गर्मी में पानी नहीं होना मरीजों के साथ आम आदमी भी बिमार पड़ जायेगा मैं अपना ब्लड और बीपी जांच कराने स्वास्थ्य उप केंद्र हीरोडीह गया था।

### शांति समिति की बैठक में बकरीद पर्व सौहार्द व शांति के साथ मनाने का निर्णय

**सतगावां।** थाना परिसर में गुरुवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और संचालन जयशंकर प्रसाद ने किया। बैठक में सौहार्दपूर्ण तरीके से बकरीद को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अफवाहों पर ध्यान नही,असमाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखने पर सहमति बनी। थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जो भी गार्डलाइन जारी की गई है, उसे पालन करना है। समाज के बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र में शांति कायम रखने की अपील की और कहा कि सोशल मीडिया को विशेष ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व मोहब्बत का त्यौहार है। विधि-व्यवस्था का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान अशांति फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। मौके पर एसआई रौशन कुमार, एसआई बृजनंदन प्रसाद, एएस आई दिनेश मुर्मू,सीआई आनंद कुमार,सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव,मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार, विवेक कुमार पाण्डेय समेत दोनों समुदाय के दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उपयुक्त ने शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजना कार्यों की समीक्षा की

# बच्चों का नामांकन प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मध्यान भोजन, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, नामांकन, सीएम ऑफ एक्सीलेंस स्कूल संचालन, स्कूली बच्चों का जाति आय प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित आदि मामलों की समीक्षा की. उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों की नामांकन प्रतिशत की समीक्षा किया, पिछली वर्ष की तुलना में इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में नामांकन में गिरावट पाया गया। जिसको देख उपायुक्त ने नामांकन प्रतिशत को बढ़ाने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालयों में वृक्षारोपण किया जाना है इस दिशा में उपायुक्त ने कहा कि वन विभाग से समन्वय स्थापित कर पौधा मंगवाते हुए 30 जून 2024 तक जिले के सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत पौधा सुनिश्चित कराने की बात कहीं। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सत्र 2024-25 में नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्रखंड चयन समिति के द्वारा बालिकाओं की सूची उपलब्ध कराते हुए जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के बच्चों को गुरुजी स्टूडेंट कार्ड योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों का चिन्हितिकरण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने को लेकर बैठक संपन्न

**कोडरमा।** डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में स्कूली समेत अन्य दिव्यांग बच्चों का चिन्हितिकरण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कैंप लगाकर बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए तिथिवार कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप 19 जून को कोडरमा प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केन्द्र कोडरगा में, 22 जून को चंदवारा प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केन्द्र चंदवारा में 25 जून को डोमचांच प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केन्द्र डोमचांच में दो जुलाई को प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र जयनगर में,छह जुलाई को मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केन्द्र मरकच्चो और नौ जुलाई को सतगावां प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केन्द्र सतगावां में लगाए जाएंगे।

कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक किया जाएगा। बैठक में सदर हॉस्पिटल के डॉ मनोज आदि मौजूद थे।

प्रखंड स्तरीय बैंक कमिटी की बैठक संपन्न, केसीसी ऋण पर हुई चर्चा

# जून में न्यूनतम दस केसीसी ऋण दें सभी बैंक : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एक लंबे अंतराल के बाद बीडीओ सी आर इंदीवार ने शुक्रवार को सभी बैंकों के साथ बैठक कर केसीसी संबंधित जायजा लिया. बैठक में प्रखंड के लगभग सभी बैंक के शाखा प्रबंधक या उनके प्रतिनिधि मौजूद थे. बैंक अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कृषि ऋण वितरित करने पर जोर दिया गया. साथ ही किसानों को ऋण लेने में ज्यादा परेशानी नही हो इस बात पर भी जोर दिया गया. उन्होंने सभी बैंक को जून माह में न्यूनतम 10 केसीसी करने का लक्ष्य भी दिया. जिसे हर संभव पूरा करने की बात कही गई. साथ ही यह भी कहा गया कि केसीसी ऋण संबंधित प्रखंड स्तर से कोई समस्या हो तो उन्हे जानकारी दी जाए. बीडीओ ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के कारण बैठक लंबे अवधि से नही हो सका था. बैंक अधिकारियों ने भी प्राथमिकता के साथ सरकार के लक्ष्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया. बैठक में बैंक ऑफ इंडिया बरही, एसबीआई, एचडीएफसी, सीबीआई, यूबीआई आदि सहित विभिन्न बैंक के अधिकारी मौजूद थे.

# सड़क निर्माण में बकाया भुगतान को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध



नवीन मेल संवाददाता। बोलबा बोलबा प्रखण्ड के तलमंगा गांव में सड़क निर्माण योजना का मजदूरी भुगतान नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने ठेकेदार को घेरा। मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ पंचायत में पोंडखर से बेलकुबा तक पक्कीकरण सड़क निर्माण में स्थानीय मजदूरों ने काम किया था, जो लम्बे समय से भुगतान नही हुआ और साथ काम भी बन्द हो गया । ठेकेदार द्वारा जब दुबारा काम शुरू किया जाने लगा तो ग्रामीणों मजदूरों ने ठेकेदार से बकाया मजदूरी भुगतान करने की मांग करने लगे मजदूरों का कहना था कि जबतक मजदूरी भुगतान नहीं होगा काम करने नहीं दिया जायेगा, अगर ठेकेदार द्वारा मजदूरी भुगतान नहीं किया जाता है तो इस संबंध में सामूहिक रूप से उपायुक्त सिमडेगा को लिखित आवेदन देकर मजदूरी भुगतान की मांग करेंगे। इतने में ठेकेदार सरकारी काम मे बाधा डालने के आरोप में बोलबा थाना में शिकायत कर दी गयी है । शिकायत मिलते ही बोलबा थाना से एएसआई जितेंद्र सिंह घटना स्थल पहुंचे घटना की जानकारी लेने के बाद लोगों को समझा-बुझाकर मामला शान्त कराया और मजदूरी भुगतान दिलाने की बात कही । इधर ग्रामीण मजदूरों का कहना है कि ठेकेदार बिल्कुल निकम्मा है वह अभी बकाया भुगतान देने के लिए तैार नहीं है।

### वन विभाग ने अवैध खनन में लगे जेसीबी को किया जब्त

**कोडरमा।** कोडरमा वन विभाग की टीम ने रेंज के दक्षिणी सुरगी जंगल स्थित घटरवा माइंस से बुधवार की रात माइका खनन के लिए छिपाकर रखा गया जेसीबी को जब्त किया है। जेसीबी को खनन माफियाओं ने दक्षिणी सुरंगी के जंगल के नाला में छिपा कर रखा था। इसे वन विभाग की टीम ने जब्त कर वन परिसर लाया। इस संबंध में रेंजर रामकुमार ने बताया कि टीम को देखते ही चालक फरार होने में सफल रहा। मामले में अवैध खनन में लगे लोगों को चिह्नित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन में लगे लोगों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

## योगदान

विश्व रक्तदाता दिवस पर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# दूसरे को जीवन देने के लिए लोग करें रक्तदान : डॉ. खलखो




नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो उपाधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया इधर मौके पर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित सभी सदर अस्पताल कर्मी एवं रक्तदान करने आए हुए लोगों को शपथ दिलाई जहां पर उन्होंने अपने जीवन में सभी लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित करते हुए रक्तदान के प्रति जागरूक करने एवं खुद भी रक्तदान के प्रति जागरूक नागरिक के कर्तव्य का पालन करते हुए दूसरों की जान बचाने से संबंधित शपथ दिलाई। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि रक्तदान इंसान को जरूर करनी चाहिए क्योंकि इससे जिले में हो रही रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। इसके अलावा रक्तदान करने से शरीर में कई तरह के फायदे होते हैं।

### प्रखंडों में भी लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो ने जानकारी देते हुएमौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो ने जानकारी देते हुए बताया की जिला मुख्यालय के अलावा प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 18 जून को कुरडेग 21 को जलडेगा 24 को कोलेबिरा 26 को ठेठईटांगर 27 बोलबा तथा 29 को बानो में शिविर का आयोजन किया जाएगा ।शिविर को लेकर सभी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करते हुए रक्तदान कराया जाए। इस मौके पर ब्लड बैंक के टेक्नीशियन रीना तिग्गा, राजीव कुमार,सुबल बागे, डीपीएम सहित अन्य उपस्थित थे।

### विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर आज

**झुमरी तिलैया।** विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक के समीप ऊं नमः शिवाय काम्प्लेक्स स्थित पंडित दीनदयाल कौशल विकास केंद्र,महिंद्रा स्कील सेंटर में रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामाजिक,स्वयंसेवी और धार्मिक संगठन के द्वारा किया जाएगा। आयोजक मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, सचिव शीतल पोद्दार, लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. सागरमणि सेठ और पदाधिकारी निशांत कुमार सिन्हा, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा ,सचिव विक्की केशरी ने लोगों से अपील की है कि संध्या 4 बजे से लगने वाले इस कैंप में रक्तदान कर मानवता का फर्ज निभाएं।

लचरागढ़ में हुई उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ प्रखंड समिति की बैठक

# बैठक में 'सामूहिक उपनयन संस्कार' के बारे में विचार विमर्श किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** लचरागढ़ में शुक्रवार को उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ, प्रखण्ड समिति की एक बैठक लचरागढ़ स्थित बहुउद्देशीय भवन में आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता केशव चन्द्र पाणीग्राही द्वारा की गई। बैठक में 30 मई को खुंटी में सम्पन्न बैठक में प्रस्तावित निर्णय 'सामूहिक उपनयन संस्कार' के बारे में विचार विमर्श किया गया। साथ ही साथ दिनांक 16 जून को स्थल निरीक्षण केन्द्रीय टीम के भ्रमण पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्य द्वारा निर्णय लिया गया कि 16 जून को स्थानीय लोगों के साथ पुणः बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से केशव चंद्र पाणिग्रही,भरतु द्विवेदी, सुरेंद्रनाथ बीसी,सुनील कुमार द्विवेदी, श्याम सुंदर आचार्य, संजय दास,रंजीत पंडा, मनोज कुमार होता,लखन द्विवेदी, दीपू पण्डा, सुरेश द्विवेदी, जगरनाथ पंडा, मधुसूदन पंडा के साथ ब्राह्मण समाज के सदस्य गण उपस्थित थे।

# ग्रामीण चिकित्सक के पुत्र का अपरहण कर अपराधियों ने मांगी फिरौती

*पुलिस की घेराबंदी से भागे अपराधी*

*एसपी के नेतृत्व में 12 घंटे के अंदर बरामद किया गया अपहृत*







**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र स्थित चतरो बाजार में अपराधियों ने ग्रामीण चिकित्सक लक्ष्मण दास के पुत्र पंकज दास का बाइक समेत अपहरण कर लिया। बताया गया कि चतरो बाजार स्थित दुकान को बंद करके के लौटने के दौरान रात के लगभग 9 बजे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। इसके बाद अपहरणकताओं ने फिरौती के लिए कॉल किया। जिसके बाद घटना की सूचना अपहृत के पिता लक्ष्मण दास ने एसपी दीपक कुमार शर्मा को दी। सूचना मिलते ही मामले को एसपी ने गंभीरता से लिया और आधा दर्जन पुलिस पदाधिकारियों की टीम बनाकर मामले में फौरी कार्रवाई शुरू की गयी। एसपी द्वारा मामले में टेक्निकल सेल को पहले सक्रीय किया गया। वहीं क्यूआरटी को भी क्षेत्र में भेज कर पूरे मामले की मॉनिटरिंग शुरू की गयी। पुलिस की घेराबंदी से अपराधियों के होश फाख्ता हो गये। जांच में जुटी पुलिस ने फिरौती के लिए कॉल किए गए अपराधियों के सहयोगी को हिरासत में लिया। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि अपहरणकताओं ने युवक को मुफ्फसिल थाना इलाके के कुरूमडीहा जंगल में रखा है। जिसके बाद डेढ़ सौ जवानों ने साथ पुलिस ने जंगल की घेराबंदी की और हरेक कौने को खंगाला जाने लगा। सर्च के दरम्यान रात से सुबह हो गयी। वहीं सर्च के दौरान ही टीम में शामिल देवरी थाना प्रभारी सोनू साहू और जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत की नजर एक बाइक पर सवार दो संदिग्धों पर पड़ी। इस दौरान पुलिस ने जब उन्हें पकड़ना चाहा तो दोनों बाइक छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए। मौके पर पुलिस ने बाइक को जब्त किया तो पता चला कि यह बाइक अपहृत पंकज दास की है। इसके बाद जांच के दायरे को आगे बढ़ाते हुए काफी संख्या में जवानों को लेकर पुलिस की टीम पेशम के जंगल की ओर गयी और इलाके को सील करते हुए सघन वाहन जांच शुरू किया गया। पुलिस दबिश को बढ़ता देख अपराधियों के पास कोई चारा नहीं बचा और अपराधी अपहृत पंकज को छोड़कर भाग खड़े हुए। इस मामले में जहां एसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत कर अपहृत पंकज को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं अपहरण में प्रयुक्त किए गए ओमनी वाहन को भी पुलिस ने जब्त किया है। घटना को लेकर एसपी श्री शर्मा ने बताया कि अपराधियों को चिह्नित कर लिया गया है कांड को अंजाम देने वाले अपराधी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। अपहृत पंकज दास के सकुशल बरामद करने को लेकर एसपी ने मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महती, जमुआ सर्किल के इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह, देवरी थाना प्रभारी सोनू साहू, जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत, धनवार थाना प्रभारी नंदू पाल, हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अलग अलग टीम बनायी थी। जिसके कारण जल्द ही पुलिस ने पंकज को अपहरणकताओं की चंगुल से मुक्त करवा लिया।

## बिजली संकट के खिलाफ भाजपाइयों का हल्ला बोल, जीएम कार्यालय घेरा

**धनबाद।** धनबाद में बिजली की लचर व्यवस्था से आक्रोशित भाजपाइयों ने शुक्रवार को बिजली विभाग के खिलाफ हल्ला बोल दिया। विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बिजली विभाग के जीएम कार्यालय का घेराव किया। हाथों में तख्तियां लिए सैकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय लोग गोल्फ ग्राउंड से जुलूस की शक्ल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जीएम कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदशर्शन किया। लगभग एक घंटे तक जीएम कार्यालय के समक्ष धरना- प्रदर्शन किया। जीएम अशोक कुमार सिन्हा ने बिजली की स्थित में जल्द सुधार का भरोसा दिया, इसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया। जुलूस में सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे शामिल थे। अप्रिय स्थिति से निबटने के लिए धनबाद थाना प्रभारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। धरना के दौरान ही विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं से जीएम अशोक कुमार सिन्हा ने वार्ता की। जीएम ने भरोसा दिया कि विभाग निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### रैयती जमीन पर मनरेगा कुआं खोदने की शिकायत

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के खड़ीदा पंचायत अंतर्गत पाथरासाई टोला डेराकोचा के गुणोधर भकत ने डुमरिया के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को अपनी रैयती जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर मनरेगा से कुआं खोदने की शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि पाथरासाई टोला दांड़केघुटू के बुद्धेश्वर भकत द्वारा जबरन कुआं खोदा जा रहा है। मना करने पर मारपीट करने की धमकी दी जा रही है। खाता संख्या 25 प्लॉट संख्या 347 रकवा 11 डिसमिल जमीन के खतियान अधिकारियों को देकर नापी करने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता गुणोधर भकत ने बताया कि वह मजदूरी करने अन्य राज्य गये थे। लौटने के बाद जमीन पर मनरेगा से कुआं बनाये जाने की शिकायत दर्ज करायी गयी है।

### ऑनलाइन बॉडी बिल्डिंग फिटनेस अवॉर्ड सीजन 3 के विजेता बने संजीत कुमार सोनू

**गिरिडीह।** ऑनलाइन बॉडी बिल्डिंग फिटनेस अवॉर्ड सीजन 3 में गिरिडीह के बॉडी बिल्डर संजीत कुमार सोनू ने प्रथम स्थान हासिल कर गिरिडीह का नाम रोशन किया है। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन वीवा फिटनेस और निपुण अग्रवाल की ओर से किया गया था। जिसमें देशभर के करीब 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। बताया गया कि प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को यूट्यूब और इंस्टाग्राम के माध्यम से वोट कर के चुनना था। जिसमें गिरिडीह के संजीत कुमार सोनू को सबसे अधिक वोट मिले और वो प्रतियोगिता के विजेता बने। सोनू के विजेता बनने पर दिल्ली में चल रहे शेरू क्लासिक में विवा फिटनेस की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें कंपनी का ब्रांड एम्बेसडर भी बनाया गया है। संजीत कुमार सोनू के इस सफलता पर गिरिडीह में सुबोल दा और डाक्टर सीके सिंह ने भी उन्हें सम्मानित किया। संजीत के इस जीत से गिरिडीह के बॉडी बिल्डर में काफी खुशी का माहौल है। सभी संजीत कुमार सोनू को बधाई दे रहे हैं।

### कन्वाई यूनियन ने कारखाना निरीक्षक पर लगाया जांच लटकाने का आरोप



**जमशेदपुर।** कन्वाई चालक संघ ने मुख्य कारखाना निरीक्षक मनीष कुमार पर टाटा मोटर्स एवं टीटीसीए प्रबंधन के खिलाफ जांच लटकाने का आरोप लगाया। यूनियन के नेता ज्ञानसागर प्रसाद ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर कन्वाई चालक एक मार्च से धरना पर बैठे हैं। चालकों की शिकायत पर उप श्रमायुक्त ने कारखाना निरीक्षक को वाजिब मांगों की जांच करने तथा कार्रवाई का निर्देश दिया है। लेकिन इतने महीने बाद भी मुख्य कारखाना निरीक्षक द्वारा जांच पूरी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि कई बार इस मामले को लेकर कारखाना निरीक्षक से कार्रवाई की मांग की गई।

**370 रुपये के हिसाब से मिलती है मजदूरी :** आरोप लगाया कि टाटा मोटर्स के कर्मचारियों से 8।30 घंटे काम लिया जाता है। इसके एवज में उन्हें वेतन के साथ-साथ मेडिकल सुविधा, आवास, बच्चों के पढ़ने लिखने में मदद के अलावे कंपनी उन्हें नौकरी देती है। कन्वाई चालकों से 24 घंटे काम लिया जाता है। उन्हें उपरोक्त सुविधाओं से वंचित रखा गया है। केवल 370 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी मिलती है। ना ओवर टाइम, ना न्यूनतम मजदूरी, ना पीएफ, ना एक्सीडेंट होने पर कोई मुआवजा, बोनस, आवास की सुविधा नहीं मिलती है। ऐसे में अब कन्वाई चालकों का सब्र जवाब दे रहा है।

### ढुल्लू को काला झंडा दिखाने पर बवाल, भाजपाइयों ने मासस कार्यकर्ताओं को दौड़ाकर पीटा

**धनबाद।** कुमारधुबी-मैथन मोड़ पर धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो के सम्मान में शुक्रवार को जमकर बवाल हुआ। दरअसल, कार्यक्रम स्थल पहुंचे ढुल्लू महतो को मासस व राजद समर्थकों ने काला झंडा दिखा दिया। इससे नाराज ढूल्लू महतो के समर्थकों व भाजपा कार्यकताओं ने काला झंडा दिखाने वालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। वारदात में स्थानीय युवक सोनू लाला गंभीर रूप से घायल हो गया है। जवाब में मासस व राजद समर्थकों ने भी पथराव व हंगामा किया। पथराव में भाजपा समर्थक नवीन नामक युवक घायल हुआ है। अन्य पांच छह लोगों के भी घायल होने की सूचना है। कुछ पल के लिये आयोजन स्थल रणक्षेत्र बना रहा। हो-हंगामा देख ढुल्लू महतो कार्यक्रम छोड़ अपने काफिले के साथ धनबाद लौट गये। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। कुमारधुबी पुलिस आयोजन स्थल और आसपास क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। राजद नेत्री सुनीता सिंह व युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इससे पूर्व तेतुलिया व पांड्रा स्थित भाजपा कार्यालय में विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में भाजपाइयों ने ढूल्लू महतो का जोरदार स्वागत किया।

# लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का करें अनुरोध : उपायुक्त

*सर्कस मैदान से घर-घर पेड़ लगाओ अभियान का उपायुक्त नमन प्रियेश ने किया शुभारंभ*

*अभियान में उपायुक्त ने लोगों के बीच पौधा का वितरण किया*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के सर्कस मैदान में घर-घर पेड़ लगाओ अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा किया गया। इस मौके पर कई आमजनों /समाजसेवी /महिलाओं के बीच पौधा का वितरण किया गया। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी विभागों/संस्थाओं/इंडस्ट्रीज से समन्वय स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उपरांत पुनः मनरेगा के तहत भी बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधारोपण का कार्य शुरू किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक गांव में 35-35 पेड़ लगाने की योजना है, जिससे की हमसब एक लाख वृक्षारोपण करने में सफल होंगे।उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण को लेकर जिला स्तर पर भी बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर आधिकारिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसमें सभी की सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी का दायित्व होना चाहिए और इस अभियान में हमें आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में शामिल सभी अधिकारियों एवं संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# पानी के लिए मचा हाहाकार, आक्रोश में महिलाओं ने किया मार्ग जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी को लेकर जिले के विभिन्न इलाकों में जलसंकट की घोर समस्या उत्पन्न हो गयी है। स्थिति यह कि आक्रोश में लोग अब सड़क पर उतर कर विरोध कर रहे हैं। एक तरफ जहां गुरुवार को गिरिडीह सदर प्रखंड के चुंज्का पंचायत में ग्रामीणों ने नल जल योजना से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण जहां संवेदक को बंधक बना लिया था। वहीं शुक्रवार जिले के गांडेय प्रखंड के गांडेय पंचायत अंतर्गत हिरजन टोला की महिलाएं मोहदा मोड़ के पास सड़क पर उतर आई और गिरिडीह-जामताड़ा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मौके पर काफी संख्या में महिला-पुरुष बच्चे सभी अपने अपने घरों से बाल्टी, डेकची आदि को लेकर सड़क पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं में पानी समस्या को लेकर खासा आक्रोश देखा गया। विरोध कर रही महिलाओं ने कहा कि नल जल योजना से बनी टंकी सिर्फ शोभा की वस्तु बन गई है। वहीं पंचायत में 5 चापानल है, लेकिन सभी खराब पड़े हुए है। इस कारण इन्हें काफी परेशानी हो रही है और प्रचंड गर्मी में दूर तालाब से पानी लाकर पीना पड़ रहा है। इधर आक्रोश और सड़क जाम की सूचना पर प्रखंड के बीडीओ निशात अंजुम, प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाण्डेय, भाजपा नेता यदुनंदन पाठक आदि मौके पर पहुंचे और आक्रोशित महिलाओं से वार्ता की। इस दौरान अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोग माने और सड़क से जाम हटा लिया। अधिकारियों द्वारा पीएचडी 2 से कर्मियों को बुलाकर नल जल योजना से जुड़ी गड़बड़ी को ठीक कर पानी सप्लाई चालू करने का निर्देश दिया गया है।



## चार आदिवासी बच्चे 24 घंटे से लापता, बाल तस्करी की आशंका

बोकारो। कसमार थाना क्षेत्र के पोंडा गांव के चार आदिवासी बच्चे 24 घंटे से घर से लापता हैं. परेशान परिजनों ने थाना में आवेदन पुलिस से बच्चों को खोजने की गुहार लगाई है. थाने में दिए आवेदन में उन्होंने बाल तस्करी की आशंका जताई है. कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व सहयोगिनी के कार्यकर्ता रवि कुमार राय ने बताया कि लापता बच्चों में रोहित कुमार हंसदा का पुत्र सागर हंसदा (12 वर्ष), बाबू दास मांझी का पुत्र राजू बेसरा (14 वर्ष), जीतेंद्र कुमार हंसदा का पुत्र शशिकांत हंसदा व रोमन मांझी का पुत्र निखिल सोरेन (13 वर्ष) शमिल हैं. चारों किशोर गुरुवार सुबह से अपने घर से गायब हैं. उन्होंने बताया कि बोकारो से ओरमांझी तक बन रहे भारतमाला प्रोजेक्ट के सड़क निर्माण स्थल पर इन्हें आखिरी बार देखा गया था. इधर, कसमार थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. पोंडा पंचायत के मुखिया हारू रजवार ने भी पुलिस से बच्चों को खोज निकालने का आग्रह किया है. सहयोगिनी के रवि कुमार राय ने कहा कि बोकारो में बाल तस्करी व बाल मजदूरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

# बकरीद को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की शांति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** ईद उल अजहा को लेकर शुक्रवार को डुमरी अनुमंडल सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी शहजाद परवेज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा ईद-उल- अजहा (बकरीद) पर्व में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की गई। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी शहजाद परवेज तथा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी डुमरी सुमित प्रसाद के द्वारा निर्देश दिया गया कि बकरीद में प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी पर प्रशासन द्वारा नजर रखी जाएगी। किसी को इसके संबंध में जानकारी प्राप्त होती है तो सर्वप्रथम अनुमण्डल प्रशासन को सूचित करेंगे। उपस्थित सभी थाना प्रभारी को इसके लिए कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। वहीं कुबार्नी दी जाने वाले पशु के अवशेषों को उचित गहराई का गढ्ढा खोदकर उसे मिट्टी में दबा देने, किसी भी प्रकार के अफवाह का सत्यापन नहीं करने तथा उसकी सूचना अनुमण्डल प्रशासन को देने, किसी भी प्रकार का भ्रामक अफवाह को तवज्जो नहीं देने एवं अफवाह को फैलने से रोकने का प्रयास करने का आदेश दिया गया। इसके साथ ही बैठक के दौरान उपस्थित मुखिया से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने पंचायत में अवस्थित मास्जिद/ इमामबाड़ा/ ईदगाह में कुबार्नी का नमाज अदा करने का समय निर्धारित करते हुए इसकी सूचना प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/थाना प्रभारी को उपलब्ध कराऐंगे।

बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, डुमरी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डुमरी/ पीरटांड़, अंचल अधिकारी, डुमरी/ पीरटांड़, पुलिस अंचल निरीक्षक, डुमरी के सभी थाना प्रभारी, डुमरी अनुमण्डल, अनुमण्डल स्तरीय शांति समिति के सदस्य समेत बुद्धिजीवि व समाजसेवी उपस्थित थे।

# तस्करी के लिए ले जाए जा रहे मवेशी को पुलिस ने किया जब्त

**गिरिडीह।** बगोदर थाना पुलिस ने गोपालडीह जी०टी० रोड के पास वाहन जांच अभियान चलाकर तस्करी के लिए ट्रक से ले जाए जा रहे 20 भैंस एवं 10 भैंस का बच्चा बरामद किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। बताया गया कि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को पशु तस्करी से संबंधित प्राप्त गुप्त सूचना पर बगोदर थाना पुलिस ने बगोदर थाना अन्तर्गत बगोदर बाईपास झरी पुल के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच के क्रम में बरही के तरफ से आ रही एक ट्रक को रूकने को कहा गया लेकिन ट्रक चालक तेज गति से भागने लगा। पुलिस द्वारा भागते हुए ट्रक को ओवर टेक कर गोपालडीह जी०टी० रोड के पास सशस्त्र बलो के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़ाये ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक में 30 पशु को बरामद किया गया ।साथ ही 03 व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। गिरफ्तार पटना निवासी सुनिल कुमार, लाल बाबु कुमार और रोहतास निवासी मकसूद आलम के खिलाफ पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई में जुटी हुई है।



# रक्तदान करने को लेकर उपायुक्त ने की अपील

*सर्वाधिक रक्तदान करने को लेकर गिरिडीह जिला को मिला प्रशस्ति पत्र, उपायुक्त ने सभी का किया आभार व्यक्त*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी ने गिरिडीह जिला को सर्वाधिक रक्तदान करने को लेकर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। इस अवसर पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों/रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों और रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया है। कहा कि यह सम्मान पूरे जिला का है। सभी के सहयोग और समन्वय से गिरिडीह जिला रक्तदान करने में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आगे भी गिरिडीह जिला प्रशासन रक्तदान को लेकर निरंतर बेहतर कार्य करता रहेगा, ताकि जिले में रक्त की कमी न हो पाएं। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी जिलेवासियों को विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही सदर अस्पताल, गिरिडीह में अवस्थित ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को रक्त मिलने से उसका जीवन बच पाता है। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी से रक्तदान करने की अपील की और अन्य लोगों को भी रक्त दान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। वहीं विश्व रक्तदाता दिवस पर कई लोगों ने रक्तदान किया। सभी को उपायुक्त ने सम्मानित किया और रक्तदान के महत्व को बताया।

## फिर मिली धमकी से सहमा ज्वेलर्स परिवार

**बोकारो।** फुसरो के ज्ञान ज्वेलर्स में गोलीकांड के बाद अपराधियों ने फिर दुस्साहस दिखाई है। एक तरफ फुसरो बाजार के आक्रोशित दुकानदार सड़क जामकर फायरिंग करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपराधियों ने वाट्सएप पर ज्ञान ज्वेलर्स के मालिक ज्ञानेश्वर प्रसाद वर्मा को फिर धमकी दी है। इससे पूरा परिवार भयभीत है और झारखंड छोड़कर जाने की बात कह रहा है। उनका कहना है कि अब झारखंड छोड़ने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। ज्ञात हो कि ज्ञान ज्वेलर्स में बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने ज्वलेर्स के मालिक ज्ञानेश्वर प्रसाद वर्मा और उनके बेटे को निशाना बनाकर गोली चलाई थी। फायरिंग में दुकान के शीशे टूट गए थे, ईश्वर का शुक्र था कि दुकानदार और उनका बेटा दोनों बाल-बाल बच गए थे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड**

कार्यालय कृत्रिम प्रजनन पदाधिकारी, फ्रोजेन सीमेन बैंक, राँची –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची।

**पशुपालकों हेतु आम सूचना**

मादा बाछियों की उत्पत्ति हेतु लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से कृत्रिम गर्भाधान सेवा

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत लिंग परिष्कृत वीर्य से त्वरित नस्ल सुधार (Accelerated Breed Improvement Programme using Sex Sorted Semen under RGM) में राज्य के सभी जिलों के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जाना है। ज्ञात हो कि सामान्य वीर्य से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं को औसत 50:50 प्रतिशत होता है, जबकि लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं का औसत 90:10 प्रतिशत होता है, जिससे 40% अधिक मादा पशुओं की उत्पत्ति होती है। लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु आप के साथ एकरारनामा किया जायेगा।

**ध्यान योग्य बातें :–**

1. पशुपालक द्वारा प्रतिवर्ष प्रति पशु रुपये 500/– प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक पशु को उच्च गुणवता युक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु अधिकतम दो बार कृत्रिम गर्भाधान किया जा सकेगा। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं है।
2. दो बार कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् भी पशु गर्भित न हो, तो एकरारनामा की सम्पूर्ण राशि (रुपये 500/–) पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
3. यदि नर वत्स की उत्पत्ति होती है, तो रुपये 500/– में से आधी राशि अर्थात रुपये 250/– पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
4. उक्त कार्यक्रम हेतु 1st से 3rd ब्यान की सामान्य ऋतु चक्रीय मादा (Normal Cyclic Bovines) जिनकी प्रजनन क्षमता अच्छी हो, का चयन किया जायेगा। किसी प्रकार की बांझपन आदि समस्या हेतु स्थानीय पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जायेगी।
5. यदि पशु पूर्व से चिन्हितीकरण एवं निबंधन किया हुआ न हो, तो सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निःशुल्क निबंधन किया जायेगा। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
6. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें।

अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि राज्य में अधिकाधिक उच्च गुणवता युक्त बाछियों का उत्पादन कर त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके। विशेष जानकारी हेतु अपने निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/ स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए०, राँची से सम्पर्क करें।

निवेदक
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जे०एस०आई०ए०, राँची

PR 326407 Animal Husbandry(24-25)#D

**सुप्रभात**

**भगवान मूर्तियों मे नहीं बसता, आपकी अनुभूति ही आपका ईश्वर है और आत्मा आपका मंदिर : चाणक्य**

# अमेरिका बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की तैयारी में

**इंटरनेट** और सबसे सस्ते डेटा प्लान से हमारे बहुत से काम आसान हो गए हैं और ऑनलाइन पेमेंट के मामले में हम विश्वगुरु हैं पर इस अंधी दौड़ में हमने अपने बच्चों की ओर से आंखें मूँद लीं जिस कारण अश्लील, भ्रामक से लेकर आपत्तिजनक कंटेंट उनके बालपन को बर्बाद कर रहा है। अमेरिका के फ्लोरिडा में 14 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने का बिल लाया गया है। इस बिल के अनुसार, सोशल मीडिया से बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हो रहे हैं। बिल के अनुसार, बच्चों को सोशल मीडिया के उपयोग के लिए माता-पिता की स्वीकृति जरूरी होगी। यह कदम बच्चों को अवसाद, आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ऑनलाइन खतरों से बचाने के लिए उठाया गया है। सोशल मीडिया अपनी बात कहने की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अमेरिका के इतिहास में सोशल मीडिया पर यह सब से बड़ी कार्रवाई है। साइबर बुलिंग एक तरह की ऑनलाइन बदमाशी है, जो डिजिटल माध्यमों से होती है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग व गेमिंग प्लेटफॉर्म पर साइबर बुलिंग की घटनाएं बाल मानस पर विपरीत असर डाल रही हैं। सोशल मीडिया पर खास नियंत्रण न होने से झूठ फैलाना, शर्मनाक तस्वीरें, वीडियो, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म से हल्के मैसेज और फोटो की मार चलती है। ऑनलाइन वीडियो गेम के दुरुपयोग के मामले बहुत बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन गेमर्स के पास चैट करने के लिए एक माइक्रोफोन के उपयोग के माध्यम से अन्य उपयोगकर्ता से बात करने की सुविधा होती है। इसका उपयोग टीमवर्क को प्रोत्साहित करने, दोस्ती निभाने और सामान्य रूप से गेमिंग के समग्र अनुभव को बेहतर बनाना होता है। कुछ लोग इस तकनीक का गलत फायदा उठाकर इसका लाभ मौखिक दुर्व्यवहार या टेक्स्ट मैसेजिंग के माध्यम से करते हैं। सुविधा के नाम पर या देखादेखी बच्चों को फोन देने के बजाय माता-पिता को यह जानना चाहिए कि फोन की जरूरत क्या है? विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से यूरोप के संदर्भ में कहा गया है कि ऑनलाइन की दुनिया बच्चों के लिए बहुत ही असुरक्षित बन रही है। बच्चे 24 घंटे में लगभग छह घंटे ऑनलाइन रहने लगे हैं। दुनिया का हर छठा बच्चा ऑनलाइन हिंसा का शिकार हो रहा है। इसके लिए यूरोप, पश्चिमी एशिया और उत्तरी अमेरिका के 44 देशों के 11 से 15 साल के 27,900 बच्चों के डाटा का अध्ययन किया गया है, जिससे पता चला है कि 16 प्रतिशत बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार हुए थे। चार साल पहले बच्चों में साइबर बुलिंग की मात्रा 12 प्रतिशत थी। कोरोना महामारी के लंबे लॉकडाउन के बाद किशोरों और किशोरियों की दुनिया तेजी से वर्चुअल बन गई। परिणामस्वरूप वर्चुअल हिंसा भी बढ़ी। एक समय घर, स्कूल और समुदायों में बच्चे हिंसा का सामना करते थे। अब एसएमएस, फोटो, वीडियो और ईमेल चैट से साइबर बुलिंग का शिकार बनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बच्चों के साथ सब से अधिक साइबर बुलिंग बुल्गारिया, लिथुआनिया, मोल्डोवा और पोलैंड में देखने को मिलती है। साइबर बुलिंग के शिकार बच्चे अपनी रुचि के विषयों पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। डिप्रेशन, बेचैनी और गुस्से जैसे मानसिक लक्षण जब शारीरिक लक्षणों थकान, नींद न आना, सिर और पेट में दर्द देखने को मिलता है। माता-पिता को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे अपनी व्यक्तिगत जानकारी नाम, पता और फोन नंबर आदि शेयर न करें। बच्चों को स्क्रीनशॉट, ईमेल और टेक्स्ट मैसेज जैसे साइबर बुलिंग के सबूत इकट्ठा करने की समझ देनी चाहिए। 2022 में अमेरिका की एक कंप्यूटर सिक्योरिटी कंपनी ने जानकारी दी थी कि भारत के बच्चों में साइबर बुलिंग अधिक देखने को मिलती है। 45 प्रतिशत भारतीय बच्चों ने माना था कि कभी न कभी किसी अनजान व्यक्ति की धमकी मिली थी, जिसमें 42 प्रतिशत नस्लवादी, 35 प्रतिशत यौन उत्पीड़न और 23 प्रतिशत जानकारी लीक करने की धमकी थी। अन्य देशों की अपेक्षा भारतीय बच्चे कम उम्र में ही मोबाइल का उपयोग सीख जाते हैं। भारतीय माता-पिता साइबर अपराध के बारे में बच्चों से कम बात करते हैं। बच्चे डाटा लिमिट खत्म होने तक ऑनलाइन सक्रिय रहते हैं। गर्मी की छुट्टियों में बच्चे पढ़ाई के नाम पर ज्यादा मोबाइल पर सक्रिय रहते हैं। कोविड के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हुई तो उसी के बाद बच्चों में मोबाइल के प्रति रुचि बढ़ गई, जो अब भी यथावत है।

अंतरराष्ट्रीय पिता दिवस पर विशेष

# पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाएं



ललित गर्ग

**किसी** के भी जीवन में पिता की क्या भूमिका होती है, इसे शब्दों में बयां करने की भी जरूरत नहीं है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2024 की थीम ''सेलिब्रेटिंग फादरहुडः स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस'' पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है। माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है। पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- 'मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें।' प्राण त्यागते हुए भी जिसे अपने माता-पिता का ध्यान रहे, वह संतान उस युग में ही नहीं, इस युग में भी धन्य है। उसे किसी काल की परिधि में नहीं बांध सकते। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। यह अलग बात है कि बेटे को चोट लगने पर मां पुचकार देती है, चोट लगी जगह पर फूंक की ठंडक देती है, वहीं पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात

### क्या करें इन नेताओं का ?

राकेश दुबे

**इस** बात से हर भारतीय परिचित है कि भारत पर चीन ने 1962 में हमला किया था और लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में भारत की बहुत सी जमीन पर कब्जा कर लिया था। देश की रक्षा करते हुए भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया था। यह ठीक है कि सरदार पटेल ने बहुत पहले ही प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को बाकायदा एक पत्र लिखकर आगाह किया था कि चीन भारत पर हमला कर सकता है। तिब्बत के उस समय के शासक दलाई लामा भी जब महात्मा बुद्ध की पच्चीस सौंवी जयंती के अवसर पर भारत आए थे, तो चीन को लेकर परोक्ष रूप से सावधान कर गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वतीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर ने भी चीन की नीयत पर शंका जाहिर की थी, लेकिन नेहरु, जो स्वयं को उन दिनों अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ मानते थे, इन सब चेतावनियों को नकारते हुए 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगाते रहे और चीन के नेताओं को बुलाकर स्कूलों के बच्चों के हाथ में चीन का झंडा थमा कर उनका स्वागत करते रहे। इस सबका परिणाम यह हुआ कि चीन ने 1962 में भारत पर हमला कर दिया और भारत को शिकस्त दी। सरकार ने बहुत ही होशियारी से शिकस्त की जिम्मेदारी भारतीय सेना के गले में बांधनी चाही तो जनता ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि भारत की सेना के शौर्य का प्रदर्शन तो द्वितीय विश्व युद्ध में दुनिया ने देखा था। यह सरकार की नीतियों की पराजय थी। उस समय भी चीन के इस हमले को लेकर भारत में विवाद शुरू हो गया था। उधर सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना युद्धरत थी, इधर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया में तो बाकायदा युद्ध ही छिड़ा हुआ था। कम्युनिस्ट पार्टी में यह युद्ध इस बात को लेकर हो रहा था कि हमला किसने किया? एक ग्रुप का कहना था कि चीन ने भारत पर हमला किया, लेकिन दूसरे ग्रुप का कहना था कि हमला भारत ने चीन पर किया। 'भारत ने चीन पर हमला किया' कहने वालों में ज्योति बसु नम्बूदरीपाद और पंजाब के हरकिशन सिंह सुरजीत शामिल थे। इस ग्रुप ने सीपीएम के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली थी। उधर चीन के हाथों मिली पराजय के बाद भी नेहरु ने चीन की तरफदारी करनी नहीं छोड़ी। संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन की शमूलियत और उसे वीटो पावर दिए जाने की वे अंत तक वकालत करते रहे। उन दिनों विश्व की जिस प्रकार की दो ध्रुवीय राजनीति चल रही थी, उसमें भारत को प्रस्ताव दिया गया था कि यदि वह चीन की पूंछ छोड़ दे, तो उसे सुरक्षा परिषद में स्थान दिया जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की चीन के साथ उस समय भी क्या सांझेदारी थी, इसे आज तक कोई नहीं समझ सका। इसे काल की न्यारी गति ही कहना चाहिए उस समय के बड़े कांग्रेस नेता और केन्द्रीय मंत्री नटवर सिंह, जिन्हें इस बात का बहुत अभिमान था कि वे चीनी भाषा चीनियों से भी बेहतर जानते हैं, पंचशील को जिंदा करने के लिए बीजिंग के चक्कर लगाने लगे। खैर भारत के लोग सब जानते हैं और यह भी जानते हैं कि चीन के सत्ताधारी किस प्रकार के हैं। अब कांग्रेस ने एक बार फिर चीन का मामला उठाना शुरू किया है। सब जानते हैं कि भारत के विरोध में इस समय चीन और पाकिस्तान घी-शक्कर हैं, लेकिन जब भी कहीं भारत-पाकिस्तान या फिर भारत-चीन की भिड़ंत होती है तो कांग्रेस एकदम अपने बनावटी खोल से निकल कर अपने असली रंग में दिखाई देने लगती है। आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करने के लिए जब भारतीय सेना ने बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो कांग्रेस ने एकदम से उसे गप्प करार दिया। उसने कहा, ऐसा हुआ ही नहीं, सेना सबूत दिखा दे। सेना की मुसीबत यह है कि उसे दुश्मन पर हमला कर भारत को सुरक्षित भी रखना होता है और उसके लिए कांग्रेस को सबूत भी दिखाना होता है। पता चला मामला कहीं और ज्यादा गहरा है। सोनिया गांधी परिवार के एक ट्रस्ट राजीव गांधी फाऊंडेशन को चीन से पैसा भी मिलता रहा है।

**(भोपाल)**

राजनीति

# इंडिया की आंखों से भारत को मत देखिए!

प्रो. संजय द्विवेदी

**आजकल** राष्ट्रीयता, भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी।

> **कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# गुम हो रही आंगन की गौरैया

घरों को अपनी चीं..चीं की आवाज से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते बड़े हुआ करते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। आधुनिकता की अंधी दौड़ के कारण गौरैया के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। स्थिति यह है कि इस पक्षी की संख्या लगातार कम होती जा रही है। कहीं-कहीं तो यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। गौरैया को बुद्धिमान चिड़िया माना जाता है। उसकी खासियत है कि वह परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को न सिर्फ ढाल लेती है बल्कि अपना घोंसला व भोजन भी उनके अनुकूल बना लेती है। इन्हीं विशेषताओं के कारण यह विश्व में सबसे ज्यादा पाई जाने वाली चहचहाती चिड़िया बन गई। गौरैया बहुत ही सामाजिक पक्षी है और ज्यादातर पूरे वर्ष झुंड में उड़ती है। एक झुंड 1.5-2 मील की दूरी तय करता है। लेकिन भोजन की तलाश में अक्सर वह 2-5 मील भी निकल जाती है। गौरैया का प्रमुख आहार अनाज, जमीन पर बिखरे दाने व कीड़े-मकौड़े हैं। कीड़े खाने की आदत के चलते उसे किसानों का मित्र माना जाता है। पहले गौरैया जब अपने बच्चों को चुग्गा कराती थी तो हम बड़े ही कौतूहल से उसे देखते थे। लेकिन अब इसके दर्शन भी मुश्किल हो गए हैं। वह विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में आ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गौरैया की आबादी में 70 से 80 फीसद तक की कमी आई है। अगर उसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास बन जाए। इसके बाद भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। कभी खुले आंगन में फुदकने वाली यह चिड़िया, छप्परों में घोंसले बनाने वाली यह चिड़िया, बच्चों के हाथों से गिरे अनाज खाने वाली चिड़िया अब बंद जाली के आंगन व बंद दरवाजों की वजह से अपनी दस्तक नहीं दे पाती हमारे घरों में। गाहे-बगाहे अगर यह दाखिल भी हो जाती है तो छतों पर टंगे पंखों से टकरा कर दम तोड़ देती है। बड़ा दर्दनाक है यह सब जो इस अनियोजित विकास के दौर में हो रहा है। आधुनिकता व विकास के कारण हम अपने आसपास सदियों से रह रहे तमाम जीवों के लिए कब्रगाह तैयार करते जा रहे हैं। बिना यह सोचे कि इसके बिना यह धरती और हमारा पर्यावरण कैसा होगा। गौरैया एक छोटी चिड़िया है। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है। नर गौरैया की पहचान उसके गले के पास काले धब्बे से होती है। 14 से 16 सेमी. लंबी यह चिड़िया मनुष्य के बनाए हुए घरों के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में यह कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों गावों और खेतों के आसपास यह बहुतायत से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग, नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते हैं। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। ■ **अम्बरीष कुमार सक्सेना**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

### अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर




**उत्तर** भारत में जम्मू के वैष्णो देवी मदिर के बाद सबसे अधिक महावीर मदिर की आय है। आचार्य किशोर कुणाल कहते हैं, हमने मदिर की कमाई में पूरी पारदर्शिता रखी है। भारत में कई ऐसे मदिर हैं, जिनकी कमाई महावीर मदिर से अधिक हो सकती है, लेकिन वे असली कमाई घोषित नहीं करते हैं। महावीर मदिर की कमाई से महावीर कैंसर सस्थान, महावीर वात्सल्य, महावीर आरोग्य सस्थान व नेत्रालय आदि का सचालन होता है। महावीर कैंसर अस्पताल में मरीजों को तीनों टाइम का खाना मुफ्त मिलता है। सामान्य मरीजों को भर्ती होते ही दस हजार रुपए व गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले मरीज को 15 हजार रुपए इलाज के लिए दिए जाते हैं। **आमलोगों ने कारसेवा कर बनाया मंदिर का शिखर :** आचार्य कुणाल बताते है, महावीर मदिर के वर्तमान स्वरूप का उद्घाटन पाच मार्च 1985 को हुआ। रोचक बात यह है कि मदिर का निर्माण तो मिस्त्री और मजदूरों ने किया मगर मदिर के शिखर का निर्माण आम लोगों ने कार सेवा में भाग लेकर पूरी श्रद्धा से किया। मदिर के शिखर के निर्माण में आम लोगों ने मजदूर बनकर काम किया।

**(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### अब अपने बच्चों के मोबाइल पर रखिए सावधानी से नजर



पैरेंटल कंट्रोल टूल आपके गूगल प्ले स्टोर में अवेलेबल है और इसके जरिए आप पता कर सकते हैं कि आपका बच्चा मोबाइल पर क्या कर रहा है, क्या कंज्यूम कर रहा है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति हर वक्त अपने बच्चों पर फिजिकल नजर नहीं रख सकता है। ऐसे में यह काफी मददगार साबित हो सकता है। आज के समय में अगर कोई एक टेक्नोलॉजी बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित कर रही है तो वह है आपकी स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी। फोन में तो जैसे बच्चों की दुनिया ही समा गई है। आज हर घर की यह समस्या बन गई है कि उनके बच्चे फोन के एडिक्ट होते जा रहे हैं। वह चाहे गेमिंग हो, चाहे वीडियो इस्तेमाल करना हो आप देखेंगे कि प्रत्येक घर का माहौल इस मोबाइल ने कहीं ना कहीं डिस्टर्ब करके रख दिया है। प्रत्येक मां-बाप चिंतित रहने लगा है, उसे इस बात की चिंता ज्यादा होती है कि आखिर उसका अपना बेटा या बेटी इंटरनेट पर जो कंटेंट कंज्यूम कर रहे हैं वह उनके अपने जीवन के लिए कितना लाभदायक या हानिकारक है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# यूपी के उपचुनाव में भी होगी कांग्रेस-सपा गठबंधन की परीक्षा

एजेंसी



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बाद यूपी में होने वाले उपचुनाव में सपा-कांग्रेस के गठबधन की परीक्षा होगी, क्योंकि जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के उम्मीदवार ही जीते हैं। हालांकि, इनमें से कितनी सीटों पर दोनों दलों की सहमति बनेगी, इस पर भी सबकी नजर टिकी हुई है।

लोकसभा चुनाव के बाद फूलपुर, खैर, गाजियाबाद, मझावन, मीरापुर, अयोध्या, करहल, कटेहरी, कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों पर उपचुनाव होना तय हो गया है। इसके साथ अभी हाल में कानपुर के विधायक को हुई सजा के बाद वहां भी उपचुनाव की संभावना बन रही है। भाजपा व सहयोगी दलों ने लोकसभा चुनाव के मैदान में सबसे ज्यादा आठ विधायकों को चुनावी मैदान में उतारा था। वहीं, समाजवादी पार्टी ने छह विधायकों को चुनावी रण में उतारा था।

राजनीतिक जानकार बताते हैं कि कांग्रेस को लोकसभा में छह सीटों पर सफलता मिली है। इस कारण पार्टी को संजीवनी मिल गई है। ऐसे में वह उपचुनाव में कुछ सीटों की डिमांड कर सकती है। हालांकि, इसमें ज्यादातर सीटें सपा के पाले की हैं। ऐसे में यह लोग सपा से कितना मोलभाव कर सकते हैं। यह समय बताएगा। लोकसभा चुनाव में हर कदम मिलाकर सपा के साथ चलने वाली कांग्रेस क्या सपा के प्रत्याशियों के जिताने के लिए उसी तरह अपने कार्यकताओं को सक्रिय करेगी। यह भी देखना होगा।

सियासी जानकार बताते हैं कि ताजा चुनाव परिणाम से उत्साहित कांग्रेस व सपा दोनों की नजर अभी से अगले विधानसभा चुनाव पर है। इससे पूर्व नौ सीटों पर उपचुनाव दोनों दलों के लिए आपसी रिश्तों व प्रदर्शन के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। खासकर कांग्रेस के सामने अपने जनाधार को बचाए रखने की भी बड़ी चुनौती है।

कांग्रेस संगठन के महासचिव अनिल यादव का कहना है कि सपा के साथ हमारा गठबंधन है। उपचुनाव पर हमारे बड़े नेता इस पर बात करेंगे। उसके लिए एक कमेटी बनी है। अभी यूपी उपचुनाव की कोई तिथि भी नहीं आई है।

सपा प्रवक्ता सुनील साजन कहते हैं कि हमारा कांग्रेस के साथ गठबंधन है। उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे या अकेले, इस पर फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे। जहां हमारी सीट है, वहां कांग्रेस क्यों लड़ेगी। जो भी होगा हमारे नेता आपस में बैठकर तय कर लेंगे। उपचुनाव की सारी सीटें सपा ने जीतने का लक्ष्य रखा है। हम यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन में हैं और रहेंगे।

# बर्ड फ्लू का साक्ष्य नहीं, आराम से खा सकते हैं पोल्ट्री प्रोडक्ट : बंगाल सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से पोल्ट्री पक्षियों के किसी भी नमूने में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम ने कहा कि राज्य सरकार पोल्ट्री उत्पादों के उपयोग पर फिलहाल किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाने नहीं जा रही है। पश्चिम बंगाल में स्थिति सामान्य है और चिंता की कोई बात नहीं है। सक्रिय इन्फ्लूएंजा की जांच-पड़ताल में एक भी व्यक्ति वायरस प्रभावित नहीं पाया गया। बीमारी का मानव-से-मानव संक्रमण नहीं हुआ है। स्वास्थ्य विभाग चिकन, अंडे जैसे पोल्ट्री उत्पादों के उपभोग पर प्रतिबंध लगाने के बारे में कोई सलाह जारी नहीं कर रहा है।



निगम ने बताया कि राज्य द्वारा संचालित बेलगछिया पशु स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा जैविक संस्थान में पश्चिम बंगाल के विभिन्न भागों से वर्षभर में एकत्र किए गए कुल 30 हजार नमूनों का परीक्षण किया जाता है। तीस प्रतिशत नमूनों को भोपाल स्थित आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में पुनः परीक्षण के लिए भेजा जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मालदा जिले के कालियाचक के चार वर्षीय बच्चे में जनवरी में इस बीमारी का पता चला था, जो उपचार के बाद ठीक हो गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य बच्चा फरवरी में शहर से ऑस्ट्रेलिया गया था तथा वहां पहुंचने के बाद उसमें एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई।

पशु संसाधन विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक कुमार ने बताया, हमने परिवार के सदस्यों तथा अन्य व्यक्तियों की सक्रिय निगरानी की तथा उनमें से किसी में भी वायरस की पुष्टि नहीं हुई। हम केवल इतना कह सकते हैं कि वायरस का स्रोत बंगाल नहीं था। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों की एक टीम ने गुरुवार को मालदा के कालियाचक में एक और दौर का निरीक्षण किया।

# सेना को मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' का पहला बैच सौंप दिया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है। इसे नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की ईईएल को ऑर्डर दिया है। इसमें पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं। यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है।



*आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिए गए हैं ऑर्डर*

*आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर हो सकेंगे सटीक हमले*

# भारत को मिल सकते हैं 26 नए राफेल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच राफेल को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा कि दोनों देशों की सरकारों के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के सौदे को लेकर बातचीत हो रही है। इस दौरान कीमत और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही। रक्षा सूत्रों ने बताया फ्रांस का एक प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली आया हुआ। इसमें उनके आयुध महानिदेशालय के अधिकारी शामिल हैं, जो भारत के साथ चल रहे राफेल सौदे पर निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों देशों की बातचीत में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अधिग्रहण महानिदेशालय के अधिकारी तथा उपयोगकर्ता पक्ष से अन्य सैन्य अधिकारी कर रहे हैं।

**भारत के लिए राफेल क्यों है जरूरी :** पाकिस्तान और चीन से देश की सीमाओं की सुरक्षा हमेशा से एक बड़ा मुद्दा रहा है। वायुसेना में वैसे ही लड़ाकू विमानों की कमी है, ऐसे में राफेल विमान भारत के लिए बहुत ही जरूरी है। इस विमान का उपयोग अफगानिस्तान, इराक, सीरिया, लीबिया और माली में हुई जंगी कार्रवाई में हो चुका है और यह काफी सफल रहा है। अगर राफेल को वायुसेना के जंगी जहाजों के बेड़े में शामिल किया जाता है तो इससे सेना को एक नई ताकत मिलेगी।



## राफेल की खासियत...

- ऑप्ट्रॉनिक सिक्योर फ्रंटल इंफ्रारेड सर्च और ट्रैक सिस्टम से लैस ये लड़ाकू विमान
- एमबीडीए एमआइसीए, मेटेओर, अपाचे जैसी मिसाइलें और गन से लैस है राफेल
- मेटेओर मिसाइल 100 किमी दूर फाइटर जेट को पलभर में मार गिराने में सक्षम
- इस तरह का मिसाइल चीन-पाकिस्तान समेत पूरे एशिया में किसी के पास नहीं
- आईएनएस विक्रमादित्य और विक्रांत सहित विमान वाहक पोत से होगा संचालित
- एक बहुत उपयोगी लड़ाकू विमान, यह ऊंचे इलाकों में भी लड़ने में माहिर है।

## विमानों की खरीद के लिए फ्रांस के साथ सौदे पर बातचीत जारी

**26** राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद होगी

**07** करोड़ की लागत आती है एक विमान बनाने में

**50** हजार करोड़ रुपये से अधिक है कुल लागत

**36** राफेल मौजूद हैं भारतीय वायु सेना के बेड़े में

**15.27** मीटर है राफेल विमान की लंबाई

**60,000** फुट की ऊंचाई तक जा सकता है एक मिनट में

**2200** से 2500 किमी. प्रतिघंटा है विमान की रफ्तार

**3700** किलोमीटर है विमान की रेंज

**1.30** एमएम गन 125 राउंड गोलियां चलाने में सक्षम

# तृणमूल ने बंगाल की चार विस सीटों पर उम्मीदवारों के नाम किये घोषित



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की चार विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर उत्तर दिनाजपुर जिले की रायगंज सीट से जीतने वाली कृष्णा कल्याणी को उसी सीट से उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने विधानसभा के इस्तीफा दे दिया था और तृणमूल के टिकट पर रायगंज लोकसभा सीट से लड़ी थीं, हालांकि वह हार गईं।

इसी तरह, मुकुट मणि अधिकारी भी नादिया जिले की राणाघाट दक्षिण सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गये थे। वह भी इस्तीफा देकर तृणमूल के टिकट पर राणाघाट लोकसभा सीट से लड़े और हार गये। अब सत्तारूढ़ दल ने उन्हें राणाघाट विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने माणिकताल विधानसभा सीट से सुप्ति पांडे को टिकट दिया है। उनके पति साधन पांडे के निधन से यह सीट खाली हुई है, जो तृणमूल कांग्रेस विधायक थे। असली ट्विस्ट उत्तर 24 परगना जिले के बागढ़ा विधानसभा सीट पर देखने को मिला है।

# आज का राशिफल

**मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृषभ** — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क** — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु** — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर** — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के बाद बढ़ाई गई अयोध्या की सुरक्षा

## एसएसपी राजकरण नय्यर ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**अयोध्या।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दिए जाने के बाद अयोध्या अलर्ट मोड पर आ गई है। राम मंदिर में निगरानी बढ़ा दी गई है। राम मंदिर समेत महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की भी सुरक्षा में इजाफा किया गया है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करते हुए सीनियर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। विभिन्न जोन में सुरक्षाकर्मी पहले से ही तैनात हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई



कंपनियां प्राप्त हुई हैं। पीएसी को लगाकर सुरक्षा की जा रही है। महत्वपूर्ण स्थलों की भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी 24 घंटे की जाती है। पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से देखा जाता है, जो भी रियल टाइम इनपुट जनरेट होते हैं, उसको लेकर ग्राउंड पर लगे हुए लोगों को तत्काल कंट्रोल रूम से सूचित किया जाता है। उसी के हिसाब से कार्रवाई की जाती है। वहीं, रामजन्मभूमि परिसर में तैनात अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है।

# गुरमीत राम रहीम ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर फरलो की मांग की

**चंडीगढ़।** साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारियां जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर कर 21 दिन का फरलो मांगा है। हाई कोर्ट ने इस संबंध में हरियाणा सरकार तथा शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी को नोटिस जारी कर दिया है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राम रहीम की याचिका पर सुनवाई के दौरान उसे फटकार लगाई। याचिका के जवाब में हाई कोर्ट ने कहा कि वह कार्यक्रम को स्थगित कर सकते हैं। हाई कोर्ट ने नाराजगी भरे लहजे में यह भी कहा कि पहले कार्यक्रम रख लेते हो, फिर कोर्ट में आकर याचिका लगा इसमें शामिल होने का दबाव डालते हो।

# नारायणपुर जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट से आईटीबीपी के दो जवान घायल

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर ज़िले में बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से आईटीबीपी के दो जवान घायल हो गए हैं पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुतुल गांव के करीब बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से भारत तिब्बत सीमा पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कुतुल और मोहंदी गांव के मध्य जंगलों में गश्त के लिए आईटीबीपी के 53वीं वाहिनी के दल को रवाना किया गया था।



*शुक्रवार को चांदनी चौक, नई दिल्ली के मारवाड़ी कटरा इलाके में कई दुकानों में आग लगने से धुआं निकलता दिखाई दिया।*

# क्या कोई बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं नीतीश?

## 29 जून को दिल्ली में जद (यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

एजेंसी

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) ने 29 जून को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक निर्धारित की है। उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में कैबिनेट मंत्री और जद (यू) नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। गौरतलब है कि यह बैठक लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद बुलाई गई है। इसके अलावा बैठक के दौरान चुनाव परिणामों के विश्लेषण और 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीतियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

जदयू द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव



पारित किये जाने की भी उम्मीद है, जिनमें से एक बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग भी शामिल है। माना जा रहा है कि बैठक में पार्टी कई बड़े अहम फैसला कर सकती है। दरअसल, इस बार नरेंद्र मोदी की सरकार में नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जदयू की भूमिका काफी अहम है। क्योंकि भाजपा बहुमत से दूर हो गई है। जदयू की ओर से ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर मंत्री बने हैं। लेकिन मलाईदार मंत्रालय नहीं मिला है। इसको लेकर भी जदयू के भीतर से नाराजगी की खबरें आ रही है। ऐसे में इस बैठक पर सभी की नजर रह सकती हैं। साथ ही साथ बिहार में कई सीटों पर उपचुनाव होने हैं। उन उपचुनाव को लेकर भी इस बैठक में मंथन होगी। साथ ही साथ 2025 की तैयारी भी शुरू करने पर मंत्रणा की जाएगी।

## बिहार विधान परिषद के सभापति पद से देवेश चन्द्र का इस्तीफा



बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। वे 25 अगस्त, 2022 को बिहार विधान परिषद के सभापति चुने गये थे। इससे पूर्व वे तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सन 2002 में निर्दलीय एवं 2008 में जनता दल (यू.) से बिहार विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। सन 2008 में बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रहे। सन 2014 में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय सदस्य के रूप में तथा 2020 में जनता दल (यू) से तिरहुत स्नातक क्षेत्र से बिहार विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए।

# 16 माह के बच्चे को लगेगा 17 करोड़ रुपये का इंजेक्शन

## आप सांसद संजय सिंह ने लोगों से की मदद की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित एक बच्चे लिए 17 करोड़ रुपये का इंजेक्शन खरीदने के लिए शुक्रवार को लोगों से क्राउडफंडिंग पहल में योगदान देने की अपील की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 16 महीने के बच्चे को दो साल का होने तक इंजेक्शन नहीं मिला, तो उसका जीवन गंभीर रूप से खतरे में पड़ जाएगा। संजय सिंह ने कहा कि इंजेक्शन काफी महंगा है और इसका मूल्य 17 करोड़ रुपये है। यदि वेहांत जैन इस इंजेक्शन दो साल का होने तक समय से नहीं पाता रहा तो उसे



गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उसके पिता एक इंजीनियर और माता एक सीए हैं, लेकिन बच्चे की देखभाल के लिए उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। संजय सिंह ने देश और दिल्ली के लोगों से घर पर रह रहे बच्चे की जिंदगी बचाने की अपील की है। एसएमए से पीड़ित दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक जोल्गेन्स्मा इंजेक्शन की कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये है।

## आज के मैच




## एक नजर

### ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन में आकर्षि बाहर

**सिडनी।** भारतीय शटलर आकर्षि कश्यप शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार के बाद चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 से बाहर हो गईं। महिला एकल वर्ग में, कश्यप को 42 मिनट तक चले मैच में ताइवान की शटलर पाई यू-पो के खिलाफ 21-17, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

### हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईलीग) 8 साल के लंबे अंतराल के बाद इस साल के अंत में वापसी करने के लिए तैयार है। हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण में 8 पुरुष और 6 महिला टीमें शामिल होंगी और खिलाड़ियों का पंजीकरण 30 जून, 2024 तक खुला रहेगा। हॉकी इंडिया ने मीडिया विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि खेल के इतिहास में यह पहली बार है कि पुरुषों के साथ महिला एचआईएल भी एक साथ आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, हॉकी इंडिया ने शीर्ष 15 हॉकी खेलने वाले देशों के खिलाड़ियों को आगामी सत्र के लिए अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को पंजीकृत करने के लिए आमंत्रित किया है, जो एफआईएच द्वारा स्वीकृत विंडो में दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह से फरवरी 2025 के पहले सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा।

# नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

**एजेंसी। किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)**

शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया।





बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी।

बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है। वहीं नीदरलैंड के पास तीन मैच में दो अंक हैं और उसे श्रीलंका के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच खेलना है। ग्रुप डी से अभी भी सिर्फ दक्षिण अफ्रीका ने ही अगले दौर में प्रवेश किया है। नीदरलैंड को अगर अगले दौर में जाना है तो उसे यह उम्मीद करनी होगी कि नेपाल बांग्लादेश को हरा दे और उसे श्रीलंका के विरुद्ध अच्छे अंतर से भी जीत हासिल हो। हालांकि अगर बांग्लादेश और नेपाल का मैच किसी कारण बेनतीजा रहता है तब बांग्लादेश को अगले दौर में सीधा प्रवेश मिल जाएगा।

**टी20 विश्व कप**

# पीएनजी को हराकर अफगानिस्तान सुपर 8 में, न्यूजीलैंड हुआ बाहर

**एजेंसी। तरौबा**

तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के शानदार तीन विकेट और गुलबदीन नायब की बेहतरीन पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और वेस्टइंडीज के साथ सुपर 8 चरण में पहुंच गया। साथ ही न्यूजीलैंड, जो अब तक अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार चुका है, टूनार्मेंट से बाहर हो गया है।

96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही और 2.5 ओवर में केवल 22 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (सात गेंदों में 11 रन) और इब्राहिम जादरान (0) पवेलियन लौट गए।

इसके बाद ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजई ने 7.3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया।

## टी20 विश्व कप 2024: अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए

# फ्लोरिडा पहुंची भारतीय टीम

**एजेंसी। फ्लोरिडा**

न्यूयॉर्क में चल रहे टी20 विश्व कप 2024 के तीन मैच जीतने के बाद, टीम इंडिया कनाडा के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आधिकारिक मीडिया हैंडल पर शुक्रवार को साझा किए गए एक वीडियो में, मोहम्मद सिराज और युजवेंद्र चहल को फ्लाइट में यात्रा करते समय बातचीत करते देखा जा सकता है। बीसीसीआई ने क्लिप शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, टीम इंडिया टी20 विश्वकप के अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच गई है।

फिलहाल, भारत टूनार्मेंट में अपने तीनों प्रतिद्वंद्वियों को हराकर ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर है। बुधवार को यूएसए को सात विकेट से हराने के बाद वे ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में कनाडा से भिड़ेंगे। भारत ने अब तक तीन मैचों में तीन जीत के साथ टूनार्मेंट के सुपर आठ चरण में प्रवेश कर लिया है।

यूएसए के खिलाफ मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यूएसए ने अपने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 110 रन का संघर्षपूर्ण स्कोर बनाया, जिसमें नीतीश कुमार (23 गेंदों में 27 रन, दो चौके और एक छक्का) और स्टीवन टेलर (30 गेंदों में 24 रन, दो छक्कों) ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

भारत की तरफ से अर्शदीप ने 4, हार्दिक पांड्या ने 2 और अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (03) और विराट कोहली (00) को जल्दी खो दिया। 39 के कुल स्कोर पर ऋषभ पंत (20 गेंदों में 18 रन, एक चौका और एक छक्का) को अली खान ने बोल्ड कर भारत को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद सूर्यकुमार यादव (49 गेंदों में 50 रन, दो चौके और दो छक्के) और शिवम दुबे (35 गेंदों में 31* रन, एक चौका और एक छक्का) ने चौथे विकेट के लिए 72 रन की नाबाद साझेदारी कर भारत को 7 विकेट से जीत दिला दी। यूएसए के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 2 और अली खान ने 1 विकेट लिया। अर्शदीप ने अपने स्पेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।



### खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट को : राशिद

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के अनुभव को दिया है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में लगातार तीन जीत दर्ज की और सह-मेजबान वेस्टइंडीज के बाद ग्रुप सी से टूनार्मेंट के अगले दौर में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके पास अलग-अलग परिस्थितियों में ढलने का कौशल है।अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पीएनजी को 19.5 ओवर में 95 रन पर ढेर कर दिया। तेज गेंदबाज फजल हक फारूकी ने तीन विकेट लिए, जबकि नवीन-उल-हक ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलबदीन ने नाबाद 49 रन बनाए और 29 गेंदें शेष रहते अपनी टीम को जीत दिलाई। राशिद ने मैच के बाद कहा, ₹सलामी बल्लेबाजों ने पिछले दो मैचों में हमें अच्छी शुरूआत दी है।

# ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे मेसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**


अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पुष्टि की कि वह पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता कोपा अमेरिका फुटबॉल टूनार्मेंट के समापन के बाद शुरू होगी, जो 20 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच जेवियर माशेरानो ने दिग्गज फुटबॉलर को ओलंपिक में शामिल करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब मेसी ने इससे इनकार कर दिया है।

ओलंपिक में भाग लेने का मतलब अपने क्लब इंटर मियामी से दूर रहना भी होगा और यह मेसी द्वारा लिए गए निर्णय के कारकों में से एक था।

मेसी ने ईएसपीएन से बातचीत में कहा, मैंने मास्चेरानो से बात की और सच्चाई यह है कि हम दोनों ही स्थिति को समझते हैं। मुझे सावधानी से चुनना होगा, और लगातार दो टूनार्मेंट खेलना बहुत ज्यादा होगा। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था। यह जोड़ी अर्जेंटीना की उस टीम का हिस्सा थी जिसने 2008 में बीजिंग ओलंपिक में नाइजीरिया को फाइनल में 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

इस बात से निराश होने के बावजूद कि उन्हें ओलंपिक में खेलने और अपने पदकों में इजाफा करने का एक और मौका नहीं मिलेगा, मेसी को उम्मीद है कि अन्य खिलाड़ी पेरिस में अपने अनुभव का आनंद लेंगे।



उन्होंने कहा, इतनी किस्मत होना शानदार है कि मुझे यह सब करने का मौका मिला। मुझे उम्मीद है कि जो लोग वहाँ जाएँगे, वे भी उसी तरह इसका आनंद लेंगे जैसे मैंने लिया क्योंकि यह विशेष था।

### इंग्लैंड ने बेहतर किया अपना नेट रन रेट

**एंटीगुआ।** इंग्लैंड ने गुरुवार देर रात सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में ओमान पर 8 विकेट से जीत दर्ज कर-के टी20 विश्व कप में शानदार वापसी की इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में अपना नेट रन रेट (एनआरआर) बेहतर कर लिया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे ओमान की टीम 13.2 ओवर में केवल 47 रन पर सिमट गई।

## मनीषा कल्याण की युवाओं को सलाह

# कड़ी मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार मनीषा कल्याण जब भी फुटबॉल के मैदान पर अपने देश या क्लब का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही होती हैं, तो उस समय उनका ध्यान युवा लड़कियों को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहित करने पर होता है। मनीषा ने युवा महिला फुटबॉलरों को कुछ सलाह दी। उन्होंने एआईएफएफ वेबसाइट के हवाले से कहा, अगर कोई मुझे खेलते हुए देख रहा है और खेल को जुनून के साथ फॉलो कर रहा है, तो मेरी सलाह है कि वे मेहनत करें। उन्हें एक बात याद रखनी चाहिए कि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है, अन्य कोई विकल्प नहीं है। विंगर ने यूनाइटेड नेशंस इंडिया, किंगडम ऑफ बेल्जियम और किंगडम ऑफ नीदरलैंड के एंबेसी और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के साथ मिलकर स्लम सॉकर और सेक्विन इंडिया की युवा महिला फुटबॉलरों को एक फ्रेंडली मैच के जरिए एक साथ मैदान पर उतारा, ताकि फुटबॉल में महिलाओं के लिए जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22 जुलाई को कर सकती हैं बजट पेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो सकता है। इसके 9 अगस्त तक चलने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 3.0 सरकार का पहला वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट 22 जुलाई को लोकसभा में वित्त मंत्री निमर्ली सीतारमण पेश कर सकती हैं।

सीतारमण इस बार संसद में लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही वो पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का लगातार छह बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड तोड़ देंगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निमर्ली सीतारमण ने एक फरवरी, 2024 को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया था।



### एलआईसी के अध्यक्ष ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निमर्ली सीतारमण से मुलाकात की।

### आशीष चौहान ने वित्त मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निमर्ली सीतारमण से मुलाकात की।

### मई में थोक महंगाई बढ़कर सवा साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, दालों तथा खाने-पीने की दूसरी चीजों की थोक कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से मई में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई जो सवा साल का उच्चतम स्तर है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर 7.4 प्रतिशत रही। पिछले साल मई की तुलना में इस साल मई में आलू के दाम 64.05 प्रतिशत, प्याज के 58.05 प्रतिशत और सब्जियों के 32.42 प्रतिशत बढ़े। दालें 21.95 प्रतिशत, अनाज 9.01 प्रतिशत और फल 5.81 प्रतिशत महंगे हुए। दूध के दाम भी 3.61 फीसदी बढ़े। इससे पहले अप्रैल में थोक महंगाई 1.26 प्रतिशत रही थी। वहीं, थोक महंगाई का मई का स्तर फरवरी 2023 (3.85 प्रतिशत) के बाद सबसे ज्यादा है।

# बोलेग्स से पीड़ित हिमाचल की रहने वाली 9 वर्षीय आयशा का एआई तकनीक से हुआ सफल इलाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक उल्लेखनीय चिकित्सा उपलब्धि हासिल करते हुए सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने एक लड़की के टेढ़े पैरों को एक नवीन एआई-सहायता प्राप्त तकनीक से सीधा कर दिया।

हिमाचल प्रदेश की रहने वाली 9 वर्षीय आयशा जन्म से ही बोलेग्स की समस्या से पीड़ित थी। जिसे मेडिकल की भाषा में टेढ़े पैर भी कहा जाता है।

बोलेग्स की स्थिति में मरीज के पैर तब भी झुके हुए (बाहर की ओर मुड़े हुए) दिखाई देते हैं, जब टखने एक साथ होते हैं। आयशा के मामले में उसके दोनों पैर और जांघ बाहर की ओर मुड़े हुए थे।

अपने स्कूल के दिनों में बोलेग्स की समस्या से पीड़ित आयशा हीनता की भावनाओं से जूझने लगी थी। वह अपनी इस समस्या के कारण समाज के कट गई थी।

सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे इस समस्या से बाहर निकालने के लिए लियोजारोव फिक्सेटर और सिक्स-एक्सिस करेक्शन सॉफ्टवेयर का सहारा लिया।



- आयशा जन्म से ही बोलेग्स की समस्या से पीड़ित थी।
- बोलेग्स की स्थिति में मरीज के पैर बाहर की ओर मुड़े हुए दिखाई देते हैं
- उपकरणों से संभवत: पैरों की विकृति को प्रभावी ढंग से ठीक करने में भूमिका निभाई

सर गंगा राम अस्पताल के सीनियर डिफॉर्मिटी करेक्शन सर्जन मनीष धवन ने कहा, यह एक हेक्सापोड है जिसके छह पैर हैं और यह किसी भी दिशा में घूम सकता है।

डॉक्टर ने कहा, इन उपकरणों ने संभवतः उसके पैरों की विकृति को प्रभावी ढंग से ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसकी ऊंचाई 2 इंच बढ़ाने में भी मदद की। इलिजारोव ऐसी तकनीक है जिसमें हड्डियों के पुनर्निर्माण, आकार बदलने या लम्बाई बढ़ाने के लिए एक आथोर्पेडिक बाहरी फिक्सेटर को अंग पर लगाया जाता है।

हेक्सापॉड सर्कुलर फिक्सेटर में दो रिंग होते हैं जो छह तिरछे उन्मुख स्ट्रट्स से जुड़े होते हैं। इन फिक्सेटर को फिर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के साथ जोड़ा जाता है जिसे सर्जन वांछित सुधार गति और दिशा को नियंत्रित करने के लिए बदल सकता है।

डॉक्टर ने कहा, "यह कोई साधारण फ्रेम नहीं है, बल्कि यह सॉफ्टवेयर-आधारित एक बीमारी दूर करने की इकाई है।

# भारत में आने वाले समय में बढ़ेगा वैश्विक फंड का निवेश : विश्लेषक

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और वैश्विक फंड्स भी यहां निवेश कर रहे हैं, जो कि आने वाले समय में बढ़ने वाला है। ये बातें विश्लेषकों की ओर से कही गई।



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क निफ्टी ने पिछले एक महीने में 6 प्रतिशत, छह महीने में 11.84 प्रतिशत, इस साल की शुरुआत से 7.65 प्रतिशत और बीते एक वर्ष में 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

मॉर्गन स्टेनली के एशिया और उभरते हुए बाजारों के मुख्य इक्विटी स्ट्रैटेजिस्ट जोनाथन गार्नर ने कहा कि जब चीन का बाजार तेजी से बढ़ रहा था, तब ग्लोबल फंड्स की ओर से दो या तीन चीनी ई-कॉमर्स इंटरनेट कंपनियों को पोटर्फोलियो में रखा जाता था। गार्नर ने मीडिया रिपोर्ट में बताया कि आज के समय में ग्लोबल फंड्स करीब दो से तीन भारतीय मेगा कैप कंपनियों को अपने पोटर्फोलियो में होल्ड कर रहे हैं।

# सराफा बाजार की तेजी पर ब्रेक

## सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार तीन दिन की तेजी के बाद आज घरेलू सराफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आज 100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,650 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में आई गिरावट के कारण आज ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



## शेयर बाजार में बना रहा तेजी का ट्रेंड

# 23,465 पर बंद हुआ निफ्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार के मुख्य सूचकांकों में शुक्रवार को कारोबार एक सीमित दायरे में हुआ। दिन के दौरान निफ्टी ने 23,490 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 181 अंक या 0.24 प्रतिशत बढ़कर 76,992 पर और निफ्टी 66 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 23,465 पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी ने भी शुक्रवार को एक सीमित दायरे में कारोबार किया और यह 155 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 50,002 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल और इन्फ्रा करीब आधा प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए हैं। केवल आईटी इंडेक्स ही 0.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, सनफार्मा और टाटा स्टील टॉप गेनर्स थे।



## एक नजर

### युवक के पैर में गोली लगी, अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीनगर।** शहर के सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में, गढ़वा के कांडी इलाके के रहने वाले हर्ष पांडेय नाम के युवक के पैर में गोली लगी है। युवक को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घायल हर्ष पांडेय पलामू के सदर थाना क्षेत्र के बड़कागांव में अपनी बहन के घर रहकर पढ़ाई करता था। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि घटना पूरी तरह से संदिग्ध है। युवक को गोली कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है।

### अजगर का रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा गया

**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में सेवानिवृत संस्कृत शिक्षक केदारनाथ पाठक के आवासीय परिसर में विगत पांच दिनों से एक अजगर छुप कर डेरा जमाये हुए था। शुक्रवार को उसका रेस्क्यू कर पास के जायत्री नदी में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू श्री पाठक के पुत्र गोविंद पाठक ने किया। उन्होंने बताया कि अजगर को एक बोरी में डाल कर नदी में छोड़ा। बता दें कि गोविंद पाठक एक पर्यावरणविद.हैं। गोविंद पाठक एक टूरिज्म रिर्सोस पर्सन के रूप में भी काम करते हैं। नेतरहाट व बेतला समेत झारखंड के अन्य टूरिस्ट प्लेस में वे पर्यटकों को वाहन, गाईड व अन्य सुविधाएं प्रदान करते हैं। तत्कालीन उपायुक्त राजीव कुमार के कार्यकाल में श्री पाठक जिला प्रशासन में टूरिस्ट रिर्सोस पर्सन के रूप में प्रतिनियुक्त हुए थे।

### जमीन विवाद में मारपीट पति-पत्नी घायल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सुकनाडेरा गांव में गुरुवार की रात जमीन विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो लोगों के बीच हुई मारपीट में पति- पत्नी क्रमशः रमेश पासवान व सोनपतिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है। रमेश ने बताया कि उनकी पड़ोसी से जमीन का विवाद पुरानी है। पूर्व में भी यह मामला थाना में आया था।इस घटना की सूचना थाना को दे दी गई हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

### डाकघर में दो दिनों से लिंक फेल, ग्राहक परेशान

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के जपला मुख्य डाकघर में दो दिनों से लिंक फेल रहने से सभी तरह के कार्य बन्द रहे। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र से आये ग्राहकों को बिना काम कराये ही वापस लौटना पड़ा । इस सम्बंध में उप डाकपाल रंजीत राम ने बताया कि बीएसएनएल का केबल कट जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।अब सोमवार से नियमित कार्य किया जाएगा।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीओ को सौंपा आरोप पत्र

# अबुआ आवास- पीएम आवास में प्रखंड कर्मियों की मनमानी

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के कर्मियों की मनमानी के विरुद्ध हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा को दस सूत्री आरोप पत्र सौंपा गया है। जिसमें अबुआ और प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, आवंटन से लेकर वास्तविक लाभुकों को भुगतान में मनमानी किये जाने की शिकायत की गई है। शुक्रवार को हैदरनगर स्थित कांग्रेस के पार्टी कार्यालय में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह परता पंचायत के मुखिया कमल कुमार पासवान व प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने पत्रकारों को एसडीओ को सौंपी गई दस सूत्री आरोप पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि अबुआ आवास के लिये ग्रामसभा में चयनित लाभुकों की अनदेखी कर अन्य लोगों की सूची तैयार की गई है। साथ ही एससी व एसटी वर्ग में सामान्य वर्ग जबकि ओबीसी की सूची में एससी व एसटी वर्ग को शामिल किया गया है। इसके अलावे अबुआ आवास की तैयार सूची में एक ही व्यक्ति का नाम दो - तीन स्थानों पर उल्लेखित है। उन्होंने एसडीओ को बताया है कि उपायुक्त के पत्रांक 36 दिनांक 25. 01. 2024 और विभागीय पत्रांक 5349 दिनांक 16. 02. 2023 के अनुसार ग्राम पंचायत परता का अबुआ आवास लाभुकों का आवंटित कोटि एससी - एसटी का 22, अल्पसंख्याक वर्ग 07, ओबीसी 21 और सामान्य वर्ग के लिये 03 रखा गया है। जिसमें गलत कोटि दशार्ते हुए प्रखंड कर्मियों की मनमानी से कई लोगों को भुगतान भी कर दिया गया है। रोजगार व पंचायत सेवक को पैसा नहीं मिलने पर कई लाभुकों का भुगतान रोके जाने के साक्ष्य भी उन्होंने प्रस्तुत किया है। लाभुक रीना देवी ने निर्माण सामग्री तो गिरा लिया, पर इनका नाजायज पैसा नहीं देने से भुगतान लंबित रखा गया है। इस योजना से किसी भी प्रतिनिधि या उसके परिवार को लाभ नहीं दिये जाने के प्रावधान के विरुद्ध वार्ड सदस्य के बहू कविता देवी के नाम कर्मियों की मिलीभगत से आवास का आवंटन किया गया है। वहीं इस पंचायत में पूर्व से ही कई लाभुक इंदिरा आवास का लाभ ले चुके। बावजूद पुनः अबुआ आवास का भी लाभ दिया गया है। एसडीओ ने उन्हें सभी बिन्दूओं पर बातों को संज्ञान में लेने के बाद पारदर्शिता के साथ जांच करने का आश्वासन दिया है।

### किशोर को सांप ने काटा एमएमसीएच में एंटीवेनम दे कर बचाई गई जान

**पाटन ।** पाटन थाना क्षेत्र के सहदेवा गांव के रहने वाले 13 वर्षीय प्रियांशु मेहता को जहरीले सांप ने काट लिया। वह अपने पिता यशवंत महतो के साथ अपने सिंचाई हेतु प्रयोग किए जाने वाले कुआं की सफाई करने नीचे उतरा था। अचानक सांप ने उसके पैर में काटा इसके बाद लकड़ी समझकर उसने हाथ से पकड़ कर दूर फेंक दिया। तब किसी प्रकार वह कुएं से बाहर निकला तथा प्राथमिक इलाज के लिए उसे किशनपुर स्थित एक क्लीनिक में ले जाया गया जहां कंपाउंडर ने उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच जाने का सुझाव दिया। एमएमसीएच पहुंचने पर उसका तत्काल इलाज करते हुए एंटीवेनम दिया गया तब जाकर उसकी हालत स्थिर हुई। किशोर की मां कलिंदा देवी ने बताया की पर में सांप के काटे जाने के बाद हम लोग काफी हताश हो गए थे लेकिन झाड़ फूंक कराने की जगह सदर अस्पताल बेटे को लाने के कारण ही उसकी जान बची। लोग सर्पदंश के बाद अंधविश्वास के चक्कर में झाड़ फूंक कराने लगते हैं जिससे अधिकतर मामले में मरीज की मृत्यु हो जाती है।

## न्यूज बॉक्स

### हर साल रवाना होगी चार धाम यात्रा की गाड़ी



**पलामू।** शहर की पहली टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी घुमानेवाला.कॉम की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी केदारनाथ का यात्रा कराने के लिया कल रात को बस अपने यात्रियो को लेकर रवाना हुई! ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने यात्रियों को उनका आईडी कार्ड पहना कर और हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को रवाना किए, साथ ही पलामू में अमन - चैन बनाए रखने के लिए प्रार्थना करने के लिए बोले, ये तीर्थ यात्रा की गाड़ी काशी विश्वनाथ, अयोध्या राम मंदिर, हरिद्वार, ऋषिकेश के रास्ते होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के साथ साथ नैनिताल नैना देवी की दर्शन कराते हुए वापस डाल्टनगंज लौटेगी! दूसरी गाड़ी सितम्बर माह में फिर से रवाना होगी जिसकी बुकिंग अभी से ही शुरू हो चुकी है। सावन के महीने में देवघर के लिए भी गाड़ी रवाना होगी वो भी मात्र 1600/- रुपए में बुकिंग के लिए या अधिक जानकारी के लिए आप 7004987985 पर संपर्क भी कर सकते है!

### बीआरसी में 200 छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण

**हुसैनाबाद।** प्रखंड संसाधन केन्द्र हुसैनाबाद में सत्र 2023-24 के अनुसुचित जाति, पिछड़ी जाति,अल्पसंख्यक वर्ग आदि के करीब 200 छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम व विशिष्ट अतिथि पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान मौजूद थे। इस मौके पर बीईईओ रामनरेश राम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों के बीच कल्याणकारी योजना के तहत साइकिल वितरण किया जा रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि इस वितरण समारोह में सभी निर्धन विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण कराकर एक बेहतर कार्य किया गया है।

# शहर में नाली व कूड़ा-कचड़ा की सफाई को लेकर वार्ड पार्षदों ने दिया आवेदन

### कार्यपालक ने सफाई में तेजी लाने की बात कही

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षदों ने आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पंचायत के सभी 16 वार्डो में नाली व कूड़ा कचरों के युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराने को लेकर वार्ड पार्षदों बैठक कर विचार विमर्श कर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर दिया है। आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद के सभी वार्डो की स्थिति सफाई के दृष्टिकोण से नगण्य है। प्रत्येक वार्ड के नाली एवं कूड़ा कचरे की स्थिति बद से बदतर हो गई है। वर्तमान की भीषण गर्मी से नाली की गंदगी से लोगों की स्थिति नारकीय हो गई है। इन कारणों से डेगू,मलेरिया रोग फैलने का भी भय बना हुआ है।इस संबंध में संबंधित कर्मचारी या सफाई कर्मचारी से बात करने पर टाल मटोल किया जा रहा है। अतः त्वरित निदान हेतु संज्ञान में लेकर सफाई कार्य पर ध्यान दिया जाए।आगामी बरसात के पहले नाली की सफाई युद्धस्तर पर कराना जरूरी है। उधर इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि नगर पंचायत में जितने भी सफाई कर्मी है, उसके अनुसार लगातार शहर में सफाई करवाया जा रहा है ये कार्य महीनों से किया जा रहा है, बारिश के मौसम को देखते हुए सफाई कार्य मे तेजी लायी जाएगी, खासकर नालियों की सफाई में तेजी लायी जाएगी। आवेदन देने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, सुदर्शन राम, अर्जुन प्रसाद,सोनी देवी, अखलेश यादव,लालती देवी,उमा देवी, सुनीता देवी,सुहैल आलम, सरिता देवी आदि शामिल है।

# गर्मी को लेकर पालमू में बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग

### घर नल-जल योजना में भारी अनियमितता पर विरोध जताते मुखिया संघ

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से हर घर नल-जल योजना एक है। योजना का उद्देश्य हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में योजना का कार्य एक वर्ष पूर्व से चालू है, लेकिन अब तक कार्य पूरी नहीं किया गया है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में हर घर नल-जल योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। योजना में मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसे लेकर प्रखंड के मुखिया संघ ने विरोध जताया है। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहर बंजारी मुखिया अशोक कुमार सिंह,लुंबा सतबहिनी मुखिया सकुंतला देवी, जोगा मुखिया कमला देवी, मुरमा खुर्द मुखिया रामबच्चन राम व सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्णा पाल ने संयुक्त रूप बैठक की। बैठक में योजना में कार्य करा रहे संवेदक के खिलाफ विरोध प्रकट किया गया। मुखिया संघ ने कहा कि योजना में पानी के लिए बिछाए गए पाइप जमीन में मात्र आधा फीट नीचे है, जिससे कई जगह पाइप जमीन से ऊपर आ गया है। मुखिया के कहने पर भी बातों को अनसुना कर संवेदक द्वारा कार्य किया जा रहा है। कई जगह पीसीसी सड़क को तोड़कर छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों में आक्रोश है।

## पेज एक का शेष

### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच का आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पेपर लीक के आरोपों से जुड़े सीबीआई/एसआईटी जांच की मांग वाली नई याचिकाओं पर दो सप्ताह में जवाब दाखिल कर सकती है। साथ ही शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई से पहले कथित पेपर लीक की शिकायत की जांच पर बिहार पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा, आपने अपनी याचिका में हर तरह के आरोप लगाये हैं। हमने उन्हें (एनटीए और अन्य को) अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। वे अपना जवाब दाखिल करेंगे। सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद्द करने तथा अन्य मसलों से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर 8 जुलाई को एक साथ सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत इससे पहले कई मौकों पर नीट (यूजी) 2024 के परिणामों के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिये गये अपने फैसले में बर्बाद समय के बदले ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1,563 छात्रों के स्कोरकार्ड देखने के बाद उन्हें दिये गये ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिये। शीर्ष अदालत ने उन्हें 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने या अपने वास्तविक मार्क्स के आधार पर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में भाग लेने का विकल्प दिया है। दोबारा हुई परीक्षा का परिणाम 30 जून को आएगा। शीर्ष अदालत ने पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

### कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गए 45 भारतीयों के शव भारत लाए गए

इसमें कम से कम 48 लोगों की मौत हुई। इमारत में रह रहे 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मृत्यु हो गई और 33 अस्पताल में भर्ती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समन्वय के लिए कुवैत गए थे। उन्होंने वहां प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात के अलावा पांच अस्पतालों का दौरा भी किया, जहां 33 भारतीय उपचाराधीन हैं। मंत्री ने उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मालूम हो कि इस अग्निकांड में रांची के अली हुसैन की भी मौत हो गई थी। **लुलु समूह के मालिक देंगे मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख :** दुबई। कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को आर्थिक मदद देने का प्रतिष्ठित अनिवासी भारतीय कारोबारी और संयुक्त अरब अमीरात स्थित लुलु समूह के प्रमुख एमए युसूफ अली ने ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच-पांच लाख की सहायता दी जाएगी।

**केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा:** केंद्र सरकार ने कुवैत में हुई दुखद आग दुर्घटना में प्रभावित राज्य के लोगों की सहायता के लिए उन्हें खाड़ी देश की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी। आग की घटना में मारे गए मृतकों में आधे से ज्यादा केरल से थे। विभिन्न अस्पतालों में भर्ती ज्यादातर घायल लोग भी केरल से हैं। ऐसे में उन्हें विदेश मंत्रालय की ओर से कुवैत की यात्रा की अनुमति नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### किसानों के 2 लाख ऋण होंगे माफ : बादल

एससी/एसटी और कमजोर वर्ग के किसानों के ऋण माफ किये जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। साथ ही देवघर को-ऑपरेटिव ग्रेन बैंक, लिमिटेड, देवघर द्वारा 14 हजार 346 ऋणी किसानों के कर्ज को भी माफ करने पर विचार किया गया।

श्री बादल ने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वैसे किसानों के खाते, जो एनपीए हो चुके हैं, उन खातों को बंद करने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजें, ताकि किसानों को ऋणमुक्त किया जा सके। बादल ने कहा कि ऐसे ऋणी, जिनकी मौत हो चुकी है तथा जिनके खाते एनपीए हो गये हैं, वैसे किसानों के लिए सक्षम साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरांत उन्हें भी बिना केवाईसी के लाभुकों की श्रेणी में शामिल किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से विकास आयुक्त अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी सहित राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आधुनिक हथियार के साथ तीन उग्रवादी गिरफ्तार

के साथ चतरा-पलामू के सीमावर्ती क्षेत्र कुन्दा थाना के सिकीदाग, कुजरम के जंगल में ठहरे हुए हैं। वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ अजय केशरी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसमें अवधेश सिंह प्रतापपुर अंचल, थाना प्रभारी कुंदा सनोज चौधरी एवं थाना प्रभारी लावालौंग को शामिल किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिकिदाग के पश्चिम मेरूहनिया टांड नारीदरी नदी के पास छापेमारी की। इस दौरान भागने के क्रम में हथियारबंद तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। शेष अन्य उग्रवादी जंगल-पहाड़ का लाभ उठाकर भाग निकले। पकड़े गए उग्रवादी इरफान गंझू के पास से एक लोडेड इंसास राईफल, दो मैगजीन व 5.56 एमएम का 161 राउंड गोली जब्त किया गया। वहीं महेन्द्र गंझू उर्फ पाल्टा के पास से एक लोडेड एसएलआर, मैगजीन व 7.62 एमएम का 164 राउंड गोली व छोटू भुईयां के पास से एक मैगजीन तथा एके 47 का 30 राउंड गोली बरामद किया गया। इस संबंध में कुंदा थाना कांड संख्या 29/24 अंकित कर सभी उग्रवादियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# खड़े हाइवा में स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग 139 डाल्टनगंज -औरंगाबाद पथ पर थाना क्षेत्र के लक्की ढाबा के समीप खड़े हाइवा में स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण वाहन में सवार मालिक मो। फकरे आलक (55वर्ष) पिता स्व। नसरूल हसन की मौत हो गयी, जबकि चालक दिनेश कुमार (29वर्ष) पिता रामवृक्ष भारती गंभीर रुप से घायल हो गया। स्कार्पियो में पीछे बैठा युवक परवेज अंसारी (41वर्ष) बाल-बाल बच गया। चालक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि गढ़वा की ओर से एक स्कार्पियो (यूपी64 यू 2021) शुक्रवार की सुबह 5 बजे हरिहरगंज की ओर आ रही थी। स्कार्पियो पर चालक सहित तीन लोग सवार थें। चालक को झपकी आ रही थी। वह बार बार मालिक को बता रहा था कि वह कई दिनों से नहीं सोया है, बावजूद वाहन

**लक्की ढाबा के समीप स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गयी**

मालिक उसे गाड़ी चलाने के लिए दबाव डाल रहे थे। इसी क्रम में लक्की ढाबा के समीप स्कार्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकरा गयी, जिससे चालक और वाहन मालिक गंभीर हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां वाहन मालिक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वाहन मालिक अलीनगर (हवेली) थाना अलीनगर, जिला दरभंगा, बिहार, जबकि चालक मुरी सेमर गांव के अनपाड़ा थाना क्षेत्र जिला सोनभद्र यूपी का रहने वाला है, जबकि तीसरा युवक परवेज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के पैतरापुर का रहने वाला है।

## झामुमो नेता ने कल्पना से मिलकर दी जीत की बधाई



**बालूमात/ लातेहार ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला संयुक्त सचिव मो। इमरान ने गांडेय विधानसभा के उप चुनाव में जीत पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी है। झामुमो नेता ने इस जीत के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के द्वारा जीते गए पांच सीटों के लिए भी कल्पना सोरेन को बधाई दी। उन्होंने स्टार प्रचारक के रूप में कल्पना मुर्मू सोरेन के द्वारा की गई जी तोड़ मेहनत को इस जीत का श्रेय देते हुए विधानसभा चुनाव में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताते हुए अभी से तैयारी में लग जाने का आग्रह भी किया। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा की पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत को कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम बताया।

# उपायुक्त ने दिया आदेश स्वास्थ्य सुविधा दुरुस्त कर दोषियों पर करें कार्रवाई : बिट्टू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ.बिट्टू पाठक के नेतृत्व में साथ में शमीम अहमद रयान ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश कुमार सिंह शानू खान रिजवान खान मुकेश सिंह खुर्शीद आलम मेदिनी राय मेडिकल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया निरीक्षण पर लोगों को संबोधित करते हुए बिट्टू पाठक ने कहा कि आए दिन प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा ग्रामीणों से अस्पताल की समस्या से रूबरू हो रहा था उसी को देखते हुए आज हमने निरीक्षण किया निरीक्षण में काफी कमियां देखने को मिला ओपीडी में 9 से 10:30 बजे तक काफी डॉक्टर उपस्थित नहीं थे इसका जवाब कौन देगा प्रदेश में हमारी सरकार है।

1) एमएमसीएच में सफाई और हाउस कीपिंग : बालाजी डाइडेक्टिव फोर्स को एमएमसीएच में सफाई और हाउस कीपिंग का कार्य आवंटित है। अस्पताल परिसर में डस्टबीन लगाने और कचरा को फेंकने की भी ज़िम्मेवारी दी गयी है।



2) ओपीडी : दो पालियों में संचालित करने का नियम है। लेकिन यहाँ सिर्फ. सुबह में ही ओपीडी चल रहा है और शाम में कोई ओपीडी नहीं चलता है। एचओडी तीन से चार दिन अस्पताल में नहीं दिखते हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों का गुणवत्तापूर्वक परामर्श नहीं ही रहा है। क्योंकि जब भी अस्पताल का निरीक्षण करते हैं तो पाते हैं जूनियर रेजिडेंट (जेआर) या सीनियर रेजिडेंट (एसआर) ही सिर्फ.दिखते हैं। एचओडी या अन्य चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ड्यूटी नहीं कर रहे हैं। सिर्फ ठेकेदारी प्रथा चल रहा है और गलत तरीका से सारा काम हो रहा है। कई तरह की गड़बड़ी भी हो रही है। उपयुक्त महोदय पलामू से मांग करते हैं कि सभी सप्लाई किए हुए कामों को एक कमेटी बनाकर जांच किया जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो

ठेकेदारी सरकारी व्यक्ति : अस्पताल में सप्लाई वर्क में धांधली बरती जा रही है। ठेकेदार और सरकारी कर्मचारी पार्टनरशिप में सप्लाई काम कर रहे हैं। एक सौ का समान पाँच सौ में बेचा जा रहा है। एक साल में पचास लाख से अधिक राशि की निकासी की गई हैं।

कैश बुक : अधीक्षक कार्यालय का कैश बुक की जाँच अगर सही तरीका से हो जाए तो लाखों रूपया की गड़बड़ी पकड़ी जाएगी। मनचाहा ढंग से पसंदीदा पार्टी को भुगतान की जा रहा है। और इसका इंट्री कैश बुक में अप टू डेट भी नहीं है।

ईसीयू : पलामू प्रमंडल का सबसे बड़ा अस्पताल एमएमसीएच में आईसीयू तक की व्यवस्था नहीं है। नाम मात्र के लिए नाम रख दिया गया है कि यह आईसीयू है। लेकिन आईसीयू बेड, मॉनिटर, वेंटीलेटर, ऑक्सीजन पाइपलाइन आदि सुविधाएँ नहीं है।

लाइट : लगातार शिकायत मिल रही है कि अस्पताल में बिजली की समस्या विकराल रूप धारण कर ली है। गत दिन भी कई मरीजों ने बिजली नहीं रहने की शिकायत की थी। पूरा अस्पताल अंधेरा था। ज़िंदगी और मौत से जूझ रहे मरीजों को भीषण गर्मी में तड़पना पड़ रहा है।

# वर्षों से पूरी नहीं हुई लोगों की नई बस स्टैंड की मांग

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर को नगर निगम का दर्जा प्राप्त हुए कई वर्ष बीत गए तथा आबादी भी 2 लाख के करीब है लेकिन बस स्टैंड की व्यवस्था काफी पुरानी है। जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर शहर के बीच स्थित बस स्टैंड 1940झ41 के आसपास बना था जो आबादी बढ़ने के बाद भी अभी तक वहीं है। बसों के आवागमन की वजह से शहर में आए दिन जाम लगता रहता है। साथ ही कई बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। शहर वासियों की यह पुरानी मांग रही है कि बस स्टैंड को शहर से दूर शिफ्ट किया जाए। कई वर्ष पूर्व बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने को लेकर वहां पर बस पड़ाव से संबंधित निर्माण भी शुरू किया गया था लेकिन बाद में कातिपय कारणों से उसे पर विराम लग गया जो आज तक शुरू नहीं हो पाया। उस समय

**जाम तथा दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है बसों का बीचों-बीच शहर में आवागमन का कारण**

पंचमुहान चौक से महुआडांड़, गारू, पांकी, लातेहार, पाटन, छतरपुर, औरंगाबाद मार्ग आदि जगहों के लिए बसें खुलती थीं। लोगों की जरूरत के हिसाब से बस स्टैंड को शहर के बीचो-बीच स्थापित किया गया था ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। इतनी बड़ी मांग को भी आज तक पूरा ना किया जाना संदेह उत्पन्न करता है क्योंकि जाम की वजह से लोगों का जीवन खासा प्रभावित होता है साथ ही अगर बस स्टैंड को नई जगह पर बदल दिया जाए तो लोगों को शहर के भीषण जाम तथा दुर्घटनाओं से जरूर मुक्ति मिलेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज








CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


**पदभार**



# टेंट सिटी मीना में हाजियों के आने का सिलसिला जारी

एजेंसी

**मक्का।** मक्का में दुनिया भर से आए हज तीर्थयात्री मीना के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। गुरुवार 7 जिलहिज्जा (महीने का नाम) की आधी रात के बाद तीर्थयात्रियों का कारवां धीरे-धीरे मीना के अस्थाई टेंट सिटी की ओर कूच करने की प्रक्रिया शुरू हो गई जो कि शुक्रवार 8 जिलहिज्जा की तारीख के देर शाम तक जारी रहेगा। इसी के साथ हज 1445 हिजरी के अनुष्ठानों को अदा करने की अधिकारिक तौर पर शुरूआत हो जाएगी।

मक्का के विभिन्न क्षेत्रों में ठहरे दुनिया भर के तीर्थ यात्रियों को हज सेवाएं प्रदान करने वाले संगठनों द्वारा शेड्यूल जारी कर दिए गए हैं ताकि उसके अनुसार हज तीर्थ यात्री ऐहराम (बिना सिलाइ वाला विशेष कपड़ा) बांध कर हज की अदायगी के लिए तैयार हो जाएं। मोअल्लेमीन द्वारा तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न भाषाओं के अनुवादक भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वह समय से और ठीक ढंग से ऐहराम पहन सकें और हज करने के लिए निकल सकें।

## एक लाख से ज्यादा एयर-कंडीशंड टेंट

सऊदी अरब में मक्का की घाटियों में मीना नाम का एक छोटा शहर है। यह मक्का से 8 किमी पूर्व में स्थित है। घाटियों में 20 वर्ग किमी तक फैले इस शहर में जहां तक नजर जाती है, हर ओर सिर्फ टेंट ही टेंट दिखाई देते हैं। ये टेंट यहां पर हज करने आए यात्रियों के ठहरने के लिए लगाए जाते हैं। यहां पर एक लाख से ज्यादा एयर-कंडीशन्ड टेंट लगे हुए हैं, जिनमें लगभग 30 लाख यात्रियों के रुकने का बंदोबस्त किया गया है। आठ बाई आठ मीटर के फायरप्रूफ टेंट, फाइबरग्लास कोटेड हैं। पहले यहां हज करने आए यात्री अपने साथ टेंट भी लेकर आते थे और उसे मीना शहर में खुली जगह देख कर लगा देते थे। यात्रियों की सुविधा के लिए ही 90 के दशक में सऊदी सरकार ने वहां कॉटन टेंट का निर्माण करवाया, लेकिन 1997 में वहां आग लग जाने से 350 हज यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद से सरकार से फायरप्रूफ टेंटों का निर्माण करवाया।

# फिर से परीक्षा हो या सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू करेंगे

**नीट विवाद**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के बाद शास्त्री भवन से निकले छात्रों ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले को सुप्रीम कोर्ट देखेगा। उन्होंने कहा कि जिसकी गलती पकड़ी जाएगी, उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आएगा, हम सब मानेंगे क्योंकि हम लोग सुप्रीम कोर्ट से ऊपर नहीं हैं। छात्रों ने बताया कि शिक्षा मंत्री से कहा कि धांधली हुई है, गोधरा और बिहार से पेपर लीक हुआ है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम इस मामले में कड़ा से कड़ा एक्शन लेंगे। उन्होंने माना कि कई सेंटर पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि आपको न्याय मिलेगा। ज्ञापन में हमने नीट फिर से कराने और सीबीआई जांच की मांग उठाई। हमने मेडिकल एंट्रेंस की फीस को कम करने की भी गुजारिश की। धर्मेंद्र प्रधान ने हम लोगों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि रीनीट और सीबीआई जांच पर फैसला सुप्रीम कोर्ट करेगा। अगर सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया तो हम दोबारा परीक्षा आयोजित कराएंगे, नहीं कहेगा तो नहीं कराएंगे। वहीं एक छात्र का कहना है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र ने कहा है कि 41 पिटीशन कोर्ट में सबमिट हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट जो भी फैसला लेगा, हम उस फैसले पर कायम रहेंगे। अगर सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच के लिए कहेगा तो सरकार सीबीआई जांच का फैसला लेगी। सरकार छात्रों के साथ खड़ी है और जो सुप्रीम कोर्ट फैसला लेगा, सरकार उसका विरोध नहीं करेगी। क्या सच है क्या गलत, ये फैसला कोर्ट को करने दें।

## सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है : प्रियंका



**नई दिल्ली।** नीट यूजी परीक्षा परिणाम को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को नीट विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से सवाल किए। प्रियंका ने एक्स पर लिखा, भाजपा की नई सरकार ने शपथ लेते ही युवा के सपनों पर फिर से प्रहार शुरू कर दिया है। नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ियों पर शिक्षा मंत्री का अहंकार भरा जवाब 24 लाख छात्रों एवं उनके अभिभावकों की चीख-पुकार को पूरी तरह से अनदेखी करता है। प्रियंका गांधी ने शिक्षा मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा, क्या शिक्षा मंत्री को सार्वजनिक रूप से मौजूद तथ्य नहीं दिखते? क्या बिहार और गुजरात में जो पुलिस कार्रवाइयां हुईं और रैकेट पकड़े गए, सरकार उन्हें भी झूठा मानती है? क्या 67 टॉपर को पूरे मार्क्स मिलना भी झूठ है? सवाल यह है कि लाखों युवाओं और उनके माता-पिता की अनदेखी कर सरकार सिस्टम में किसको बचाना चाहती है?

प्रियंका गांधी ने आगे लिखा, "क्या युवाओं के सपनों को इस भ्रष्ट परीक्षा प्रणाली की भेंट चढ़ाना बंद नहीं होना चाहिए? क्या सरकार की ये जिम्मेदारी नहीं बनती कि छात्रों व अभिवावकों की बात की अनदेखी करने की बजाय, शिकायतों पर गंभीरता से गौर करे व एक्शन ले?

**दबिश**

## डीआरआई के अभियान में 3 करोड़ का सोना जब्त, दो धराए

**सिलीगुड़ी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने तीन करोड़ रुपये से ज्यादा के सोने के बिस्कुट के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई ने शुक्रवार को गिरफ्तार दोनों आरोपितों को सिलीगुड़ी अदलात में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायधीश ने दोनों को 27 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। डीआरआई ने गुप्त सूचना पर इस्लामपुर में छापेमारी कर एक बस से सूरज शिवाजी पवार को पकड़ा था। तलाशी के बाद उसके पास से तीन किलो 660 ग्राम सोना बरामद हुआ था।

**बैठक**

## गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर पर अधिकारियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जम्मू-कश्मीर के हालात की समीक्षा की। सूत्रों के मुताबिक गृहमंत्री ने इस दौरान 16 जून को नॉर्थ ब्लाक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के लिए बैठक बुलाने का भी निर्देश दिया। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकर अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव, सेना, पुलिस, जम्मू-कश्मीर प्रशासन और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

**आरएसएस**

## केरल में अगस्त-सितंबर में होगी संघ की बड़ी बैठक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति की बैठक केरल में अगस्त-सितंबर में होने जा रही है। आरएसएस की महत्वपूर्ण बैठक केरल में 31 अगस्त को शुरू होगी और इसका समापन 2 सितंबर को होगा। संघ की तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत और संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले सहित संघ से जुड़े 36 के लगभग विभिन्न संगठनों के मुखिया एवं संगठन महासचिव सहित संघ के अन्य महत्वपूर्ण नेता शामिल होंगे।

## कांग्रेस का हाथ कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक के साथ: भाजपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और राज्य के मुख्यमंत्री के सहयोगी एम लक्ष्मण (जिन्हें मैसूर से टिकट भी मिला) के एसडीपीआई के बारे में ताजा खुलासे के बाद भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस का हाथ हमेशा कट्टरपंथी इस्लामिक आतंक के साथ रहा है। 26/11 के आतंकवादी कसाब, पुलवामा पर पाकिस्तान का बचाव करने के बाद अब कांग्रेस ने माना कि उसने एसडीपीआई का समर्थन लिया है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस हमेशा एसडीपीआई जैसे संगठनों के साथ खड़ी है।

**आईपीएल सटोरिया गिरफ्तार**

# उज्जैन से जब्त हुए 15 करोड़ रुपये

एजेंसी



**उज्जैन।** उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही । इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं। उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं। जिसके बाद नीलगंगा थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से दोनों ने वहां छापेमारी की। यहां नोटों का अंबार देखकर पुलिस भी दंग रह गई और जानकारी मिलने के बाद इसी के एक और मकान कृष्णा पार्क में भी छापा मारा गया वहां पर भी नोटों का ढ़ेर मिलने के बाद पुलिस रातभर से नोट गिन रही भी कि बाद में बैंक से मशीन बुलाकर करीब 10 से अधिक बैगों में 300 गड्डीयां 15 करोड़ से अधिक के नोट गिने हैं।

## अमेरिका जाने वाले अधिकांश छात्र पूर्वी भारत से : मेलिंडा

**कोलकाता।** अमेरिकी वाणिज्य दूत मेलिंडा पावेक ने अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों के बारे में कहा कि 2024 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले ज्यादातर भारतीय छात्र पूर्वी राज्यों से हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में पढ़ने वाले हर चार में से एक विदेशी छात्र भारत से है। कोलकाता स्थित अमेरिकी दूतावास की ओर से जारी जारी जानकारी में पावेक ने कहा कि इस साल अमेरिका जाने वाले ज्यादातर भारतीय विद्यार्थी पूर्वोत्तर सहित पूर्वी भारत के राज्यों से हैं। पिछले साल दुनिया में शीर्ष चार छात्र वीजा प्रसंस्करण केंद्र भारत में ही थे।

**जी-7 शिखर सम्मेलन**

# मोदी ने मैक्रों, सुनक व जेलेंस्की से की वार्ता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ता है कि हम भारत-फ्रांस के मजबूत संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है।

**एक और कामयाबी** / **फ्लैग ऑफिसर ने भारत की समुद्री युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी**

# प्रशांत क्षेत्र में कोई किसी दूसरे देश को दबा न सके : राजनाथ

- *राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की भूमिका को सराहा*

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एनडीए सरकार में लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली यात्रा पर विशाखापट्टनम पहुंचे और पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया। भारतीय नौसेना की परिचालन समीक्षा करने के लिए वह 'समुद्र में एक दिन' के लिए आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ रक्षा मंत्री ने कमान के विभिन्न जहाजों, पनडुब्बी और विमानों को देखा। पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने रक्षा मंत्री को भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी। पूर्वी बेड़े के अधिकारियों और नौसैनिकों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पहली प्रतिक्रिया देने वाले देश के रूप में उभरने के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी दूसरे देश को दबा न सके या आर्थिक ताकत या सैन्य शक्ति के आधार पर उसकी सामरिक स्वायत्तता को खतरे में न डाले। रक्षा मंत्री ने देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना को श्रेय दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित कर रही है। भारत अपनी बढ़ती शक्ति के साथ इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि भारत के वाणिज्यिक हित हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और नौसेना व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके दूसरे कार्यकाल में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर में भारत की नौसैनिक शक्ति की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम दूसरे कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे।

## हमारी प्राथमिकता सीमाओं की सुरक्षा

चाहे हिमालय हो या हिंद महासागर, हमारी प्राथमिकता सीमाओं पर सुरक्षा को लगातार मजबूत करना होगी। राजनाथ सिंह के दौरे का समापन सनराइज फ्लीट के चालक दल के साथ पारंपरिक 'बड़ाखाना' के साथ हुआ। इससे पहले विशाखापट्टनम के आईएनएस डेगा में रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत 50 जवानों के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।

# एनआईए ने मानव तस्करी में एक को गिरफ्तार किया

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी मामले में महाराष्ट्र के नासिक में बड़े पैमाने पर छापेमारी के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। नासिक के सुदर्शन दराडे तीन सप्ताह से भी कम समय में इस मामले में गिरफ्तार होने वाले छठे व्यक्ति हैं। एनआईए ने इससे पहले 27 मई, 2024 को संबंधित राज्य पुलिस बलों के साथ संयुक्त अभियान में कई राज्यों में छापेमारी के बाद पांच अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया था। आज की छापेमारी में कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। इसमें दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, बैंक खातों का विवरण आदि शामिल हैं, जिनकी जांच एनआईए मानव तस्करी और जबरन साइबर धोखाधड़ी मामले के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए कर रही है। एनआईए ने

## सीबीआई ने तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने घूसखोरी आरोप में दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में नानपारा, बहराइच (उत्तर प्रदेश) के लेखा कार्यालय के डाक सहायक को गिरफ्तार किया है। दूसरे मामले में उत्तर रेलवे, लखनऊ स्थित आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक (सीडीएमएस) एवं आरपीएफ के एएसआई को गिरफ्तार किया है।